Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

सैफ महिला चैंपियनशिप : आशालता देवी ने रचा इतिहास



देश

अजय सिंह यादव का इस्तीफा कांग्रेस के लिए दोहरा झटका, अहीरवाल रेंज में बढ़ेगी चिंता

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, कृतिका विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 19 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 308 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹78,980 | ₹99,000 |



## आज का इतिहास

- 1950 : मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरी आफ़ चैरिटीज़ की स्थापना की। मदर टेरेसा रोमन कैथोलिक नन थीं जिनके पास भारतीय नागरिकता थी।
- 1970 : भारत में निर्मित पहला मिग-21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया। यह एक सुपर सोनिक लड़ाकू जेट विमान है जिसका निर्माण सोवियत संघ ने किया था।

## न्यूज बाइट्स

### बेनामी लेनदेन कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने 2022 का अपना फैसला लिया वापस

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को वर्ष 2022 के अपने उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 3(2) को असंवैधानिक घोषित किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि असंशोधित बेनामी लेनदेन अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिकता को मूल कार्यवाही में कभी नहीं उठाया गया या इस पर बहस नहीं की गई।

### मांझी ने की खादी उत्पाद खरीदने की अपील

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को सभी देशवासियों से खादी और स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। श्री मांझी ने यहां दिल्ली हाट में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

### मोदी आज कर्मयोगी सप्ताह का करेंगे शुभांरभ

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यहां डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में 'कर्मयोगी सप्ताह' - राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है।

### बिहार में चार विधानसभा सीटों पर नामांकन शुरू

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में गजट प्रकाशन के साथ ही 4 विधानसभा सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक 25 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा।

बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेगी केंद्रीय टीम

# 20 अक्टूबर को पटना पहुंचेगी 7 सदस्यीय टीम, केंद्र से 3638.51 करोड़ की मांग

- 22 अक्टूबर को पटना में एक अहम बैठक होगी, जिसमें राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री और अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

निज संवाददाता | पटना



बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम बिहार आ रही है। गृह विभाग के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम दो दिवसीय दौरे पर 20 अक्टूबर को पटना पहुंचेगी। केंद्रीय टीम 21 और 22 अक्टूबर को बाढ़ प्रभावित इलाकों को दौरा करेगी। फील्ड विजिट के बाद 22 अक्टूबर को पटना में अहम बैठक होगी। जिसमें बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। बिहार सरकार केंद्र को बाढ़ से हुए नुकसान का प्रपोजल भेज चुका है। मोदी सरकार से 3 हजार 638 करोड़ रुपए का डिमांड रखा है। डिमांड के बाद केंद्रीय टीम बिहार पहुंच रही है। आकलन के बाद राशि जारी की जाएगी। आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि बिहार सरकार ने केंद्र को अपनी डिमांड रखी है। बाढ़ के पानी से काफी नुकसान हुआ है। घर, फसल बर्बाद हुए हैं। अब तक प्रभावितों के बीच 605 करोड़ रुपए का वितरण हुआ है। सरकार ने यह राशि दो चरण में बांटी है। फसल क्षतिपूर्ति के लिए 491 करोड़ रुपए दी गई है। बाढ़ प्रभावितों को डीबीटी के जरिए यह राशि भेजी गई है।

### 2 चरण में भेजे गए रुपए

पहले चरण के डीबीटी में कोसी, गंडक और बागमती के बाढ़ से प्रभावितों को 225 करोड़ रुपए बांटी गई थी। सीएम नीतीश कुमार ने 4 अक्टूबर को यह राशि ट्रांसफर की। जिसमें 4 लाख 38 हजार 529 परिवारों के बीच 306.97 करोड़ रुपए बांटी गई थी। जबकि, गंगा नदी, गंडक और बागमती नदी में बाढ़ से प्रभावितों को दूसरे चरण में राशि दी गई थी। इस चरण में कुल 7 लाख 60 हजार 321 परिवारों को डीबीटी के जरिए राशि भेजी गई थी। कुल 532.22 करोड़ रुपए बांटी गई थी।

### 16.05 लाख की आबादी प्रभावित

बिहार में बाढ़ ने काफी तबाही मचाई थी। 18 जिलों के कुल 16.05 लाख की आबादी प्रभावित हुई थी। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक बाढ़ का कहर पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, गोपालगंज, सारण और खगड़िया में देखने को मिला था।

# राजस्व दस्तावेजों की समय से स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन है आवश्यक : डॉ. दिलीप

- विशेष रूप से जमाबंदी पंजी (रजिस्टर-2) की स्कैनिंग को प्राथमिकता दी जा रही है।

निज संवाददाता | पटना



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व दस्तावेजों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन का काम समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह विभाग की महात्वाकांक्षी योजना है, इसके लिए आवश्यक प्रयास होने चाहिए। शुक्रवार को विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्कैनिंग की रफ्तार बढ़ाने, पंजी-2 के खाली पन्नों को क्रॉस करने और जिन दस्तावेजों की स्कैनिंग हो चुकी है, उनकी गुणवत्ता की जांच करने का भी निर्देश दिया। विभागीय सचिव जय सिंह ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारियों को पंजी-2 के पन्नों को स्कैन करने और स्कैन पन्नों को सत्यापित करने का निर्देश दिया गया है। विभाग करीब तीन दर्जन प्रकार के राजस्व दस्तावेजों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन करा रहा है, ताकि उन्हें संरक्षित किया जा सके और मामूली शुल्क पर नागरिकों को उपलब्ध कराया जा सके। जिन अंचलों में पंजी-2 की स्कैनिंग अब तब नहीं हुई है, उसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जिन छूटे अंचलों में स्कैनिंग का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है, वहां की जमाबंदी पंजी को जिला अभिलेखागार में लाकर स्कैनिंग कराने का निर्देश दिया गया है।

मालूम हो कि बिहार में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। जमाबंदी पंजी की ऑनलाइन अनुपलब्धता के कारण रैयतों को काफी कठिनाई होती है। भू-अभिलेखों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन का काम राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। खासकर, जमाबंदी पंजी यानि रजिस्टर-2 की स्कैनिंग का काम प्राथमिकता पर पूरा किया जाना है। विभाग द्वारा अंचल कार्यालयों एवं जिला अभिलेखागारों में संधारित राजस्व अभिलेखों की स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन का काम कराया जा रहा है। हालांकि, पूर्व में जमाबंदी पंजी की स्कैनिंग का काम प्राथमिकता से कराने के निर्देश के बावजूद कई अंचल कार्यालयों में पंजी-2 की स्कैनिंग का काम पूरा नहीं हुआ है। विभाग जिनकी स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन काम हो गया है, उनकी गुणवत्ता की जांच भी करा रहा है। इसके लिए सभी समाहर्ता को निर्देश दिया गया है। इसमें भू-अभिलेख पोर्टल पर अपलोड डाटा, इमेज की गुणवत्ता जांच की जिम्मेदारी संबंधित अंचल कार्यालय, जिला अभिलेखागार, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, भू-अर्जन कार्यालय एवं अपर समाहर्ता कार्यालय को दी गई है।

### 36 प्रकार के अभिलेखों को हो रहा स्कैन

फिलहाल 36 प्रकार के राजस्व अभिलेखों को डिजिटाइज एवं स्कैन का काम चल रहा है। इनमें खतियान और पंजी-2 की प्रति शामिल है। इन्हें भू-अभिलेख पोर्टल से जाकर निशुल्क देखा जा सकता है और मामूली शुल्क देकर डाउनलोड किया जा सकता है। अनुमान के अनुसार बिहार में 28 से 30 करोड़ राजस्व दस्तावेज हैं, जिनमें आधा से अधिक को डिजिटाइज एवं स्कैन किया जा चुका है।

# सारण, सिवान और गोपालगंज में जहरीली शराब से 'हाहाकार', सीमावर्ती जिलों में बढ़ेगी चौकसी

### आज मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा शराबबंदी की करेंगे समीक्षा

निज संवाददाता | पटना



सारण, सिवान और गोपालगंज में जहरीली शराब से हुई मौत के बाद मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग नए सिरे से शराबबंदी का लीकेज ढूंढने में जुट गया है। राज्य में अवैध शराब या स्प्रिट के आने के रूट को तलाशा जा रहा है। इसके लिए सीमावर्ती जिलों के चेकपोस्ट पर चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, बिहार की सीमा से गुजरकर दूसरे राज्यों तक जाने वाले शराब लदे वाहनों की निगरानी भी और सख्त करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, दूसरे राज्यों से आने-जाने वाली शराब लदीं गाड़ियों के बिहार की सीमा पर पहुंचते ही उन्हें रोककर डिजिटल लॉक लगाने का प्रविधान है। इसके साथ ही जीपीएस से भी मॉनिटरिंग की जाती है। अब अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह जीपीएस के जरिए यह जांचें कि ऐसी गाड़ियां किन जगहों पर कितनी देर रुक रहीं हैं। डिजिटल लॉक लगीं ऐसी गाड़ियां अगर दस मिनट से अधिक एक जगह पर रुकेंगी तो उनके ड्राइवर से पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा, उनके रूट पर भी नजर रखी जा रही है। बिहार में वर्ष 2016 में शराबबंदी लागू की गई। इसके बाद से अभी तक जहरीली शराब से मौत के 28 कांड हो चुके हैं। सिवान, सारण और गोपालगंज के ताजा मामले को जोड़ दें तो अब तक जहरीली शराब से मरने वालों का आंकड़ा 300 पार कर चुका है। ध्यान देने वाली बात है कि शराब से मौत के सर्वाधिक मामले गोपलागंज, सारण, सिवान और मोतिहारी जैसे सीमावर्ती जिलों में देखने को मिले हैं। इसके अलावा वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, नालंदा, नवादा जैसे जिलों में भी जहरीली शराब से मौतें हुई हैं। विभाग के अनुसार, शराबबंदी के बाद जहरीली शराब से मौत का पहला बड़ा मामला 2016 में गोपालगंज के खजूरबन्नी में हुआ था जिसमें 19 की मौत हुई थी। वर्ष 2019 और 2020 में जहरीली शराब से एक भी मौत दर्ज नहीं की गई। आखिरी बार अप्रैल, 2023 में सिवान और पूर्वी चंपारण में जहीरीली शराब से 51 लोगों की मौत हुई थी। करीब डेढ़ साल बाद फिर जहरीली शराब ने मौत बांटी है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में शुक्रवाद को दिनभर गहमागहमी रही। अधिकारी शराबबंदी से जुड़े आंकड़े जुटाते और फाइल पलटते दिखे। शनिवार को मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा शराबबंदी की समीक्षा करेंगे।

# एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा

### भाजपा-68, आजसू 10, जदयू 2 और लोजपा 1 सीट पर लड़ेगी चुनाव

निज संवाददाता | रांची।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल-वामदल के इंडिया गठबंधन को मात देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, जनता दल यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ गठबंधन कर लिया है। एनडीए गठबंधन में सीटों का बंटवारा भी हो गया है। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इसकी जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी मौजूद थे। एनडीए गठबंधन ने तय किया है कि आजसू पार्टी 10 सीट पर चुनाव लड़ेगी। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2 सीट पर और चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 68 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को बाबूलाल मरांडी के साथ रांची के भाजपा कार्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में आजसू सुप्रीमो ने कहा कि हम दोनों पार्टियों का बहुत पुराना संबंध है। झारखंड की जनता हमलोगों को साथ देखना चाहती है। राज्य के विकास के लिए और जनता के हित में हमने गठबंधन करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि जब दोनों दल साथ में होते हैं, तो जनता के अनुकूल, उनकी भावनाओं के अनुरूप काम होता है। सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार के कुशासन से झारखंड का हर वर्ग प्रभावित है। इस सरकार से निजात चाहता है। हम यहां दलीय आधार पर बैठे हैं। दूसरी ओर गांव-देहात में जनता का समीकरण भी तैयार हो रहा है, धरातल पर। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के मुखिया ने जो कारनामे किए हैं, उसकी चर्चा देश-दुनिया में हो रही है। आजसू सुप्रीमो ने कहा कि एक पार्टी का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति निजी स्वार्थ में किस हद तक जा सकता है, इसका उदाहरण पूरे देश में इससे पहले नहीं देखा गया होगा।

# आईएएस संजीव हंस के ठिकानों पर ईडी की छापामारी

निज संवाददाता | पटना



भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और उर्जा विभाग के पूर्व सचिव संजीव हंस के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की दबिश कम होती नहीं दिख रही है। शुक्रवार को ईडी की एक टीम ने सुबह-सुबह ही आइएएस संजीव हंस के ठिकानों पर एक बार फिर छापा मारा है। संजीव हंस के पटना और दिल्ली के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई है। ईडी की यह कार्रवाई मनी लांड्रिंग एक्ट में की गई है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय की पहल पर बिहार की विशेष निगरानी इकाई ने संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। विशेष निगरानी की कार्रवाई के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने हंस पर नए सिरे से मनी लांड्रिंग का नया मामला दर्ज किया था। सूत्रों की माने तो इसी नई प्राथमिकी को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने आज की अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया है। छापामारी फिलहाल जारी है। यहां बता दें कि जुलाई महीने में प्रवर्तन निदेशालय की अलग-अलग टीमों ने संजीव हंस और गुलाब यादव के पटना, झंझारपुर समेत 21 स्थानों पर छापा मारा था। इसके बाद पंजाब, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता में भी इसी कड़ी में सर्च किया गया था। इस दौरान 13 किलो चांदी, दो किलो सोने के सिक्के 87 लाख नकद, लाखों रुपये मूल्य की विदेशी घड़ियां समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए थे।

# डिजिटल गवर्नेंस को जमीन पर उतारने को प्रतिबद्ध : मंत्री संतोष कुमार सुमन

- मंत्री ने विभिन्न उद्यमियों और निवेशकों के साथ आईटी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की।

निज संवाददाता | पटना



सूचना प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि डिजिटल गवर्नेंस को जमीनी स्तर तक लाने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के 1400 सरकारी कार्यालयों और 8000 ग्राम पंचायतों को उच्च गति इंटरनेट से जल्द जोड़ने की योजना है। मंत्री नई दिल्ली में चल रहे इंडियन मोबाइल कांग्रेस के दौरान विभिन्न राज्यों के आईटी मंत्रियों के राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ई-ऑफिस को लागू किया गया है। मंत्री ने अलग-अलग सत्र में विभिन्न उद्यमियों और निवेशकों के साथ बैठक कर उनके साथ बिहार के आईटी के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि दूरसंचार के क्षेत्र में बिहार ने काफी बेहतर प्रगति की है।

# 13 दिसंबर को होगी बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा 13 दिसंबर को होगी। इसको लेकर आयोग ने नोटिस जारी किया है। इससे यह परीक्षा 17 नवंबर को होनी थी। BPSC 70वीं कंबाइंड परीक्षा का विज्ञापन 22 सितंबर को ही जारी किया गया था। आयोग ने पहले 1957 पदों पर भर्ती निकाली थी, लेकिन बाद में इसमें 70 पद और जोड़े गए। अब 2027 पदों के लिए यह वैकेंसी है। बिहार लोक सेवा आयोग के इतिहास में संयुक्त सिविल सेवा में यह सबसे बड़ी वैकेंसी निकली है। आयोग की ओर से अब ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 4 नवंबर तक है। इससे पहले अभ्यर्थियों को 18 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका दिया गया था। आयोग ने कैंडिडेट को वन टाइम रजिस्ट्रेशन में सुधार का मौका भी दिया था, जिसके लिए अंतिम तारीख 19 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। आयोग ने कहा है कि वन टाइम रजिस्ट्रेशन में अंकित अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम और जन्म तिथि के कॉलम को छोड़कर निबंधन के अन्य सभी कॉलमों में सुधार कर सकेंगे। इसके लिए आयोग के वेबसाईट पर दिनांक 19.10.2024 से ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक अपडेट डिटेल्स की लिंक उपलब्ध रहेगा। बीपीएससी 70वीं में इस बार 8 से 10 लाख आवेदन आने की संभावना है। इससे पहले 400 से 800 पदों के लिए भर्ती निकलती थी। इसमें 4 लाख से अधिक आवेदन आए थे।

# बिहार में ग्रामीण सड़कों के रखरखाव के लिए नई तकनीक और नीति की शुरुआत

निज संवाददाता | पटना

ग्रामीण कार्य विभाग ने सूबे की सड़कों के रखरखाव और गुणवत्ता में सुधार के लिए एक नई तकनीक एवं नीति को लागू करने का निर्णय लिया है। यह पहल न केवल सड़कों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करेगी, बल्कि संसाधनों की कुशलता को भी बढ़ावा देगी। इस नई तकनीक का मुख्य उद्देश्य सड़कों की स्थिति में सुधार करना है, जिससे चालक कम समय में अधिक दूरी तय कर सकें। सड़कों की गुणवत्ता में सुधार से वाहन की गति आईआरसी (इंडियन रोड कांग्रेस) मानकों के अनुरूप बनी रहेगी, जिससे ईंधन की खपत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी एक नई दिशा मिलेगी। विशेष रूप से, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित तकनीक का उपयोग करके सड़कों की नियमित देखरेख से निर्माण सामग्री की खपत में कमी आएगी। इसके परिणामस्वरूप, नवीनीकरण लागत में प्रति वर्ष लगभग 800 करोड़ रुपये की बचत की संभावना है।

इस नई नीति के अंतर्गत, मुख्यालय में एक कंट्रोल कमांड सेंटर की स्थापना की जाएगी, जो फील्ड इंजीनियरों द्वारा किए गए निरीक्षणों की निगरानी करेगा। यह सेंटर मानवीय हस्तक्षेप को कम करते हुए निरीक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाएगा। सड़कों और पुलों का निरीक्षण जीआईएस (जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम) आधारित प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इस प्रणाली के तहत जूनियर इंजीनियर से लेकर मुख्य अभियंता तक सभी स्तरों के अधिकारियों की गतिविधियों को एक डैशबोर्ड पर देखा जा सकेगा, जिससे निरीक्षण की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

### सड़कों के अतिक्रमण का पता लगाने की क्षमता

यह तकनीक सड़कों पर अतिक्रमण का पता लगाने की भी क्षमता रखती है, साथ ही यह सुनिश्चित करेगी कि सड़कों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया है या नहीं। निर्धारित मानक 3.5 मीटर चौड़ाई के अनुसार हैं, जो सड़कों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक है।

सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और पोल्ट्री फार्मिंग को प्रोत्साहित करना है

# मुर्गी पालन योजना में मिलेगा तीन से 40 लाख रुपये तक का अनुदान

निज संवाददाता | पटना



बिहार मुर्गी पालन योजना के तहत राज्य सरकार मुर्गी फार्म खोलने के लिए तीन से 40 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता देती है। जिले में अबतक पोल्ट्री लेयर फार्म के लिए 12 और पोल्ट्री फार्म के लिए 71 आवेदन आए हैं। इस पर 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रविधान है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पोल्ट्री फार्मिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य शुरू की गई है। बिहार मुर्गी पालन योजना 2024 के तहत गांव के लोगों को मुर्गी पालन का काम शुरू करने में मदद मिलेगी। इससे ना सिर्फ लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि वह अपनी आमदनी भी बढ़ा सकेंगे। यह योजना दो प्रकार के फार्म के लिए उपलब्ध है। लेयर मुर्गी फार्म और बॉयलर मुर्गी फार्म। इच्छुक आवेदक बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य ना केवल राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना है बल्कि पोल्ट्री उद्योग को भी प्रोत्साहित करना है। इसके तहत मुर्गी पालन के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, ताकि पोल्ट्री फार्म स्थापित करके अंडा और मांस के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। पोल्ट्री फार्म खोलने से आवेदकों को ना सिर्फ सब्सिडी का फायदा मिलेगा बल्कि बैंक से कम ब्याज दर पर लोन भी प्राप्त किया जा सकता है। इससे बेरोजगार अपने फार्म की शुरुआत कर सकते हैं। इन कागजातों की होगी जरूरत इच्छुक आवेदक को भूमि का प्रमाण, लगान रसीद, एलपीसी लीज करारनामा नक्शा आदि लगेगा। इसके अलावा, वित्तीय प्रमाण बैंक पासबुक या एफडी जिसमें योजना की राशि भेजी जा सकेगी। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक के पास पोल्ट्री फार्म स्थापित करने के लिए जरूरी जमीन के अलावा पोल्ट्री फार्मिंग में ट्रेनिंग भी जरूरी होता है। खास यह है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में आप नेता सत्येंद्र जैन को जमानत

एजेंसी | नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा- अभी ट्रायल के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। कोर्ट ने सत्येंद्र को 50 हजार रुपए का निजी मुचलका भरने का भी आदेश दिया। ईडी ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। ईडी का आरोप था कि जैन ने इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया। इसके अलावा दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में किया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में सत्येंद्र से पूछताछ की गई थी।

# जिनका डाटा अपलोड नहीं, उनका वेतन बंद

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन लाने पर अडिग शिक्षा विभाग ने आगाह किया है कि विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के वैसे शिक्षक एवं कर्मचारियों का वेतन बंद होगा, जिनका डाटा शिक्षा विभाग के पे-रौल मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड नहीं होगा। यह व्यवस्था अक्टूबर के वेतन भुगतान से ही लागू होगी। शिक्षा विभाग में राज्य के 15 विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों, वित्तीय परामर्शियों और वित्त पदाधिकारियों की शुक्रवार को बुलायी गई बैठक में यह भी हिदायत दी गई कि हर हाल में वित्तीय नियमों और सरकार के दिशा-निर्देश का अनुपालन करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फोटो जर्नलिस्ट को मातृ शोक

**बोधगया।** बोधगया में रहने वाले एक दैनिक अखबार के फोटो जर्नलिस्ट श्रवण कुमार की मां 63 वर्षीय चम्पा देवी का निधन गुरुवार को अहले सुबह हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार निरंजना नदी के तट पर किया गया। सूचना पर स्थानीय पत्रकार शोक संवेदना जताने उनके घर पहुंचे।

### बाइक चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस से भिड़ा युवक, हिरासत में

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाने से महज 50 मीटर की दूरी पर यातायात पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक एसआई सरीखे पदाधिकारी से उलझ गया। गाली गलौज करना शुरू कर दिया। नतीजतन स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद यातायात एसआई शंभू प्रसाद सिंह के साथ रहे सुरक्षाबल युवक को पकड़ कर स्थानीय थाना के हवाले कर दिया। युवक की पहचान सलेमपुर निवासी अनिल पाण्डेय के पुत्र अमरकांत पाण्डेय के रूप में हुई। मामले की लिखित तहरीर दी गई है। बकौल तहरीर युवक अपने बाइक स्प्लेंडर हीरो प्लस से बैगर हेलमेट आ रहा था। बाइक रुकवाने पर युवक गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की करना शुरू कर दिया। कागजात मांगने पर देने से इनकार कर दिया। इस दौरान वाहन की निबंधन जांच करने पर बाइक पर लगी नम्बर प्लेट दूसरी पाई गई। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि युवक को हिरासत में लेकर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मानपुर में दिनदहाड़े स्कॉर्पियो छीनकर फरार हो गए बदमाश

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अपराधियों का पनाहगार बन गया है। अलग-अलग इलाकों के बदमाश इस थाना क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देकर सुगमता से फरार हो रहे हैं। ताजा मामला भूसंडा फतेहपुर मार्ग स्थित ग्रीनफील्ड के समीप स्कॉर्पियो छिनतई का है। घटना गुरुवार की शाम की है। पीड़ित मो. नासिर ने बताया कि उसका वाहन बी आर 01 पीबी 3811 चाकंद से फतेहपुर थाना के पहाड़पुर डुमरी परिवार को छोड़ने गया था। वापस लौटने के क्रम में बंधुआ गुमटी से कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप से तीन बाइक सवार सात युवक पीछा करना शुरू कर दिया। ग्रीन फील्ड चौराहे के समीप बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक कर स्कॉर्पियो को रुकवा दिया और चालाक मो. तनवीर को गाली गलौज करते हुए वाहन से नीचे उतार दिया और गाड़ी साइड करने के नाम पर लेकर बाईपास से गया शहर की दिशा में भाग निकला। बकौल स्कॉर्पियो चालक डायल 112 द्वारा बदमाशों का पीछा भी किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि रास्ते में वाहन चालक की किसी बाइक सवार से तू तू मैं मैं हुई है। जिसके बाद बदमाशों ने दुस्साहस का परिचय दिया। अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित द्वारा 8 बजे इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छीनी गई गाड़ी को सीता कुंड के पास से लावारिस हालत में बरामद कर लिया है।

### लामकानी मोड़ से 420 बोतल शराब बरामद

**मोहनपुर।** मोहनपुर पुलिस ने लामकानी मोड़ के पास बीती रात 420 बोतल विदेशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर झारखंड से शराब लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लामकानी मोड़ के पास छापेमारी की।

### दो गांवों में छापेमारी, 8 बिजली चोरों पर जुर्माना

**परवलपुर।** बिजली विभाग की टीम ने अवैध रूप से बिजली चोरी करते 8 लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों पर विभाग ने 2,03,391 रुपये का जुर्माना लगाया और थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। विभाग के कनीय अभियंता धर्मवीर कुमार ने बताया कि गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के जयशिव बिगहा और डुमरी गांव में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जयशिव बिगहा से 3 और डुमरी गांव से 5 लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। विभाग ने बिजली चोरी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर रहेगी पुख्ता व्यवस्था

**गया।** एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2024 का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर में हो रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चीन, द. कोरिया, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और मेजबान भारत की महिला टीम के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी हॉकी टीमें गया में ही रहेंगी। इनकी आरामदायक आवासन व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन गया सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। आवासन व्यवस्था होटल हयात पैलेस और द बुद्धा रिसॉर्ट में निर्धारित की गयी है। आयुक्त कार्यालय में गुरुवार को आयुक्त मगध प्रमंडल प्रेम सिंह मीणा और पुलिस महानिरीक्षक मगध रेंज क्षत्रनील सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई और कई दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस बैठक में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी आशीष भारती, सिटी एसपी प्रेरणा कुमार व जिला खेल पदाधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ने आवासन स्थलों के समीप पुलिस के वरीय पदाधिकारी व पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति का निर्देश एसएसपी को दिया। उन्होंने कहा कि कटोरवा तालाब व सक्सेना मोड़ इत्यादि आवासन होटल के प्रमुख रास्तों में रोशनी की मुकम्मल व्यवस्था रखी जाएगी। इसके लिए नगर परिषद बोधगया के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि साफ सफाई की और उत्तम व्यवस्था बोधगया में सुनिश्चित करवाया जाए। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलेगा अभियान उन्होंने कहा कि गया नगर निगम की सहायता से बोधगया के क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाएं व उन्हें पकड़कर सुरक्षित स्थान पर रखें। डीएम को निर्देश दिया गया कि आवासन स्थल वाले प्रमुख स्थानों पर बेरिकेटिंग की व्यवस्था रखें, जो भी वाहन प्रवेश करेंगे उनकी सघन जांच करवाएं। बोधगया नगर परिषद क्षेत्र तथा आवासन होटल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल है या नहीं इसकी 24 घंटे के अंदर जांच करते हुए खराब रहने की स्थिति में नए सीसीटीवी लगवाना सुनिश्चित करें। साथ ही सीसीटीवी की मॉनिटरिंग की भी पूरी व्यवस्था रखें।

### मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने रोका सड़क निर्माण

**नालंदा।** पटना के जगदंबा स्थान-राजगीर फोरलेन परियोजना में तेलमर गांव के किसानों ने भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में गुरुवार को सड़क निर्माण कार्य रोक दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में एकत्रित किसानों ने मुआवजा नहीं तो रोड नहीं का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। गांव के किसानों ने बताया कि तत्कालीन एडीएम की कथित गलत नीति के कारण सर्वेक्षित भूमि को असर्वेक्षित घोषित कर दिया गया, जिससे तेलमर सहित कई गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं। अन्य क्षेत्रों के किसानों को मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है। तेलमर मौजा के किसान अभी भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल और सीओ सोनू कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। यह मामला भूमि निदेशालय से संबंधित है। विभाग ने आठ दिनों के भीतर असर्वेक्षित भूमि को सर्वेक्षित में परिवर्तित करने और मुआवजे का भुगतान करने का आश्वासन दिया है। बता दें कि प्रभावित किसानों ने इस मुद्दे को लेकर पहले ही मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक से गुहार लगाई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का कहना है कि सड़क निर्माण की तेज गति को देखते हुए उन्हें डर है कि कहीं वे मुआवजे से वंचित न रह जाएं। अधिकारियों के आश्वासन के बाद फिलहाल निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है, लेकिन यदि आठ दिनों के भीतर समाधान नहीं निकला तो किसान फिर से आंदोलन की राह पर लौट सकते हैं

# ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर

निज संवाददाता। नालंदा



❐ राजगीर में एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप की तैयारी, शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सजाने की योजना

बिहार की धरती पर पहली बार होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर महिला हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी (महिला)-2024 का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर के राजकीय खेल अकादमी परिसर में किया जाएगा। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने इस आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में एशिया की छह प्रमुख टीमें - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड भाग लेंगी। शहर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सजाने की योजना बनाई गई है। प्रशासन ने शांति स्तूप, वनगंगा और ब्रह्म कुंड जैसे ऐतिहासिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। शहर की दीवारों पर बिहार पर्यटन, बौद्ध संस्कृति और हॉकी खेल से संबंधित चित्रकारी की जाएगी।

**निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई:** जिलाधिकारी शुभंकर ने कहा की यह आयोजन बिहार के लिए गौरव का क्षण है। हमने सभी आवश्यक सुविधाओं - यातायात, सुरक्षा, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर दर्शक दीर्घा तक की व्यवस्था सुनिश्चित की है। विशेष रूप से, पूरे राजगीर क्षेत्र में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने 5 नवंबर से सभी विभागों को पूर्ण रूप से सक्रिय रहने का निर्देश दिया है।

**सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा:** शहर के प्रमुख स्थानों जैसे अंबेडकर चौक, किला मैदान और बस स्टैंड पर डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पांडू पोखर और सरस्वती नदी के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। टूर्नामेंट के लाइव टेलीकास्ट की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्तर पर देखा जा सकेगा। प्रशासन का मानना है कि यह आयोजन न केवल बिहार के खेल जगत में एक नया अध्याय जोड़ेगा, बल्कि राज्य के पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। राजगीर की प्राचीन धरोहर और आधुनिक खेल सुविधाओं का यह संगम निश्चित रूप से अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में बिहार की एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# 5 दिन से लापता बुजुर्ग का नहर में मिला शव



निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा के हरनौत थाना क्षेत्र के दैली मोड़ के समीप एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला है। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने रोड किनारे स्थित नहर में एक शव देखा, जिसके बाद हरनौत थाना पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पहचान दैली गांव निवासी स्व. रामेश्वर सिंह के (85) वर्षीय पुत्र रामस्वरूप सिंह के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि वह 13 अक्टूबर को बिना किसी को सूचित किए घर से निकल गए थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया था।

**शौच के दौरान हादसे की आशंका:** हरनौत थाने के थानाध्यक्ष मोहम्मद अबू तालिब अंसारी ने बताया, "प्राथमिक जांच से प्रतीत होता है कि शौच के दौरान पानी भरे नहर में गिरने से उनकी मौत हुई है। शव काफी सड़ गल गया है। मृतक के भतीजे ने बताया कि उनके चाचा अक्सर हरनौत बाजार में रहने वाली अपनी बेटी के यहां आया-जाया करते थे। परिवार ने लापता होने के बाद व्यापक स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। शव परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# डायल 112 की पुलिस पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा की राजगीर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। टॉप-10 अपराधी बिमलेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। बिमलेश पर पुलिस की डायल 112 गाड़ी पर सवार जानलेवा फायरिंग करने और जमीन विवाद को लेकर हत्या का प्रयास करने का आरोप है। राजगीर DSP सुनील कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राजगीर के जत्तीभगवानपुर निवासी कृष्णा यादव का पुत्र बिमलेश कुमार, जो क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुका था। स्थानीय लोगों में उसका खौफ व्याप्त था। वह आसपास के निवासियों को लगातार धमकाता रहता था। 17 अक्टूबर को राजगीर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम ने घटना की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी की। आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। बिमलेश के खिलाफ पहले से भी कई संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें हथियार अधिनियम और बिहार नशाबंदी कानून के तहत मामले शामिल हैं।

**जानकारी देते डीएसपी:** पुलिस अभिलेखों के अनुसार, इस साल जनवरी में उस पर धारा 279, 307, 353, 504 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा अगस्त में भी उस पर बिहार नशाबंदी अधिनियम और हथियार कानून के तहत एक और मामला दर्ज हुआ। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रमन कुमार के नेतृत्व में अपर थाना प्रभारी रवि कुमार, अमित कुमार और सिपाही संटू कुमार शामिल थे।

# एक ही रूट पर तय संख्या में चलेंगे ऑटो, गया के हर इलाके के लिए मिलेगा रूट कार्ड, अगले महीने से होगा प्रभावी

निज संवाददाता। गया



शहर की सड़कों पर सरपट दौड़ने वाले ऑटो व ई रिक्शा के लिए परिवहन विभाग रूट निर्धारण करने का प्लान बनाया है। गया की सड़क पर हर एक रूट पर अब निश्चित संख्या में ऑटो चलेंगे। एक ऑटो किसी दूसरे रूट पर नहीं चल सकेगा। रूट निर्धारण गया आरटीओ की ओर से किया जाएगा। इस काम की जिम्मेदारी तीन अधिकारियों को दी गई है। मसलन एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें तीन अधिकारी और एक ऑटो एसोसिएशन के अध्यक्ष को शामिल किया गया है। उस कमेटी के अध्यक्ष मगध परिक्षेत्र के कमिश्नर होंगे। इनके अलावा डीएम और आरटीओ होंगे। यह कमेटी ऑटो एसोसिएशन रूट तय कर देंगे।

**कार्ड हर ऑटो पर चिपका होगा:** ऑटो एसोसिएशन वाले सभी अलग-अलग रूट पर तय संख्या के अनुसार ऑटो और ई रिक्शा की सूची आरटीओ से जुड़े दस्तावेज के साथ मुहैया कराएगा। इसके बाद आरटीओ उन सभी ऑटो जो भिन्न रूट पर चलेंगे, उन्हें रूट वाइज कार्ड देंगे। उस कार्ड पर रूट के बाबत जानकारी होगी। कार्ड हर ऑटो पर चिपका होगा। ऑटो वाले अपने अपने रूट पर चल रहे हैं या नहीं इस बात की निगरानी आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस के अलावा ऑटो एसोसिएशन वाले भी करेंगे। नियम तोड़ने वाले के खिलाफ जुर्माना के अलावा सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। इस काम को अगले एक महीने तक पूरा करने का आदेश दिया गया है। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या से बहुत हद तक निजात मिलेगी। वहीं, आरटीओ राजेश कुमार ने बताया कि रूट कार्ड के लिए आदेश आ चुका है। तैयारी चल रही है। शीघ्र ही बड़े अधिकारियों की इस मसले पर बैठक होनी है। बैठक के बाद इस आदेश को रूट के तहत प्रभावी बना दिया जाएगा।

# एसएसपी ने बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा, 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



♦ चोरी का बालू ले जा रहे थे धंधेबाज, बाइक से युवक कर रहा था लाइनर का काम

गया के कोतवाली थाना में एसएसपी ने बीती रात न केवल बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया बल्कि उसके दो धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया। अक्सर जिले के थाना क्षेत्र की पुलिस दिन में जब कभी बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ लेती है पर धंधेबाज या तो भाग जाते हैं या फिर पुलिस उन धंधेबाजों से पीट जाती है। बीती रात ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। बालू लदा ट्रैक्टर भी पकड़ा गया और धंधेबाज भी। दरअसल एसएसपी आशीष भारती बीती रात किसी केस के सिलसिले में बुनियाद गंज थाना क्षेत्र में गए हुए थे। देर रात वे लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में एक बाइक पर दो युवक उन्हें नजर आए, लेकिन युवक की नजर जैसे ही पुलिस की गाड़ी पर पड़ी वे बाइक मोड़कर भागने लगे। एसएसपी ने अपने लश्कर के साथ उसका पीछा किया। पीछा करने के दौरान एसएसपी ने देखा कि बाइक सवार युवक एक ट्रैक्टर चालक को भागने का इशारा कर रहे हैं। इस पर एसएसएपी की टीम ने ट्रैक्टर चालक व बाइक सवार दो लड़कों को पकड़ा। ट्रैक्टर पर बालू लदा था। बालू से जुड़े वैध कागज दिखाने की बात कही गई तो वे कागज नहीं दिखा सके। पकड़े गए युवकों ने बताया कि बालू चोरी का है।

**कोतवाली थाने में केस दर्ज:** बाइक सवार युवकों ने यह भी बताया कि वे रास्ते में रेकी कर रहे थे। ट्रैक्टर चालक के लिए लाइनर का काम कर रहे थे। इस पर ट्रैक्टर चालक और बाइक सवार दोनों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरविंद यादव, टूटू यादव व मुन्ना यादव के रूप में हुई है। सभी कंडी नवादा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सभी के खिलाफ कोतवाली थाना में केस दर्ज किया गया है।

# मथुरा में 2 महिलाएं और 2 बेटियों की मौत, पोल से टकराई पिकअप

निज संवाददाता। गया



मथुरा में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में 2 महिलाएं और दोनों की एक-एक बेटी की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं। पिकअप में 25 लोग सवार थे। सुबह मजदूरों को लेकर पिकअप ईंट भट्टा पर जा रही थी। यहां रोड किनारे लगे बिजली के पोल से पिकअप टकरा गई। हादसे में गाड़ी में करंट फैलने लगा। तभी आनन-फानन पिकअप सवार मजदूर कूदकर भागने लगे। इतने में ड्राइवर ने गाड़ी बैक कर लोगों को रौंद दिया। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। हादसा थाना कोसी कलां क्षेत्र में शेरगढ़ रोड पर हुआ।

**बिहार से बुलाए थे मजदूर:** ईंट भट्टा पर काम करने के लिए बिहार से मजदूर बुलाए गए थे। ये मजदूर बिहार के गया से ट्रेन के जरिए अलीगढ़ पहुंचे और फिर वहां से पिकअप में बैठकर मथुरा के कोसी क्षेत्र स्थित ईंट भट्टा पर जा रहे थे। हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

**मां और बेटी की जान गई:** हादसे में बिहार के गया जिला निवासी गौरी देवी (35) और इनकी बेटी कोमल, कुंती देवी (30) और इनकी बेटी प्रियंका (2) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, काजल, जीरा, माना, गंगा और सत्येंद्र घायल हो गए।

# गया में इलेक्शन को लेकर तैयारी तेज

निज संवाददाता। गया



गया के दो विधानसभा बेलागंज और इमामगंज में उपचुनाव की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी पूरी तरह से हरकत में आ गए हैं। 18 अक्टूबर से होने वाले प्रत्याशियों के नॉमिनेशन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। नॉमिनेशन 18 से लेकर 25 अक्टूबर तक चलेगा। डीएम ने नामांकन को लेकर विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उप विकास आयुक्त कार्यालय के निकट SBI मेन ब्रांच के बाहर पहुंच कर एकल मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पड़ाव, नो एंट्री, ड्राप गेट, बैरिकेडिंग की SDM और अपर पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली। डीएम ने अधिकारियों को कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का सख्ती से पालन करवाएं। प्रत्याशी सहित मात्र पांच व्यक्ति ही निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में अपना नामांकन पत्र समर्पित करने आ सकेंगे। किसी भी प्रत्याशी के अधिकतम 3 वाहन ही 100 मीटर के परिधि में आएंगे। नामांकन में भाग लेने के समय कोई भी जुलूस, रैली, सभा या रोड शो करने के लिए एसडीएम से अनुमति प्राप्त करना होगा। नामांकन जिला विकास अभिकरण कार्यालय (DRDA) में होगा।

# नालंदा विवि में आज से राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नालंदा।** नालंदा विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी प्रसिद्ध इतिहासकार और गांधीवादी विचारक धर्मपाल के भारतीय संस्कृति, दर्शन और इतिहास पर योगदान को समर्पित है। नालंदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज, फिलॉसफी एंड कम्पेरेटिव रिलीजंस की ओर से भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य धर्मपाल के विचारों को नए सिरे से समझना और उनकी प्रासंगिकता को आज के समय में रेखांकित करना है। उद्घाटन समारोह में वैदिक और बौद्ध प्रार्थनाओं के साथ दीप प्रज्वलन किया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध इतिहासकार और गांधी अनुसंधान फाउंडेशन की डीन, प्रो. गीता धर्मपाल उद्घाटन भाषण में भारत के अतीत की पुनः प्राप्ति और भविष्य का निर्माण विषय पर धर्मपाल की दृष्टि पर प्रकाश डालेंगे। संगोष्ठी का समापन 20 अक्टूबर को एक समापन सत्र के साथ होगा। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति प्रो. अभय कुमार सिंह करेंगे।

**सेमिनार में विभिन्न शैक्षणिक सत्र होंगे:** तीन दिनों तक चलने वाले इस सेमिनार में विभिन्न शैक्षणिक सत्र होंगे, जिनमें धर्मपाल के भारतीय संस्कृति, शिक्षा और शासन पर विचारों पर चर्चा की जाएगी। देशभर के कई जाने माने इतिहासकार और विद्वान इन विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे और साथ ही, औपनिवेशिक काल से पहले की भारतीय शिक्षा और स्वशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।धर्मपाल एक प्रसिद्ध इतिहासकार, गांधीवादी विचारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने भारतीय इतिहास और संस्कृति पर गहराई से अध्ययन किया और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। उन्होंने भारतीय इतिहास के पुनर्लेखन पर जोर दिया और औपनिवेशिक इतिहासकारों की ओर से भारतीय इतिहास को विकृत करने की कोशिशों का विरोध किया।

पूर्व मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/09/24–25
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्त्तों को पूरा करते हों, उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।
**निविदा संख्या : ईएलजी/जीएस/दानापुर/खुली/09/24–25, क्र.सं. :** 1, **कार्य का नाम :** डुमराँव यार्ड रिमॉडलिंग 1. नए डाउन कॉमन लूप (750 मीटर) का निर्माण। 2. डुमराँव गुड्स शेड में एक और पूर्ण लंबाई (750 मीटर) माल लाइन। 3. गुड्स शेड में डीडी सुविधा। 4. सभी रनिंग लाइन को 750 मीटर तक परिवर्तित करने से संबंधित कार्य।, **क्र.सं. :** 2, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,24,63,407.60, **क्र.सं. :** 3, **अग्रधन राशि :** ₹ 2,62,300, **क्र.सं. :** 4, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 07.11.2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है।, **क्र.सं. :** 5, **उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** क्रिस वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/गति शक्ति का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।
**नोट :** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो, तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/गति शक्ति),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/01336/डीएनआरजीएस/इजीइएन/टी/24–25/44

## संक्षिप्त समाचार

### 1सर्द-गर्म के कारण बढ़ी मरीजों की संख्या, डॉक्टर ने दी गर्म कपड़े पहनने की सलाह

**पटना, एजेंसी।** अक्टूबर के महीने में जिले में रात का तापमान लगातार गिर रहा है। ऐसे में लोग भी अधिक बीमार हो रहे हैं। बदलते मौसम की वजह से लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार आदि की समस्या हो रही है। बीते दो तीन दिनों से मौसमी बीमारी की वजह से करीब तीन सौ से चार सौ मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी गई है। बता दें, इस प्रकार की मौसमी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को दवा के साथ एंटीबायोटिक भी दी जा रही है। वहीं सदर अस्पताल के अधीक्षक बीएस झा ने बताया कि मौसम में बदलाव की वजह से इतनी अधिक संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। सदर अस्पताल के अधीक्षक के अनुसार, पहले मरीजों की संख्या दो सौ से 250 थी, अब यह बढ़ कर तीन सौ से चार सौ हो गई है। अस्पतालों में 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा भी चालू है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। इसको लेकर सदर अस्पतल में पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध करा दिए गए हैं। अगर किसी भी तरह की मौसमी बीमारी जैसे सर्दी–खांसी, बुखार या दम फूलने की समस्या आती है तो इसके लिए अस्पताल में इलाज उपलब्ध है और दवा भी पर्याप्त मात्रा में है। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग करें। इस मौसम में फ्रिज का सामान या ठंडा चिज खाने से बचें। शाम और सुबह से समय में गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दें।

### प्रेमिका से कोर्ट मैरिज करने पहुंचे प्रेमी को बड़े भाई ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**पटना, एजेंसी।** जिले के कोर्ट में एक अलग ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जहां अपनी प्रेमिका के साथ कोर्ट मैरिज करने जा रहे एक प्रेमी को उसके ही बड़े भाई ने कोर्ट परिसर में दौड़ा दौड़ा कर मारा। साथ ही बड़े भाई के दोस्तों ने भी प्रेमी की पीटाई की। दरअसल, छोटा भाई अपनी प्रेमिका से शादी करने की जिद पर अड़ा था। जबकि बड़े भाई को यह फैसला मंजूर नहीं था। इसकी वजह से ही वह अपने छोटे भाई को शादी से रोक रहा था। जानकारी के अनुसार, ब्रहमपुरा के रहने वाले मोहम्मद रईस जिले के मालीघाट की लड़की शबनम परवीन से बीते 5 सालों से प्रेम करता है। दोनों एक दूसरे से शादी के लिए तैयार थे। लेकिन, लड़की के परिजन इस शादी के लिए राजी नहीं थे। वहीं लड़के के घरवाले भी इस शादी के खिलाफ थे। बीते बुधवार को लड़का अपने घर से प्रेमिका से शादी करने निकला और लड़की को लेकर सीधा कोर्ट पहुंच गया। कोर्ट परिसर में लड़के का बड़ा भाई भी पहुंच गया। उसने छोटे भाई से शादी न करने को कहा। दोनों भाईयों में इसको लेकर जमकर कहा सुनी हुई। इसी दौरान बड़े भाई ने छोटे को एक थप्पड़ जड़ दिया। जब लड़के ने इसका विरोध किया तो बड़े भाई को दोस्तों ने उसे कोर्ट परिसर में ही दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। इसके बाद भी छोटा भाई नहीं माना और उसने लड़की से कोर्ट मैरिज कर ली।

### आईएएस संजीव हंस के पटना और दिल्ली के ठिकानों पर ईडी की रेड, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हो रही कार्रवाई

**पटना, एजेंसी।** संजीव हंस के पटना और दिल्ली के ठिकानों पर श्वष्ठ ने रेड की है. बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ये कार्रवाई की जा रही है. इसके पहले भी श्वष्ठ ने उनसे जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर रेड की थी. इस बार संजीव और उनके परिवार के लोगों पर छापेमारी चल रही है. पटना के 2 और दिल्ली के 3 ठिकानों पर ये रेड चल रही है.कुछ दिन पहले ही श्वष्ठ ने संजीव हंस के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एक नया मामला दर्ज किया था. जांच के दौरान उनकी पत्नी और रिश्तेदारों के खिलाफ भी कई सबूत मिले थे. इसी मामले में आज सुबह से श्वष्ठ की कार्रवाई जारी है.इससे पहले आईएएस अधिकारी और राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव के करीबियों के ठिकानों से ईडी ने 90 लाख कैश और 13 किलो चांदी की सिल्ली जब्त किया था. इनके ठिकानों से कई बेनामी संपत्ति के दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक्स साक्ष्य मिले थे.ईडी ने संजीव और गुलाब के करीबियों के दिल्ली, कोलकाता और मुंबई स्थित चार ठिकानों पर बुधवार को सर्च ऑपरेशन चलाया था. दो माह पहले ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजीव व गुलाब के पटना, पुणे, पंजाब, दिल्ली, नोएडा समेत देश के दर्जनभर ठिकानों पर छापेमारी की गई थी.

# भागलपुर में गिरिराज सिंह ने बनाया भगवा माहौल, मंत्रोच्चारण-शंखनाद के बीच निकली हिंदू



**भागलपुर, एजेंसी।** भारत सरकार के मंत्री सह भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत की. गिरिराज सिंह गुरुवार की शाम को ही भागलपुर पहुंच गए थे. शुक्रवार को तय कार्यक्रम के तहत भागलपुर से उन्होंने अपनी इस यात्रा की शुरुआत की. गिरिराज सिंह के साथ उनके सैंकड़ो समर्थन पहले शहर में स्थित बूढानाथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की. मंत्रोच्चारण से मंदिर परिसर गूंजायमान रहा. वहीं मंदिर में पूजा अर्चना के बाद केंद्रीय मंत्री जिला स्कूल मैदान पहुंचे. जहां से हिंदू स्वाभिमान यात्रा रवाना हुई और शहर का भ्रमण किया गया.

गिरिराज सिंह मंदिर ने हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू करने से पहले भागलपुर के प्रसिद्ध बूढानाथ मंदिर में पूजा की और भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया. पूजा अर्चना करने के बाद गिरिराज सिंह जिला स्कूल मैदान पहुंचे. स्वामी दीपांकर महाराज भी उनके साथ रहे. इस यात्रा में बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं. बूढानाथ मंदिर से कलश भरकर ये महिलाएं जिला स्कूल मैदान पहुंचीं. जिला स्कूल मैदान में कार्यक्रम के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी. इस यात्रा में आम लोगों के अलावे भाजपा के भी कई नेता शामिल हुए हैं.भागलपुर के जिला स्कूल के प्रांगण से हिंदू स्वाभिमान यात्रा को रवाना किया गया. गिरिराज सिंह अपने समर्थकों के साथ शहर में भ्रमण पर निकले. इस यात्रा के लिए शहर में पुलिस प्रशासन ने विशेष भी की थी. जाम की समस्या सामने नहीं आए, इसे लेकर भी विशेष तैयारी की गयी. वहीं गिरिराज सिंह की इस यात्रा को लेकर चप्पे-चप्पे पर निगरानी दिखी. किसी तरह का माहौल नहीं बिगड़े, इसे लेकर भी पुलिसकर्मी चौकस दिखे.

गौरतलब है कि गिरिराज सिंह की इस यात्रा को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है. विपक्ष ने इस यात्रा को गलत करार देते हुए गिरिराज सिंह समेत पूरे भाजपा को घेरा. माकपा ने इस यात्रा पर रोक लगाने की मांग की थी. भागलपुर में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश का आरोप लगाया था. जबकि गिरिराज सिंह ने इस यात्रा को गैरराजनीतिक बताते हुए कहा कि हिंदुओं की आबादी कई इलाकों में तेजी से घटी है. अस्तित्व बचाने के लिए ये यात्रा निकाली गयी है. बता दें कि गिरिराज सिंह भागलपुर से कटिहार, पूर्णिया होते हुए किशनगंज तक यात्रा करेंगे.

## गिरिराज सिंह ने अंबेडकर का जिक्र करके नेहरू को घेरा, भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा शुरू करने की बताए कारण

**भागलपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री व भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को भागलपुर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत की. भागलपुर के प्रसिद्ध बूढानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद गिरिराज सिंह अपने समर्थकों के साथ जिला स्कूल प्रांगण पहुंचे जहां उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया. उन्होंने इस कार्यक्रम के जरिए हुंकार भरी और हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकालने का उद्देश्य बताया. गिरिराज सिंह ने अलग-अलग राज्यों में हुई हत्याओं का जिक्र किया. भागलपुर में 1989 में हुए दंगे का भी इशारे ही इशारे में उन्होंने जिक्र किया और अपनी यात्रा भागलपुर से ही शुरू करने की वजह बतायी.




गिरिराज सिंह ने अपनी इस यात्रा का उद्देश्य बताया. उन्होंने कहा कि मीडिया मुझसे सवाल करती है कि आपने भागलपुर को ही इस यात्रा को शुरू करने के लिए क्यों चूना? बता दूं कि भागलपुर एतिहासिक जगह और योद्धाओं का जगह है. जब भी किसी ने ललकारा तो भागलपुर ने मुंह तोड़ इसका जवाब दिया है. गिरिराज सिंह ने कहा कि मुझसे पूछते हैं कि आपने सीमांचल को क्यों चूना? तो बता दें कि अगर बाबा साहेब की बात मान ली गयी होती तो आज ये सवाल मुझसे नहीं होता.

गिरिराज सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने तब कहा था कि सारे मुसलमानों को पाकिस्तान भेज दो और पाकिस्तान से सारे हिंदू भारत आ जाएं. लेकिन तब नेहरू ने बाबा साहेब की बात नहीं मानी थी. नेहरू को वोट चाहिए था. बाबा साहेब ने तब कहा था कि मेरी बात नहीं मानोगे तो याद रखना भारत में कभी सामाजि समरसता नहीं बना रहेगा, जो आज मैं देख रहा हूं. गिरिराज सिंह ने लखनऊ में कमलेश तिवारी, राजस्थान में कन्हैया हत्याकांड आदि का जिक्र किया. बहराइच हिंसा का भी गिरिराज सिंह ने जिक्र किया और कहा कि उसके बाद मुझसे पूछते हैं कि इस यात्रा की जरूरत क्यों पड़ी.

## जहरीली शराब से मौत पर बोले विजय सिन्हा, आरजेडी से है शराब माफियाओं का कनेक्शन



**पटना, एजेंसी।** बिहार में जहरीली शराब से मौत को लेकर विपक्ष लगातार राज्य सरकार पर निशाना साध रहा है. वहीं इस मामले में अब बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा है कि इस घटना के पीछे आरजेडी का हाथ है.

विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर तेजस्वी में हिम्मत है तो वह कहे कि शराबी और शराब माफिया को टिकट नहीं देंगे. डिप्टी ष्टरूने आगे कहा कि जितने भी शराब माफिया हैं, उनका कनेक्शन कहीं न कहीं राष्ट्रीय जनता दल से है. शराब का कारोबार करने वाले आरजेडी से उम्मीदवार बनते हैं और बाहर से ढोल बजाते हैं.

उन्होंने आगे कहा कि तेजस्वी यादव दोहरा चरित्र और दोहरी भाषा बोलना बंद करें. सभी की सहमति से बिहार में शराबबंदी की गई थी, लेकिन जहां घटना घटी है उस जिले में पहले भी घटना घट चुकी है. इस बार बहुत दिनों के बाद फिर से जहरीली शराब से मौत हुई है. संज्ञान लिया गया है, जांच की जा रही है.

डिप्टी ष्टरूसे जब मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि आप विपक्ष में थे तब आप शराबबंदी को फ्लॉप बता रहे थे ? इसपर उन्होंने कहा कि शराबबंदी सभी की सहमति से हुई थी, लेकिन उस समय आरजेडी का कनेक्शन जुड़ा हुआ था. आज भी हम कह रहे हैं कि इस घटना के पीछे आरजेडी का हाथ है.

## दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल एन्क्लेव में बहुत कुछ होगा खास, नरेंद्र मोदी 20 को करेंगे शिलान्यास



**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्टूबर को दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास करेंगे. लंबे इंतजार के बाद शिलान्यास की तारीख तय होने से लोगों में खुशी की लहर है. पीएम मोदी दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल एन्केव का दिल्ली से ऑन लाइन शिलान्यास करेंगे. अब लोग बेसब्री से इस नए सिविल एन्क्लेव के तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं. यह सिविल एन्क्लेव बन जाने से विमानों के परिचालन में इजाफा होने की उम्मीद की जा रही है. अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल टर्मिनल के निर्माण का ठेका दिया गया है. नये टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य दो साल के अंदर पूरा कर लिया जाएगा.

दरभंगा एयरपोर्ट का स्थायी सिविल टर्मिनल 54 एकड़ में बनेगा जो एनएच-27 सेजुड़ा रहेगा. इससे यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचने में ट्रैफिक जाम से नहीं जूझना होगा. विस्तारित एप्रन में एक साथ 14 विमानों की पार्किंग की सुविधा होगी. 24 एकड़ जमीन पर रनवे का विस्तार किया जाएगा, जिससे रात में और कुहासे के समय विमानों की आवाजाही सुलभ हो पायेगी. रनवे पर आईएलएस सिस्टम लगाने का काम भी जारी है. दरभंगा एयरपोर्ट के नए सिविल एन्क्लेव के निर्माण से यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी.

विश्वस्तरीय नए टर्मिनल भवन को लेकर पिछले दिनों राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा था कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा मिलेगा और यहां से विदेशों के लिए भी हवाई सेवा शीघ्र शुरू की जायेगी. उन्होंने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट पर रनवे का विस्तार करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करना रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण होगा. यह एयरपोर्ट बिहार के 21 जिलों के करोड़ों यात्रियों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है.

यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से ज्यादा दूर नहीं है. ऐसे में इसे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने से पूरे उत्तर बिहार के लोगों के लिए विदेश आवागमन सुविधाजनक होगा, अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और बिजनेस ट्रेवलर्स की संख्या बढ़ेगी. इससे क्षेत्र में व्यापार और निवेश बढ़ाने के राज्य सरकार के प्रयासों को बल मिलेगा. साथ ही, अपनी समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के कारण मिथिला अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है.

## आंगनबाड़ी सहायिका हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मोतीहारी, एजेंसी।** बीते चार अक्टूबर को मोतिहारी में आंगनबाड़ी सहायिका सीमा देवी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अब बड़ा खुलासा किया है। साथ ही मामले के मास्टरमाइंड, शूटर और षड्यंत्रकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्या का कारण जमीन के पैसे का विवाद था।

मामले को लेकर अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि सीमा देवी का ससुराल सारण जिले के मशौढ़ा में था, जहां उसे 6 कट्ठा 12 धुर जमीन मिली थी। सीमा ने यह जमीन विकास नाम के युवक के हाथ बेची थी। विकास ने जमीन रजिस्ट्री के समय सिर्फ दो लाख रुपए दिए थे। बाकि बचे पैसे बाद में देने का वादा किया था। इसी बीच जोखू नामक व्यक्ति जो विकास का करीबी था, उसने सीमा से दो लाख रुपए उधार के रूप में ले लिए। इसके बाद दोनों ने मिलकर सीमा की हत्या की योजना बनाई। इस काम के लिए उनलोगों ने दो शूटरों को भी हायर किया। बीते चार अक्टूबर को सुबह में दोनों शूटर सीमा के घर में घुसे और सोते समय उसे गोली मार दी। हत्या के बाद दोनों शूटर मौके से फरार हो गए। दिन में ग्रामिणों ने हत्या की जानकारी पुलिस को दी।



घटना के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया और मामले की जांच शुरू की। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा भी मिला। जांच में पुलिस को पता चला कि मृतका ने जमीन बेची थी, लेकिन उसका पूरा भुगतान नहीं हुआ था। जब इस मामले में विकास से पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तब उसने जोखू का नाम लिया। हत्या के बाद से ही विकास और जोखू का मोबाइल नंबर बंद था, जिसकी वजह से उनपर पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। मामले में शूटर अब भी पुलिस के हाथों से बाहर है। इसकी तलाश जारी है।

## बिहार में नौकरियों की बाढ़, 15000 पदों पर वैकेंसी

**पटना, एजेंसी।** अगर आप बिहार से हैं और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं तो बता दें कि आपके लिए बिहार सरकार की ओर से एक खास सौगात है. बिहार सरकार के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने ये जानकारी दी है कि बहुत जल्द पंचायती राज विभाग में 15000 से ज्यादा पद भरे जाएंगे. बता दें, कि ये जानकारी उन्होंने एक प्रेस वार्ता के दौरान दी थी.

बिहार सरकार की इस भर्ती में नियुक्ति का कार्य बीपीएससी को दिया जाएगा, उम्मीद लगाई जा रही है कि 2025 तक इन 15000 पदों पर भर्ती कर ली जाएगी, क्योंकि बिहार सरकार ने ये दावा किया है कि आगामी चुनाव से पहले ये भर्ती होगी. बता दें, कि इस भर्ती के अंतर्गत पदाधिकारी, क्लर्क और तकनीकी सहायक जैसे विभिन्न लेवल के पद भरे जाएंगे. इसमें से पदाधिकारी की नियुक्ति बीपीएससी द्वारा की जाएगी और अन्य पदों की नियुक्ति का जिम्मा राज्य कर्मचारी आयोग का होगा, और टेक्नीशियन असिस्टेंट के पदों की नियुक्ति एजेंसी द्वारा होगी. बता दें, कि बिहार सरकार ने ये टारगेट तय किया है कि बिहार में आने वाले विधानसभा चुनावों के पहले 3 लाख सरकारी नौकरियों की नियुक्ति पूरी करनी है.

इस नियुक्ति में शिक्षा, पुलिस, और स्वास्थ्य जैसे कई विभाग शामिल होंगे, जिसमें ये जानकारी आ रही है कि शिक्षा विभाग में 1.5 लाख से ज्यादा भर्तियां होंगी. इन भर्तियों को लेकर अभी कोई भी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन जल्द ही सरकार इन नौकरियों के बारे में घोषणाएं करेगी.

## पूर्णिया में पति की मौत के बाद दो पत्नी आमने-सामने, पहली पत्नी ने सौतन पर हत्या का लगाया आरोप

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार के पूर्णिया में एक व्यक्ति ने दो शादी की थी और उसकी मौत संदिग्ध हालत में हो गयी. उसकी मौत के बाद अब दोनों पत्नी आमने-सामने हो गयी हैं. पहली पत्नी ने दूसरी पत्नी पर अपने पति की हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस ने शव को जब्त करके पोस्टमॉर्टम कराया. एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच सैंपल साथ लेकर गयी. मौत की हकीकत पर से पर्दा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही हटेगा. वहीं पुलिस ने मृतक के पहली पत्नी को हिरासत में लिया और पूछताछ की.

कृत्यानंदनगर थानाक्षेत्र के बिठनौली पूरब पंचायत वार्ड संख्या तीन भोकराहा बनियांपट्टी गांव में एक शख्स की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी. मृतक की पहचान बिठनौली पश्चिम पंचायत वार्ड



संख्या चार निवासी स्व भागवत राय के पुत्र प्रदीप राय के रूप में की गयी. प्रदीप राय की पहली पत्नी का आरोप है कि उसके पति की हत्या दूसरी पत्नी ने करवा दी. जबकि मृतक की दूसरी पत्नी का दावा है कि उसके पति ने आत्महत्या कर ली. मृतक की पहली पत्नी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है.

मिली जानकारी के अनुसार, प्रदीप राय अपनी पहली पत्नी के रहते ही रूपौली थानाक्षेत्र के बहादुरा गांव में तीन पुत्री एवं एक पुत्र की मां तलाकशुदा महिला से प्रेम प्रसंग में फंसा और फिर उससे शादी कर ली. वह दूसरी पत्नी के साथ ही उक्त घर में रह रहा था जहां अमरूद के पेड़ के पास उसकी लाश मिली. जब पहली पत्नी को इस बात की भनक लगी तो वह घटनास्थल पर पहुंची. उसके पति का शव घर के बरामदे पर रखा था. उसने फौरन पुलिस को इसकी सूचना दी.

मृतक की बहनों ने प्रदीप राय की हत्या का आरोप उसकी दूसरी पत्नी और साला व साढ़ू पर लगाया है. कहा कि उसके भाई की इन लोगों से कुछ कहासुनी हुई. जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी. गले में रस्सी का फंदा डाल कर हत्या करने की आशंका व्यक्त की गयी है.प्रदीप राय के गर्दन पर जख्म का भी दावा किया गया. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेजा. इससे पूर्व परिजनों की आशंका पर एफएसएल की टीम से शव तथा घटनास्थल के आसपास की जांच करायी गयी है.

## औरंगाबाद में बड़ा सड़क हादसा, दो बसों के बीच टक्कर, डंपर ने दो महिलाओं को कुचला

**औरंगाबाद, एजेंसी।** दाउदनगर में दो बस और एक डंपर की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गयी है. इस हादसे में कई यात्रियों के घायल होने की सूचना है. औरंगाबाद से मिल रही जानकारी के अनुसार दाउदनगर में दो बस और एक डंपर के बीच हुई टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई है. यह हादसा दाउदनगर ङ्कगया रोड पर पुरानी तेल टंकी के पास हुआ है. बताया जाता है कि बस एक दाउदनगर और दूसरी बस गया की ओर जा रही थी. इस बीच अचानक दोनों बसों की टक्कर हो गई. एक बस में आगे की सीट पर बैठी दो महिलाएं झटके से रोड पर आ गिरी. इसी क्रम में उन्हें डांफर ने रौंद दिया. घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई. इस घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 23 तक भरा जाएगा एमसीए का परीक्षा फॉर्म

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने एमसीए सेमेस्टर थ्री, सत्र 2022-25 और सेमेस्टर फाइव, सत्र 2017-23 का ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि घोषित कर दिया है। परीक्षा विभाग की माने तो 23 अक्टूबर तक परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनवारुल हक अंसारी ने बताया कि वोकेशनल पाठ्यक्रम को भी पटरी पर लाने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। इस दिशा में गुरुवार से परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई। 23 अक्टूबर तक परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। इसके अलावा सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ 24 व 25 अक्टूबर तक परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। इसकी परीक्षा जल्द ली जाएगी। परीक्षा का कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगा।

### नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों पर 36,000 जुर्माना

**कोईलवर।** गुरुवार को गीधा थाने की पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़ी अठारह गाड़ियों से 36,000 का चालान काटा है। बता दे की गीधा इंडस्ट्रियल एरिया में ओवर ब्रिज के आसपास व कायमनगर सब्जी मंडी के पास बक्सर-पटना फोर लेन पर नो पार्किंग जोन में बड़े-बड़े गैस टैंकर व ट्रक अक्सर खड़े रहते हैं। इससे सड़क संकीर्ण होकर छोटी हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटना होते रहने की संभावना बनी रहती है। गुरुवार को इसे लेकर गीधा थाने की पुलिस ने अभियान चलाकर अठारह नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों से 36,000 का चालान काटा। गीधा पुलिस की इस कार्रवाई से नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के चालकों के बीच हड़कंप की स्थिति है।

### मारपीट के मामले में 2 लोग गिरफ्तार

**शाहपुर।** स्थानीय शाहपुर थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने बताया कि थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के रहने वाले राकेश यादव और कमछेया यादव उर्फ छठु यादव को पूर्व के मारपीट मामले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव से 15 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। हालांकि आरोपी रामकेवट पासवान भागने में सफल रहा, लेकिन जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर करनामेपुर थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में गुरुवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से शराब पीने के आरोप में नरेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। वह थाना क्षेत्र के महुआर गांव का रहने वाला है। पकड़े गए व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं।

### महायज्ञ में 2400 दीपों के साथ नवयुग का स्वागत

**आरा।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में चार दिवसीय श्री सूर्य भगवान प्राण प्रतिष्ठात्मक गायत्री महायज्ञ में गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। आचार्य नरेंद्र विद्यार्थी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गायत्री महायज्ञ में पूजा अर्चना कराते हुए श्री सूर्य नारायण जी की प्राण प्रतिष्ठा कराई। महायज्ञ, संगीत व प्रवचन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। 2400 दीप जलाकर नवयुग का स्वागत किया गया। शुक्रवार को गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### चोरी के बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चमोथा गांव से एसआई इन्द्रदेव राय ने गुरुवार को चोरी के बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया।बताया जाता है कि बीते 17 अक्टूबर को एक अपाचे बाइक की चोरी को लेकर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।चोरी हुए बाइक की खोजबीन में पुलिस पदाधिकारी जुटे हुए थे।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।अनुसंधानकर्ता चोरी के बाइक की बरामदगी को लेकर प्रयासरत थे।इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में चोरी के बाइक को चमोथा गांव से जब्त किया गया।साथ ही एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान चमोथा गांव निवासी हीरा राजवंशी के पुत्र मिथुन कुमार के रूप में हुई है।गिरफ्तार युवक से जरूरी पूछताछ के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### वांछित दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के जोगनी गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने दो वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में दो वांछित लोगों को जोगनी गांव से गुरुवार को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वांछित फरार वारंटी की पहचान जोगनी गांव निवासी वासदेव यादव के पुत्र अंबिका यादव एवं बालदेव यादव के रूप में हुई है।साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को शुक्रवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### बोतल एवं प्लास्टिक में बन्द देशी शराब को पुलिस ने किया जब्त,दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र से एसआई इन्द्रदेव राय ने पुलिस बलों के सहयोग से बोतल बन्द में देशी शराब एवं उजले रंग के प्लास्टिक में बन्द महुआ शराब को जब्त किया।साथ ही दो शराब धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शराब निर्माण,परिवहन,बिक्री,सेवन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।बीते रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में पहवाचक गांव निवासी पैरु चौधरी के पुत्र संजय कुमार को 40 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।वहीं झारखण्ड के कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र निवासी संत कुमार मेहता के पुत्र अमित कुमार को 15.48 लीटर बोतल बन्द देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शराब धंधेबाजों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं दोनों गिरफ्तार शराब धंधेबाजों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### कस्तूरबा गांधी के छात्राओं के उच्च शिक्षा के लिए आवंटित जमीन पर जल्द होगा भवन निर्माण

#### एससी-एसटी के अलावे बीपीएल परिवार के बच्चियों को मिलेगा लाभ

**रजौली।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन बीते वर्ष 2008 से किया जा रहा है।इस आवासीय विद्यालय में प्रखण्ड क्षेत्र के एससी-एसटी के अलावे गरीबी रेखा से नीचे के ड्रॉप आउट हो चुके छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है।वर्तमान में उक्त विद्यालय में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 8 तक की 100 छात्राएं हैं।वहीं विद्यालय में वार्डेन रेखा कुमारी के अलावे तीन शिक्षक,तीन खाना बनाने वाले,एक लेखापाल,एक रात्रि प्रहरी एवं एक आदेशपाल हैं।आवासीय विद्यालय में प्रत्येक छात्राओं को प्रति माह 100 रुपये,जीवन बीमा,पोशाक,पठन-पाठन सामग्री एवं सर्फ-साबुन के अलावे कई अन्य आधारभूत सुविधाएं दी जा रही है।साथ ही आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली सभी छात्राओं का नामांकन कन्या मध्य विद्यालय में है,जहां प्रत्येक दिन कतारबद्ध होकर बच्चे आवासीय परिसर से विद्यालय आवागमन करते हैं।हालांकि जिले के सिरदला समेत कई प्रखण्डों में उच्च शिक्षा हेतु आवासीय विद्यालय की स्थापना किया जा चुका है एवं वहां की छात्राएं वर्ग नौंवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई में जुटी हुई है।मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को उच्च शिक्षा मिलने को लेकर तत्कालीन बीडीओ अनिल मिस्त्री के प्रयास से जमीन का आवंटन प्रखण्ड कार्यालय परिसर के बगल में किया जा चुका है।किन्तु विद्यालय के भवन निर्माण के लिए अबतक विभाग द्वारा फंड नहीं निर्गत किया गया है।इस वजह से प्रखण्ड के गरीब एवं आठवीं कक्षा के बाद ड्राप आउट छात्राएं उच्च शिक्षण हेतु रास्ता जोह रही है।इस बाबत बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा भवन निर्माण का राशि आवंटन के बाद प्रखण्ड के गरीब तबके की छात्राओं को उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

# पर्यटन स्थलों के विकास के लिए फोटो-वीडियो प्रतियोगिता

## बक्सर में हर प्रखंड से एक जगह का चयन होगा, 1 नवंबर तक भाग लेने की अंतिम तिथि

निज संवाददाता। बक्सर




बिहार सरकार ने पर्यटन स्थलों के विकास के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसमें जनता की भागीदारी के लिए ऑनलाइन फोटो और वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के अनदेखे पर्यटन स्थलों की पहचान कर उन्हें विकसित करना है। बिहार सरकार के पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का नाम 'मेरा प्रखंड, मेरा गौरव' रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्देश्य उन स्थानों को सामने लाना है, जो अब तक प्रशासन की नजर से दूर रहे है, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसमें स्थानीय लोगों की मदद से इन स्थलों की पहचान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 1 नवंबर निर्धारित की गई है।

**फोटो और वीडियो की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए:** प्रत्येक प्रखंड के इच्छुक प्रतिभागियों को अपने प्रखंड में ऐसे स्थलों की पहचान करनी होगी जो अब तक अनदेखे हैं। प्रतिभागियों को चयनित स्थल का फोटो और वीडियो अच्छी गुणवत्ता में अपलोड करना होगा, ताकि स्थल की विशेषताएं स्पष्ट रूप से दिख सकें। प्रतियोगिता में चार श्रेणियां होंगी... ज्यूरी अवार्ड, पीपुल्स ज्वाइस अवार्ड, सांत्वना पुरस्कार और अन्य पुरस्कार। प्रत्येक प्रखंड से एक पर्यटन स्थल का चयन किया जाएगा, जिसे पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी जाएगी और विभाग को अग्रसारित किया जाएगा।

**ऐसे कर सकते है निबंधन:** प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक लोग राज्य सरकार की विभागीय वेबसाइट www.tourism.bihar.gov.in पर निबंधन कर सकते हैं या फिर प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, बक्सर से संपर्क कर सकते हैं।

# सेना के जवान का निधन, राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार

निज संवाददाता। बक्सर



- अरुणाचल प्रदेश में थे तैनात, पिता 2002 में कारगिल युद्ध में हुए थे शहीद

बक्सर में सेना के 3 ग्रेनेडियर में सेवारत सैनिक अशोक कुमार यादव का गुरुवार की सुबह 7 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 40 दिन के अवकाश पर अपने घर बक्सर आए हुए थें। 2008 में सेना में शामिल हुए जवान वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में तैनात थे। अपने सेवा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी ड्यूटी निभा चुके थे। उनके पिता लक्ष्मी यादव भी सेवा में थे और 2002 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए थे। दिवंगत सैनिक अशोक कुमार यादव का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव केशोपुर के गंगा घाट पर किया गया। जहां उनके 6 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी। मौके पर स्थानीय अधिकारियों की मौजूदगी में दिवंगत सैनिक के साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया।

**इलाज के दौरान निधन:** अशोक कुमार यादव के निधन से उनके परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके पीछे उनकी शोक संतप्त पत्नी उषा देवी, 12 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी और 6 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार हैं। उनके छोटे भाई राजेश यादव, जो खुद भी सेना में कार्यरत हैं। छोटे भाई ने कहा कि 14 अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश से 40 दिनों की छुट्टी लेकर लौटे थे। गुरुवार सुबह वह टहलने के लिए निकले। इस दौरान उन्हें सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद वह वापस घर आए। दर्द बढ़ने लगा तो उन्हें बक्सर जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अशोक यादव का सेवा में सराहनीय योगदान रहा है।

# अवैध खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने किया जब्त

निज संवाददाता। रजौली



थाना क्षेत्र के समसपुर गांव से गुरुवार की रात्रि पीएसआई रौशन कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टरों को जब्त किया।वहीं ट्रैक्टरों के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।बताते चलें कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है,किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से समसपुर गांव के धनार्जय नदी बालू घाट से बालू लादकर जा रहे दो ट्रैक्टरों को खदेड़ कर जब्त किया गया है।मौके से ट्रैक्टरों के चालक सह मालिक भागने में सफल रहा।जब्त ट्रैक्टरों को थाना परिसर में लगाया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया।जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक ने ट्रैक्टर चालक सह मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने किया पैक्स चुनाव के बूथों का भौतिक सत्यापन

निज संवाददाता। रजौली




- बूथों पर मौलिक सुविधाओं को किया गया अवलोकन
- पैक्स मतदाताओं से लिया जा रहा है दावा आपत्ति

प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी संजीव झा ने किया पैक्स बूथों का भौतिक सत्यापन किये।इस दौरान बीपीआरओ राजन कुमार भी मौजूद रहे।पैक्स चुनाव के तारीखों का एलान होते ही प्रशासन पूरी तरह चुनावी मोड में आ गया है। निष्पक्ष व शांति पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ संजीव झा द्वारा शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के मुरहेना,फरका बुजुर्ग, रजौली पूर्वी,अमावां पूर्वी, अमावां पश्चिमी, बहादुरपुर आदि पंचायतों सहित प्रखंड के लगभग आधा दर्जन से अधिक पैक्स बूथों का निरीक्षण किया गया।पैक्स बूथ निरीक्षण उपरांत प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा की प्रखंड के सोलह पर पैक्स का चुनाव होता रहा है। हालांकि एक पंचायत टकुआटांड़ नगर पंचायत में शामिल हो गया है। जिसके कारण पंद्रह पंचायतों के लिए पैक्स अध्यक्ष चुनाव तो निश्चित रूप होगा, लेकिन नगर पंचायत में शामिल टकुआटांड़ पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर संशय है।वैसे चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आगे कार्य किया जाएगा। प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव को लेकर बूथ सत्यापन तथा बूथों पर, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, बिजली, भवन की स्थिति सहित अन्य व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया गया है।हालांकि इस दौरान मिली त्रुटियों को सुधार भी किया जाएगा। इससे संबंधित विभागों को इसकी सूचना जल्द दी जाएगी।

**दावा आपत्ति व नाम सुधार हेतू फॉर्म भर कर देना अनिवार्य :** निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ ने कहा कि बीते नौ अक्टूबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी कर दिया गया।साथ ही 9 अक्टूबर से दावा आपत्ति का कार्य शुरू किया गया है जोकी 22 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने के संबंध में कोई आपत्ति अथवा प्रारूप मतदाता सूची में किसी सदस्य का नाम जोड़ने से संबंधित दावा है तो वह समय सीमा के अंदर ही आवेदन कर सकता है। मतदाता सूची में नाम हटाने के संबंध में आपत्ति उन्हीं व्यक्तियों द्वारा दी जाएगी जो संबंधित प्राथमिक कृषि साख समिति के सदस्य हैं। बाहर के किसी व्यक्ति द्वारा दी गई आपत्ति निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सिरे से खारिज कर दी जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि सादे कागज पर दी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं होगी, इसके लिए फॉर्म भरकर देना अनिवार्य है। दावे आपत्तियों की दाखिल करने की तिथि 9 से 22 अक्टूबर तक निर्धारित है। दावे आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 अक्टूबर को कर दिया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन संबंधित पैक्स कार्यालय के अलावे प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा जारी किया जाएगा।

## जनता दरबार में कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

# फरियादियों को जिलाधिकारी ने त्वरित निष्पादन का दिया आश्वासन

निज संवाददाता। नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आज जनता दरबार में कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से आधे से अधिक आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। आज भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपसी विवाद, मनरेगा, आपूर्ति, हर घर नल का जल, चापाकल, विद्युत आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों से बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिये। आज जनता दरबार में प्रखंड-रोह के मनोज कुमार साव द्वारा दाखिलखारिज में गड़बड़ी के संबंध में, प्रखंड-पकरीबरावां, पंचायत-मेरूरी, ग्राम-बरडीह के दानी जी के द्वारा पेयजल के संबंध में, प्रखंड-रोह, पो0-ओहारी के पुनिया देवी द्वारा आपदा राहत के संबंध में, अंचल-गोविंदपुर, थाना-थाली, पो0-कोरिऔना, ग्राम-विक्रम कुमार, मनीष कुमार, आरसी कुमार एवं ग्रामवासी के द्वारा नल-जल के संबंध में, प्रखंड-वारिसलीगंज, पो0-राजापुर, पंचायत-सौर, ग्राम-हेमदा के संगीता देवी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में, थाना-नवादा, ग्राम-नेहालुचक के उमेश पासी द्वारा परिमार्जन के संबंध में आवेदन समर्पित किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी से बात कर अविलंब निष्पादन के लिए निर्देश दिये एवं सभी शिकायतकर्ता को समस्या सामाधान के लिए आश्वासन दिये। आज जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता श्री चन्द्रशेखर आजाद, प्रभारी गोपनीय शाखा श्री राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री राजकुमार सिंहा, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी श्री अमरनाथ कुमार, परिक्ष्यमान वरीय उपसमाहर्त्ता श्री मनोज कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री प्रतिभा कुमारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आरएसएस का शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम संपन्न



निज संवाददाता। वारिसलीगंज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वारिसलीगंज द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से अमृत वर्षा से अभिसिंचित खीर का प्रसाद ग्रहण कर मनाई गई ।इस अवसर पर नवादा जिला के सह- जिला संचालक डॉक्टर रंजीत कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा की दिन समुद्र मंथन से चंद्रमा का जन्म हुआ था। ऐसी मान्यता है कि आश्विन पूर्णिमा को चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है जिसका पान खीर के माध्यम से करने की परंपरा है। संघ मुख्य रूप से इस कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य के लिए मनाते हैं ।उन्होंने संघ के सामाजिक परिवर्तन के पांच विषयों पर विस्तार से चर्चा की ।इस अवसर पर खंड के संचालक सरवन जी ,नगर कार्यवाह शंभू शरण जी नगर व्यवस्था प्रमुख उमेश जी विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख डॉ रवि जी ,वरीय स्वयंसेवक श्याम जी, लक्ष्मण जी, दीनानाथ जी ,कृष्ण नंदन जी सहित दर्जनोस्वयंसेवक उपस्थित थे।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत शिक्षकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण





निज संवाददाता। रजौली

प्रखण्ड क्षेत्र के आम लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला के नेतृत्व में एनीमिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के सफलता हेतु आईसीडीएस,स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों को लगाया गया है।वहीं प्रखण्ड सभागार में प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।शुक्रवार को भी 50 स्कूलों से आए 100 शिक्षकों को एनीमिया टूल किट के माध्यम से दो चरणों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल शिक्षकों को आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की महत्ता और इसके नियमित उपयोग के बारे में जागरूक करना था, बल्कि उन्हें एनीमिया से बचाव के लिए स्कूल स्तर पर आईएफए वितरण की निगरानी और समय पर रिपोर्टिंग एवं खपत के अनुसार इंडेंटिंग (आवश्यकता अनुसार आपूर्ति का अनुरोध) करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराना था।प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद अहमद ने एनीमिया के कारणों,इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों और इसके बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी,एवं कृमि नियंत्रण के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।इनके द्वारा सही पोषण एवं विधालयो में स्वास्थ्य सत्र का आयोजन कर बच्चो एवं उनके माता पिता को भी इसके ऊपर जानकारी देने हेतु शिक्षको को जागरूक किया उनके द्वारा बताया गया की 100 में लगभग 70 प्रतिशत लोग अनेमिक हैं,जो की काफी बड़ी समस्या है और इसमें समस्या के समाधान में सभी का अहम् भूमिका है।

पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रखण्ड प्रतिनिधि शीला कुमारी ने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे इस अभियान में अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाएं और स्कूलों के साथ-साथ समुदाय में भी इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाएं।इसके अलावे शिक्षकों को एनीमिया टूल किट के उपयोग से एनीमिया की पहचान,रोकथाम और इलाज के व्यवहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे समय पर आईएफए वितरण सुनिश्चित कर सकें और इसकी खपत के अनुसार आपूर्ति के लिए आवश्यक अनुरोध कर सकें।उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण पीएचसी रजौली के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इस अभियान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में सक्षम बनाना था,ताकि वे बच्चों और समुदाय को एनीमिया से सुरक्षित रख सकें और एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकें।वहीं पीएचसी प्रभारी ने बताया कि शिक्षकों के प्रशिक्षण के बाद आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं आशा को भी प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित है।

# गिरिराज बोले-पहले 3000 मस्जिद थी अब 20 लाख

निज संवाददाता। भागलपुर

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को हिंदू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत की। इससे पहले उन्होंने भागलपुर के बूढ़ानाथ मंदिर में पूजा की।इस दौरान मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में उनके समर्थक भगवा रंग में रंगे दिखाई दिए। सभी बूढ़ानाथ मंदिर से कलश भरकर जिला स्कूल के लिए पैदल रवाना हुए। वहां से यात्रा खलीफाबाग चौक के लिए निकल गई। हिन्दू स्वाभिमान यात्रा को संबोधित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि 'आप लोग देख लें कि हिन्दू किस देश में हैं। पाकिस्तान में ही नहीं रहे. हमारे भाई बंट गए. बांग्लादेश भी गए, वहां भी नहीं बचे। यह क्या हो गया? मैं आपसे प्रार्थना करने आया हूं। हमारे मंदिर टूट गए। हमारी बेटियां लुट गईं, अब हम 70 प्रतिशत पर आ गए हैं। पहले जहां 3000 मस्जिद थी अब 20 लाख हो गई हैं। यह यात्रा धर्म की रक्षा के लिए है। धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी हमारी रक्षा करता है।' इधर, गिरिराज सिंह की यात्रा पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि 'अगर कोसी और सीमांचल का अमन एवं सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई, तो गिरिराज को उनकी लाश से होकर गुजरना होगा।'



**गिरिराज ने पूछा- दुर्गा पूजा के लिए किसी की परमिशन लेनी पड़ेगीः** गिरिराज सिंह ने कहा कि 'क्या दुर्गा पूजा के आयोजन के लिए परमिशन लेनी पड़ेगी, रूट जानना पड़ेगा, क्या इसी के लिए देश का बंटवारा हुआ था या फिर यह सोची समझी साजिश है। जब बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ दिया जाता है तब किसी का नींद नहीं खुलती है। जब कोई यात्रा वोट बटोरने के लिए निकलता हो तो तब तो कोई नहीं बोलता है कि आखिर क्यों निकाल रहे हैं। वहीं कोई मुसलमान को इकट्ठा करने के लिए यात्रा निकालता है तो किसी को पेट में दर्द नहीं होता है।

**गिरिराज की यात्रा में 5 हजार से ज्यादा महिलाएंः** यात्रा में 5,000 से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। पहले चरण में यह यात्रा भागलपुर से शुरू होकर कटिहार, पूर्णिया, अररिया और 22 अक्टूबर को किशनगंज पहुंचकर खत्म होगी।

♦ त्रिशूल रखकर हिन्दू स्वाभिमान यात्रा को किया संबोधित, पप्पू यादव ने कहा-माहौल बिगड़ा तो लाश से गुजरना होगा

**10,000 लोगों के लिए जिला स्कूल में व्यवस्थाः** कमेटी की तरफ से 10,000 लोगों के लिए जिला स्कूल में व्यवस्था की गई थी। कुर्सी-टेबल के अलावा टेंट लगाए गए। पानी की व्यवस्था की गई है। नगर भ्रमण करने के बाद नवगछिया के रास्ते अन्य जिलों में यात्रा जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था की जिला प्रशासन ने व्यवस्था कर रखी है। जगह-जगह बैरिकेडिंग के साथ पुलिस जवान की तैनाती कर दी गई है। यात्रा की लगातार मॉनिटरिंग सिटी एसपी, समेत डीएसपी विधि व्यवस्था, डीएसपी और कई अधिकारी कर रहे हैं। इस यात्रा में न सिर्फ आम लोगों की भीड़ है बल्कि, कई भाजपा नेता भी शामिल हैं।

## ट्रैक्टर ने हाईटेंशन पोल में मारी टक्कर, नहर में पलटा



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के रमनकाबाद-समदा मुख्य मार्ग के टावर के समीप गुरूवार को मिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर के किनारे बिजली के पोल से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक भलुआकोल गांव निवासी रामकुमार साह घायल हो गया है। ग्रामीणों के सहयोग से घायल ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक अजीत कुमार ने घायल चालक का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मुंगेर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रमनकाबाद- समदा मुख्य मार्ग के टावर के समीप मिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा कर पलट गया। इस घटना में 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर मिट्टी लोड कर समदा की ओर से आ रहा था। तभी रमनकाबाद की ओर से आ रहे जुगाड़ गाडी को बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभा से टकराते हुए नहर किनारे पलट गया। घटना की सूचना पर खड़गपुर थाना पुलिस एवं विद्युत विभाग कर्मी मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भ्रमरपुर में गाली देने का विरोध किया तो युवक को पीटा, केस

**नारायणपुर।** महादलित युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़ित युवक भ्रमरपुर निवासी दीपक कुमार ने नवगछिया एससी-एसटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 13 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे घर के सामने मंदिर के पास गांव के ही कुछ लड़के आपस में ही गाली-गलौज कर रहे थे। पिता कैलाश मेहतर ने उनलोगों को घर जाने के लिए कहा तो उनके साथ भी गाली-गलौज की। 15 मिनट बाद सुबोध कुमार, उसका भाई राजेश कुमार, शत्रुघन कुमार, गोविंद कुमार, हीरा कुमार, विजय साह लाठी और रॉड लेकर आए तथा जाति सूचक गाली देने लगे। विरोध करने पर मेरी पिटाई कर दी। साथ ही गले से सोने चकती छीन ली। परिवार के लोग बचाने आये तो उनके साथ भी मारपीट की। जाते-जाते धमकी दी कि केस करोगे तो काटकर नदी में फेंक देंगे। घायल का इलाज पीएचसी नारायणुर में करवाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुआवजा को लेकर किसानों ने पाइप बिछाने से रोका

**पीरपैंती।** प्रखंड में नुमालीगढ़ रिफाइनरी कच्चा तेल पाइपलाइन बिछाने का कार्य किसानों ने रोक दी है। किसानों से वार्ता करने कंपनी के पूर्णिया जोन से अधिकारी और कर्मचारी गुरुवार को पहुंचे। किसानों ने कहा कि कंपनी हमारी जमीन पर पाइप बिछा रही है। जिस जमीन पर पाइप बिछाया जा रहा है, उस पर आम, सागवान, शीशम के कई पेड़ हैं। उसका उचित मुआवजा कंपनी नहीं दे रही है। जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, हम पाइप बिछाने का कार्य नहीं होने देंगे। बता दें कि बिहार में पारादीप (ओडिशा) से नुमालीगढ़ असम कच्चा तेल परिवहन के लिए नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा पाइपलाइन बिछाई जा रही है। पाइपलाइन के माध्यम से कच्चा तेल का आयात होगा। मौके पर निर्मल तिवारी, विनोद पांडे, पशुपति पांडे, निर्मल पांडे, अनिल पांडे, सहित अन्य किसान मौजूद थे।

### शरद पूर्णिमा पर जागरण का आयोजन

**पीरपैंती।** प्रखंड के इशीपुर बाराहाट स्थित ऐतिहासिक योगीवीर पहाड़ी पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार की रात 18 भुजा वाली मां दुर्गा का जोत जलाया गया। इसके बाद जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें योगीवीर कीर्तन मंडली और स्थानीय कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। रातभर लोग भक्ति गीतों पर झूमते रहे। गुरुवार की शाम मां दुर्गा की आरती की गई और खीर का भोग लगाया गया। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर, शेरमारी ठाकुरबाड़ी में श्रीराम सेवा समिति की ओर से शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया।

### टीबी मरीजों की पोषण राशि दोगुनी हुई, अब हर महीने

**मुंगेर।** जिले में टीबी के मरीजों को अब निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपए की जगह एक हजार रुपए की राशि दी जाएगी। यह योजना एक नवंबर से जिले के सभी टीबी मरीजों पर लागू होगी। टीबी के मरीजों को पोषण राशि में बढ़ोतरी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टीबी मरीजों को बीमारी के खिलाफ उनकी लड़ाई में मजबूत करने के लिए यह निर्णय लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उपचार की अवधि के दौरान सभी टीबी रोगियों के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मासिक पोषण सहायता को मौजूदा 500 रुपए से बढ़ाकर अब एक हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया है। हालांकि इस योजना के तहत एक नवंबर से नोटिफाइड होने वाले मरीजों को ही एक हजार रुपए की पोषण राशि मिलेगी। इससे पूर्व के मरीजों को पहले की तरह ही 500 रुपए दिए जाएंगे।

## महाप्रबंधक ने किया बरकाकाना-मेसरा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

### सीसीएल के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक



**हाजीपुर**( पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने शुक्रवार को धनबाद मंडल के बरकाकाना-मेसरा रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक एवं उसके अनुरक्षण सहित रेल संरक्षा से संबंधित अन्य विन्दुओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबधक ने रांची में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में कोयला खदानों की रेलवे से और बेहतर कनेक्टिविटी, खदान क्षेत्र में रेल सुविधाओं में सुधार, साइडिंग का विस्तार, कोल लोडिंग में वृद्धि सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किषोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजो का हुआ उपचार

**प्रतिनिधि हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के बहेरवाडीह गांव में जिला आयुष समिति पलामू के सौजन्य से शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आयुष पद्धति द्वारा करीब पांच सौ से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार व दवा वितरण किया गया. शिविर में डीपीएम डॉ मृत्युंजय कुमार मेहता ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगने से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक है. स्वास्थ्य मेला में आने वाले रोगियों के लिए जोड़ों का दर्द, लिकोरिया, गठिया, बवासीर, यूरिन इन्फेक्शन के साथ ही डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, मलेरिया आदि की जांच भी किया गया. वहीं स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने में डीपीएम डॉ मृत्युंजय कुमार मेहता, डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ राकेश रौशन सिंह, डॉ मनीष कुमार के साथ ही स्वास्थ्य सहिया का सराहनीय योगदान रहा. इस मौके पर सुनील कुमार सिंह, कृष्ण कुमार साव, आनंद कुमार, अरुण सिंह, भोला सिंह, मनोज सिंह, बजरंगी यादव, लखन साव, राहुल शर्मा, रामसुंदर भारती, इंद्रदेव भारती, बालकुंवर, शिव बैठा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें.



### पीरपैंती में मिला मगरमच्छ का बच्चा

**पीरपैंती।** एकचारी दियारा गांव में गुरुवार को फिर मगरमच्छ का बच्चा एक गड्ढा में दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना एकचारी दियारा थाने की पुलिस को दी। इसके बाद थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने वन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मगरमच्छ के बच्चे को पकड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया। इससे पहले 25 सितंबर को भी बाढ़ के पानी में बहकर मगरमच्छ का एक बच्चा आया था।

### दो पक्षों में मारपीट, चार पर केस दर्ज

**टेटिया बंबर।** गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी मंझगांय गांव में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। जिसमें दो लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। तत्पश्चात एक पक्ष से गायत्री देवी ने गंगटा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें दो लोगों को नामजद किया है। दूसरे पक्ष से सुशीला देवी ने भी थाना में आवेदन देते हुए दो लोगों को नामजद किया है। दोनों आवेदन की पुष्टि थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने करते हुए कहा कि आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल की जा रही है।

### नियोजन कैंप में 21 अभ्यर्थियों का चयन

**मुंगेर।** श्रम संसाधन विभाग, जिला नियोजनालय मुंगेर के तत्वाधान में गुरुवार को नियोजन कार्यालय में जॉब कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 31 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिसमें से 21 अभ्यर्थी का चयन किया गया। कार्यालय सहायक अजय वर्मा ने बताया कि दो कंपनी आमधाने प्राइवेट लिमिटेड और डिलेवरी लिमिटेड जो निजी क्षेत्र की गुजरात आधारित कंपनी है। कंपनी के द्वारा कुल 35 विभिन्न पदों पर युवाओं की नियुक्ति करना था। चयनित अभ्यर्थियों का कार्य क्षेत्र गुजरात होगा।

### स्वाभिमान यात्रा के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता

**भागलपुर।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि गिरिराज सिंह बिहार में विकास नहीं, नफरत फैलाने की साजिश कर रहे हैं। गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा पटना और बेगूसराय छोड़कर भागलपुर से निकाली जा रही है। लोग विरोध करेंगे। कांग्रेस नेता अभय आनंद ने कहा कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार को इस यात्रा पर पाबंदी लगानी चाहिए। सिटी रिपोर्टर| भागलपुर हिन्दू स्वाभिमान यात्रा को लेकर गुरुवार को भागलपुर खानकाह पीर दमरिया के सज्जादानशीं और सैयद शाह फखरे आलम ने वीडियो जारी किया है। इसमें उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का हिन्दू स्वाभिमान यात्रा बिहार के हिंदुओं और बिहार के विकास के हित में नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सहारना करते कहा कि राज्य में मानवता और भाईचारा पर किए गए कार्य अतुलनीय है। उन्होंने शेर पढ़ते कहा कि "मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन हैं हिंदुस्तान हमारा"।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह
Email ID- eegoh1@gmail.com)

आम सूचना

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2024–25 जिसका PR NO.-008153 (WRD) 2024-25 को आमंत्रित की गई थी। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद का पत्रांक – SSA/CIVIL/2794 औरंगाबाद, दिनांक–01.10.2024 के आलोक में उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल–01,गोह

PR- 010757 ( WRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1,गोह
(Email ID- eegoh1@gmail.com)

आम सूचना

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2024–25 जिसका PR NO.-008153 (WRD) 2024-25 को आमंत्रित की गई थी। जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद का पत्रांक – SSA/CIVIL/2794 औरंगाबाद, दिनांक–01.10.2024 के आलोक में उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल–01,गोह

PR- 010778 ( W R D ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर
E-mail- nkcd1975@gmail.com

कार्यालय आदेश

जिला पदाधिकारी औरंगाबाद के ज्ञापांक– SSA–/01–390/2384, दिनांक– 31.08.2024 के आलोक में इस प्रमण्डलीय कार्यालय के पत्रांक– 783 दिनांक– 09.09.2024 के द्वारा निविदा आमंत्रण–सूचना– 02/2024/25 PR No- 007957 (WRD) 2024–25 के द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था जिसमें संशोधित करते हुए इस कार्यालय के पत्रांक–811, दिनांक–28.09.2024 के द्वारा शुद्धि–पत्र PR No-009619 (WRD) 2024-25 द्वारा समाचार–पत्र में प्रकाशित किया गया।

जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के ज्ञापांक– SSA/CIVIL/2794 दिनांक– 01.10.2024 के संशोधित आदेश के कारण निविदा आमंत्रण सूचना सं–02/2024–25 को तत्काल प्रभाव से रद्ध किया जाता है।

(ई0 उमेश कुमार)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर

PR- 010759 ( WRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

कार्यालयय निर्वाची पदाधिकारी,
77–विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र–सह–अपर समाहर्त्ता, पलामू
(विधानसभा आम चुनाव 2024)

प्रपत्र–1
(नियम 3 देखे)
(निर्वाचन की सूचना)

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि–
(1) 77–विश्रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा के सदस्य का निर्वाचन होना है,
(2) नामांकन पत्र अभ्यर्थी अथवा किसी प्रस्तावक द्वारा निर्वाची पदाधिकारी अथवा कार्यापालक दण्डाधिकारी II सदर मेदिनीनगर–सह– सहायक निर्वाची पदाधिकारी को अपर समाहर्त्ता कार्यालय वेश्म नया समाहणालय भवन ब्लॉक–A के द्वितीय तल्ला पर 11 बजे प्रातः से 3 बजे अपराह्न के मध्य किसी भी दिन (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) 25.10.2024 तक;
(3) नाम निर्देशन–पत्र के प्रारूप कंडिका 2 में वर्णित स्थान और समय पर प्राप्त किए जा सकेंगे,
(4) नाम निर्देशन–पत्र की संवीक्षा अपर समाहर्त्ता–सह–निर्वाची पदाधिकारी, 77–विश्रामपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय कक्ष में दिनांक–28.10.2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से की जायेगी;
(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्त्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा इस आशय हेतु लिखित में प्राधिकृत किया गया हो ऊपर पैरा (2) में निर्दिष्ट अधिकारियों में से किसी एक को कंडिका 2 में उल्लेखित स्थान पर दिनांक–30.10.2024 को 3 बजे अपराह्न के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी,
(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में दिनांक–13.11.2024 को 7 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 5 बजे के बीच मतदान होगा।

स्थान – मेदिनीनगर (पलामू)।
तारीख–18.10.2024

निर्वाची पदाधिकारी, 77–विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र
–सह–अपर समाहर्त्ता, पलामू

PR 339261 District(24-25)#D

कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(MCMC कोषांग)
सूचना

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 491/Paid News/2019 Communication, दिनांक 25.02.2019 के आलोक में पलामू जिले के विधानसभा क्षेत्र(75–पांकी, 76–डालटनगंज, 77–विश्रामपुर, 78–छत्तरपुर(अ0जा0) एवं 79–हुसैनाबाद) निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित हैं जो प्रिंट मीडिया /इलेक्ट्रोनिक मीडिया/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क मीडिया/बल्क एस0एम0एस /वॉयस मैसेजेस एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

➢ निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अन्य व्यक्ति किसी भी राजनीतिक पार्टी या निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी के समर्थन या असमर्थन के अलावा विज्ञापन दे सकते हैं। इस आशय हेतु वह एक शपथ पत्र देगें।
➢ निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रोनिक/ सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क/बल्क एस0एम0एस /वॉयस मैसेजेस के माध्यम से कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारित करना चाहते हैं तो विहित प्रपत्र ANNEXURE-A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनकें द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु ANNEXURE-B में अनुमति प्रदान की जायेगी।
➢ प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पुर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।
➢ आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्वः अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलिकास्ट होगा उसका विवरण।
➢ आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनीतिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिये किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन/प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।
➢ (MCMC) कोषांग, पलामू सूचना भवन, पलामू में कार्यरत हैं जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगी।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिये प्रारूप palamu.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 339287 Palamu(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि बाजार समिति में बनेगा स्ट्रांग रूम

**धनबाद, एजेंसी।** विधान सभा चुनाव के लिए कृषि बाजार समिति में ही स्ट्रांग रूम बनेगा। मतगणना भी बाजार समिति में ही होगा। गुरुवार को उपायुक्त माधुरी मिश्रा ने मिलने आये जिला चेंबर के प्रतिनिधिमंडल को डीसी ने स्पष्ट कहा कि बीबीएमकेयू में स्ट्रांग रूम बनाने को लेकर पहल की जा रही थी, लेकिन तकनीकी कारणों से वहां स्ट्रांग रूम नहीं बनाया जा सकता है। लिहाजा कृषि बाजार समिति के प्रांगण में ही स्ट्रांग रूम बनाया जायेगा। उपायुक्त माधुरी मिश्रा ने कहा कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन का पालन करें। ज्यादा कैश लेकर चल रहे हैं तो नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें। स्वीप के अंतर्गत इवेंट कराने में सहयोग करें। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला चेंबर अध्यक्ष चेतन गोयनका ने किया। प्रतिनिधिमंडल में अजय नारायण लाल, विनोद गुप्ता, राजकुमार महतो, जितेंद्र अग्रवाल, विकास कंधवे, अशोक सर्राफ, असलम जी आदि थे इधर, कृषि बाजार समिति के सचिव विपुल कुमार ने कहा कि बाजार समिति प्रांगण में स्ट्रांग रूम बनाये जाने की सूचना है लेकिन अब तक प्रशासन का इस संबंध में कोई पत्र नहीं आया है। प्रशासन का पत्र आने के बाद दुकान व गोदाम खाली कराने के लिए व्यवसायियों को नोटिस किया जायेगा।

### मालगाड़ी से कटकर अधेड़ की मौत, कपड़े से हुई शव की शिनाख्त

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल–गोमिया रेलखंड मार्ग पर शुक्रवार की अहले सुबह पांच बजे हजारी पंचायत अंतर्गत गैरमजरुआ गांव के समीप रेलवे लाइन पर 58 वर्षीय महेंद्र राम की कटकर मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे महेंद्र राम रेलवे लाइन के किनारे शौच करने के लिए गये थे। इसी क्रम में उक्त रेलखंड के अप एवं डाऊन दोनों लाइन पर एक मालगाड़ी और एक चार बोगी का इंस्पेक्शन रेल गुज़र रही थी, जिसकी चपेट में आकर मालगाड़ी से पोल संख्या 44/31 एवं 44/33 के बीच कटकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके कपड़े से किये घटना के बाद गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया है। मृतक का एक ही पुत्र मुकेश राम है जो कि मुंबई में कार्यरत है। इसके अलावा मृतक अपने पीछे छह पुत्री एवं पत्नी छोड़ गये हैं। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदेव पासवान, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, गब्बर राम, शंभू राम, सुंदरलाल राम, राजेन्द्र राम सहित गोमिया जीआरपी थाना प्रभारी भीम राम, गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर तेनुघाट शव का पोस्टमार्टम करवाने भेज दिया है।

### नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर व कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में जेल में बंद डबलू मिश्रा उर्फ डब्लू गिरी उर्फ राकेश कुमार मिश्रा को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिल गयी है। डब्लू मिश्रा 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद है। उसपर शूटरों को शरण देने का आरोप है। डब्लू मिश्रा के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार की खंडपीठ में डब्लू मिश्रा की जमानत अर्जी लंबित थी। डब्लू इस मामले का प्रथम आरोपी है। एसे झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली है। इससे पूर्व रिंकू सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी, परंतु उसका केस अन्य आरोपियों के केस से अलग चल रहा था। पिंटू सिंह की जमानत सुप्रीम कोर्ट से मिली है। इस तरह इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की जमानत हो चुकी है। डब्लू मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने सरायढेला थाना में एक अन्य मामला दर्ज किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी डब्लू मिश्रा मुन्ना जी बनकर राम आह्लाद राय का मकान किराया पर लिया था तथा उसमें शूटरों को ठहराया था। घटना का अंजाम देने के बाद शूटर वहां से फरार हो गये थे। इस मामले में डब्लू मिश्रा समेत अन्य आरोपी अदालत से साक्ष्य के अभाव में बरी हो चुके हैं। नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह का नाम आया था। संजीव सिंह तथा डब्लू मिश्रा एक साथ जेल गये थे। डबलू मिश्रा ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा था कि रंजय सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए नीरज सिंह की हत्या की गयी थी।

# सीट बंटवारे में जुटा इंडिया गठबंधन

### एआइसीसी ने पूर्व प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद, गौरव गोगई और मोहन मार्कम को सीनियर को-ऑर्डिनेटर बनाया है

### प्रत्याशियों की सूची का अब भी इंतजार किया जा रहा है



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगरमी तेज है इस चरण में राज्य के 43 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराया जायेगा। अधिसूचना के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। ऐसे में इंडिया गठबंधन और एनडीए दोनों अपने-अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मंथन कर रहे हैं। इधर घोषणा के बावजूद भाजपा ने अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। प्रत्याशियों की सूची का अब भी इंतजार किया जा रहा है।

इंडिया गठबंधन सीट बंटवारे का पेच सुलझाने में जुटा हुआ है। कांग्रेस के ऑब्जर्वर तारिक अनवर, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, प्रकाश जोशी और पूनम पासवान रांची पहुंच गये हैं। प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी रांची पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को ही कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक बुलायी गयी है। इसमें उम्मीदवारों के नाम तय कर केंद्रीय नेतृत्व को सौंपे जायेंगे। इन नामों पर फैसला लेने के लिए दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की 19-20 अक्तूबर को बैठक होनेवाली है।

इधर रांची पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि राहुल गांधी के रांची दौरे के बाद कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची जारी होगी। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 19 अक्तूबर को रांची पहुंच रहे हैं। सीट शेयरिंग को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस के आला नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की बैठक होगी। बैठक में माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस केंद्रीय नेतृत्व विधानसभा को लेकर आला नेताओं की टीम झारखंड में उतार रही है। एआइसीसी ने पूर्व प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद, गौरव गोगई और मोहन मार्कम को सीनियर को-ऑर्डिनेटर बनाया है।इधर, राजद नेता तेजस्वी यादव भी शुक्रवार को रांची पहुंच रहे हैं। वे विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो और कांग्रेस के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे, जिसमें सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय किया जायेगा। वहीं, विपक्षी भाजपा की सूची का भी इंतजार हो रहा है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक पिछले दिनों हुई थी। इसमें प्रत्याशियों के नाम पर सहमति बनी थी। पूरे एनडीए खेमे से लेकर राजनीतिक गलियारे तक में सभी भाजपा की सूची पर टकटकी लगाये हुए हैं।राजद ने इंडिया गठबंधन के अंदर 22 सीटों पर दावा ठोंका है। गुरुवार को प्रदेश संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश पासवान की ओर से बताया गया है कि पार्टी ने सर्वसम्मति से झारखंड में 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। सभी सीटों का चयन और प्रत्याशियों का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद तय करेंगे। संसदीय बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, सत्यानंद भोक्ता, डॉ मनोज कुमार, अनीता यादव, रंजन यादव, रानी कुमारी, विक्रम यादव, चंद्रिका यादव, राजकुमार यादव मौजूद थे।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रमुख जयराम महतो ने आठ सीटों के लिए प्रत्याशी की तीसरी सूची जारी की है। सिल्ली विधानसभा से जयराम ने देवेंद्रनाथ महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, घाटशिला से रामदास मुर्मू, पोटका से भागीरथ हांसदा, जमशेदपुर पूर्वी से तरुण कुमार डे, महगामा से जवाहर लाल यादव, कांके से फूलेश्वर बैठा, जरमुंडी से राजीव यादव और पोड़ैयाहाट से प्रवीण कुमार महतो को उम्मीदवार बनाया है। जयराम की पार्टी जेएलकेएम अब तक 28 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर चुकी है।

भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा और लोजपा (आर) के प्रमुख चिराग पासवान के बीच गुरुवार को नयी दिल्ली में झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान सीट शेयरिंग व एनडीए गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़ने पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले बुधवार को लोजपा (आर) के दो सांसदों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और हिमंता से नयी दिल्ली में मुलाकात की थी।

## आईपीएस की नौकरी छोड़ राजनीति में आए, सिसई से 4 बार के विधायक रहे, नहीं तोड़ पाया कोई रिकॉर्ड



**गुमला, एजेंसी।** गुमला जिले की सिसई विधानसभा सीट से चार बार विधायक बनने का रिकॉर्ड बंदी उरांव के नाम है। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी लोग उनके द्वारा क्षेत्र में किये गये कार्यों को याद करते हैं। बंदी उरांव ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने आइपीएस की नौकरी छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किया था। वे बिहार व झारखंड राज्य के कद्दावर नेता माने जाते थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी अपने विचारों, सिद्धांतों और राज्य की जनमानस के हित के लिए लगा दी।

साल 1980 में बंदी उरांव आइपीएस की सर्विस छोड़ कर राजनीति में प्रवेश किये। जनता से उनके जुड़ाव व प्यार का ही नतीजा था कि वे सिसई विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। 1980, 1985, 1991 व 1995 में विधायक बने। अब तक कोई विधायक उनका रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाया है। बंदी उरांव ने अपने राजनीतिक जीवन में कई ऐसे काम किये हैं, जो कि संवैधानिक प्रावधान के रूप में पूरे देश में लागू है।

कार्तिक उरांव के साथ मिलकर बंदी उरांव ने जनता के बीच रहकर काम किया। कार्तिक उरांव के कहने पर ही बंदी उरांव राजनीति में आये थे। त्यागपत्र देकर नौकरी छोड़ दी थी। उनका मानना था कि यहां ऐसे राजनेता की जरूरत है, जो राज्य की जनता के लिए काम करे। बंदी उरांव का घर भरनो प्रखंड के दतिया में गांव है। बंदी उरांव ने सिसई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती दी थी। आज भी कई ऐसे गांव हैं, जहां बंदी उरांव को लोग याद करते हैं।

बंदी उरांव सिसई से न सिर्फ चार टर्म के विधायक हैं, बल्कि वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे। साल 1980 में वे गिरिडीह के एसपी थे। उनकी पुत्र वधू गीताश्री उरांव भी सिसई से कांग्रेस की विधायक और झारखंड की शिक्षा मंत्री रह चुकी है। उनके बेटे अरूण उरांव फिलहाल भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। वे भी अपने पिता की तरह आइपीएस की नौकरी छोड़ राजनीति में आएं।

# इस गांव के लोग बरसात में हो जाते हैं कैद, कई वर्षों से सड़क और पुल बनाने की कर रहे मांग

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां आज भी लोग बुनयादी सुविधाओं से वंचित हैं। चुनाव से पहले हर जनप्रतिनिधि उनके पास आकर समस्याओं को दूर करने की बात तो करते हैं लेकिन चुनाव के बाद वो वादा पूरा नहीं होता। कुछ ऐसी कहानी पलामू के रामगढ़ प्रखंड की है। दरअसल बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाड़ू, असमदाहा, सुगीटांड़ और पडवनिया गांव के लोग आज भी सड़कों से वंचित हैं। यहां के लोग पगडंडी से होकर नदी पार कर गांव आने-जाने को मजबूर हैं।

असमदाहा आदिम परहिया जनजाति का गांव है। वहां तक जाने के लिए दो नदी कोकाडू नदी और घोड़दाहा नदी पार करनी पड़ती है। कोकाडू सहित अन्य गांवों की जनसंख्या लगभग 2000 और 700 वोटर हैं। इन गांवों के लोगों को गर्मी या सूखे के मौसम में गांव तक आने-जाने में कोई खास परेशानी नहीं होती है। लेकिन, बरसात में नदियों में पानी बढ़ जाने से काफी परेशानी होती है। यह क्षेत्र टापू बन जाता है और ग्रामीण गांव में ही कैद होकर रह जाते हैं। ग्रामीण कई वर्षों से पुल और सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक न तो नदी पर पुल बना और न ही सड़क बनी।



पलामू के कोकाडू गांव की निवासी सह रामगढ़ प्रखंड की प्रमुख प्रेमनी देवी ने बताया कि सांसद व विधायक को इस समस्या से अवगत कराया गया है। इसके अलावा जिला की बैठक में भी पुल और सड़क बनाने के लिए लिखित और मौखिक रूप से कहा गया, लेकिन कार्य नहीं हुआ। असमदाहा आदिम जनजाति बहुल गांव है। इस गांव में बिजली और पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोग नदी का पानी पीने के लिए विवश हैं। इन गांवों में बरसात के समय में बाइक से भी नहीं जा सकते हैं। चारपहिया वाहन का जाना तो दूर की बात है। सबसे बड़ी समस्या तब होती है, जब बरसात में कोई बीमार हो जाता है।ग्रामीण सज्जन सिंह का कहना है कि गांव में कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण इन गांवों के ज्यादातर युवक रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं। पता नहीं कब सरकार का ध्यान यहां की समस्याओं पर पड़ेगा। ग्रामीण देवमनी देवी का कहना है कि चुनाव आता है, तो इस गांव में नेता लोग आते हैं। सिर्फ आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन अब तक पुल बना और न ही सड़क बनी।

## मालगाड़ी से कटकर अधेड़ की मौत, कपड़े से हुई शव की शिनाख्त



**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो थर्मल-गोमिया रेलखंड मार्ग पर शुक्रवार की अहले सुबह पांच बजे हजारी पंचायत अंतर्गत गैरमजरुआ गांव के समीप रेलवे लाइन पर 58 वर्षीय महेंद्र राम की कटकर मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे महेंद्र राम रेलवे लाइन के किनारे शौच करने के लिए गये थे। इसी क्रम में उक्त रेलखंड के अप एवं डाऊन दोनों लाइन पर एक मालगाड़ी और एक चार बोगी का इंस्पेक्शन रेल गुज़र रही थी, जिसकी चपेट में आकर मालगाड़ी से पोल संख्या 44/31 एवं 44/33 के बीच कटकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके कपड़े से किये।

घटना के बाद गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया है। मृतक का एक ही पुत्र मुकेश राम है जो कि मुंबई में कार्यरत है। इसके अलावा मृतक अपने पीछे छह पुत्री एवं पत्नी छोड़ गये हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदेव पासवान, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, गब्बर राम, शंभू राम, सुंदरलाल राम, राजेन्द्र राम सहित गोमिया जीआरपी थाना प्रभारी भीम राम, गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर तेनुघाट शव का पोस्टमार्टम करवाने भेज दिया है।

## रोहित सिंह हत्याकांड में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बस्तीवासियों ने घेरा थाना

**धनबाद, एजेंसी।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत कीताडीह ग्वाला पट्टी के रहने वाले रोहित सिंह उर्फ छोटू (22 वर्ष) की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस की जांच से असंतुष्ट होने पर मृतक के परिजन और बस्ती के लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को बागबेड़ा थाना का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। मृतक रोहित के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि चार दिन होने के बाद भी अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। रोहित के घर की महिलाओं का कहना है कि जिस महिला के कारण रोहित की हत्या हुई है, पुलिस ने उसे भी पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। अपराधियों के परिवार के लोगों को थाना लाकर दबाव भी नहीं बनाया जा रहा है। ऐसे में पुलिस अपराधियों को कैसे पकड़ पायेगी। पुलिस इस मामले को गंभीरता से बिल्कुल भी नहीं ले रही है। वहीं पुलिस ने रोहित के परिवार के लोगों को शांत कराया और उसके बाद कार्रवाई को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस रोहित की हत्या करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। वे लोग दो- तीन दिनों के भीतर ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेंगे। पुलिस के आश्वासन के बाद मामले को शांत कराया गया। गौरतलब है कि 13 अक्तूबर की देर रात को घर के बाहर खटाल में सोते वक्त रोहित सिंह की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में रोहित के भाई राहुल सिंह के बयान पर कुंदन और मनीष कुमार वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों फरार हैं। दोनों की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली है। इसके आधार पर छापेमारी जारी है।

# झारखंड पार्टी के गढ़ में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो ने की सेंधमारी

**तोरपा (खूंटी), एजेंसी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित तोरपा विधानसभा क्षेत्र झारखंड पार्टी (झापा) का गढ़ माना जाता था। आजादी के बाद झारखंड पार्टी ने ही तोरपा से सबसे अधिक विधायक दिये हैं। अब तक तोरपा से झारखंड पार्टी ने सात बार, भाजपा ने तीन व कांग्रेस और झामुमो ने दो-दो बार जीत हासिल की है।

तोरपा विधानसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया। इसके पहले यह खूंटी विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा था। 1957 में पहली बार तोरपा विधानसभा सीट के लिए हुए चुनाव में झारखंड पार्टी के जूलियस मुंडा कांग्रेस की मरियम कुजूर को हराकर विधायक बने थे। इसके बाद 1962, 1972 व 1977 में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार ही विधायक बने।

वर्ष 1980 में कांग्रेस पार्टी के लियेंद्र तिरु विधायक बने। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार सुशीला केरकेट्टा को हराया था। इसके बाद झारखंड पार्टी के अध्यक्ष एनइ होरो वर्ष 2000 तक लगातार तोरपा से विधायक चुने जाते रहे। एनइ होरो तत्कालीन बिहार सरकार में मंत्री भी रहे। वर्ष 2000 में एनइ होरो भाजपा के कोचे मुंडा से हार गये। वहीं, 2005 में कोचे मुंडा ने भाजपा के टिकट पर फिर से जीत हासिल की।

वर्ष 2009 में झामुमो के पौलुस सुरीन ने कोचे मुंडा को हराया। सुरीन ने जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा और जीता था। वर्ष 2014 के चुनाव में पौलुस सुरीन जेल से बाहर आ गये थे। उन्होंने फिर से भाजपा को हराकर चुनाव जीता, लेकिन जीत का अंतर महज 43 वोट ही था। हालांकि, वर्ष 2019 का चुनाव जीतकर भाजपा के कोचे मुंडा ने वापसी कर ली।

तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि विगत पांच वर्षों में हर क्षेत्र में विकास का काम तेजी से हुआ। क्षेत्र की सड़कों को बेहतर बनाया गया है। शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करायी गयी है। वर्षों से लंबित पुल निर्माण का काम शुरू हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कई काम हुए हैं। प्रत्येक प्रखंड में अस्पताल का नया भवन बनाया जा रहा है। आज कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां जाने के लिए सड़कें न हों।

तोरपा विधानसभा क्षेत्र में पलायन एक बड़ा मुद्दा है। रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण क्षेत्र से हर वर्ष सैकड़ों लोग काम की तलाश में दिल्ली, मुंबई, गोवा जैसे शहरों की ओर पलायन कर जाते हैं। गोवा के समुद्र तट पर काम करने वाले लोगों में बड़ी संख्या तोरपा के लोग हैं। इसके अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर पंजाब और सिक्किम, लद्दाख जैसे सुदूर राज्यों में भी तोरपा की जनता को काम की तलाश में जाना पड़ता है।

# बेरमो में कांग्रेस व सीपीआइ के बीच होता रहा है रोचक मुकाबला

**बोकारो, एजेंसी।** राकेश वर्मा, बेरमो। 1957 से 2019 तक के बेरमो विधानसभा चुनाव (2019 का एक उप चुनाव भी) का अगर हम जिक्र करें तो कांग्रेस, जनसंघ व भाजपा के गढ़ वाले इस क्षेत्र में भाकपा भी लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही है। 50-60 के दशक में जब बेरमो में कांग्रेस व इंटक का बोलबाला हुआ करता था, उस वक्त सीपीआइ व उसकी मजदूर यूनियन एटक ने संघर्ष के जरिये कोयला मजदूरों के बीच अपना स्थान बनाया था। बेरमो विधानसभा क्षेत्र में सीपीआइ व एटक नेता शफीक खान पूरे कोल सेक्टर में चर्चित मजदूर नेताओं में गिने जाते रहे। 1962 में शफीक खान ने बेरमो विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा। इसके बाद एक दो विधानसभा चुनाव को छोड़ दें तो वे वर्ष 2000 तक विधानसभा चुनाव लगातार लड़ते रहे। कई बार तो जीतते-जीतते हार गये।

1957 में जब बेरमो विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया तो सीपीआइ ने यहां पहली बार अपना प्रत्याशी उतारा। सीपीआइ ने पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री चतुरानन मिश्र को पार्टी का प्रत्याशी बनाया, उन्हें कुल 13.56 फीसदी वोट मिला था तथा वे तीसरे स्थान पर रहे थे। जबकि इस चुनाव में सीएनपीएसपीजेपीपी के प्रत्याशी ठाकुर ब्रजेश्वर प्रसाद जीते थे। वहीं कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे दूसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में बेरमो के मजदूर नेता बिंदेश्वरी सिंह भी चुनाव लड़े तथा उन्हें 2009 तथा पीएसपी प्रत्याशी मिथिलेश सिन्हा को 1240 मत प्राप्त हुआ था। बेरमो के एटक नेता शफीक खान को वर्ष 1962 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पहली बार प्रत्याशी बनाया। वह तीसरे स्थान पर रहे तथा उन्हें कुल 2741 मत मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के बिंदश्वरी दुबे जीते थे। इसके बाद 1967 के विस चुनाव में फिर से शफीक खान प्रत्याशी हुए, इस चुनाव में उन्हें 4097 मत मिले तथा वे चौथे स्थान पर रहे। इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी एनपी सिंह दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे को जीत मिली।

1977 के पहले तक बेरमो विधानसभा में डुमरी विधानसभा क्षेत्र का नावाडीह प्रखंड आता था। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट निवासी व सीपीआइ नेता कैलाश महतो को 1969 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में स्व कैलाश महतो को 2191 मत मिला तथा वह चौथे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस के बिंदेश्वरी दुबे को जीत मिली। दूसरे स्थान पर जेएपी के यमुना सिंह रहे थे। 1972, 1977 तथा 1980 का विधानसभा चुनाव सीपीआई ने नहीं लड़ा।

1985 में एक बार फिर से पूरे दमखम के साथ सीपीआइ ने शफीक खान को कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद सिंह के मुकाबले चुनावी मैदान में उतारा। इस चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली, लेकिन सीपीआइ दूसरे स्थान पर रही। सीपीआइ प्रत्याशी शफीक खान को 20,333 मत मिले। भाजपा इस चुनाव में तीसरे स्थान पर चली गयी थी। इसके बाद 1990 के विस चुनाव में फिर से सीपीआइ ने कांग्रेस के साथ जबरदस्त मुकाबला किया तथा दूसरे स्थान पर रही। जीत कांग्रेस की हुई। सीपीआइ को कुल 31,721 मत मिले। 1995 का विस चुनाव तो सीपीआइ का बेरमो क्षेत्र में टर्निंग प्वाइंट के रूप में आज तक याद किया जाता है। इस चुनाव में भले ही सीपीआइ की हार हो गयी, लेकिन सीपीआइ ने कांग्रेस को जोरदार टक्कर दी थी। सीपीआइ प्रत्याशी शफीक खान को 39,550 मत मिला, जबकि कांग्रेस के राजेंद्र प्रसाद सिंह को 40,361 मत। मात्र 811 वोट से शफीक खान चुनाव हार गये थे, इसके बाद अपना अंतिम विधानसभा चुनाव शफीक खान ने वर्ष 2000 में लड़ा। इस चुनाव में उन्हें 16,788 वोट मिला तथा तीसरे स्थान पर रहे। जबकि जीत कांग्रेस के राजेंद्र सिंह की हुई।

2005 के विधानसभा चुनाव में सीपीआइ ने मरहूम शफीक खान के पुत्र आफताब आलम खान को बेरमी विस सीट से प्रत्याशी बनाया। आफताब उस वक्त बेंगलुरु में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे। इस चुनाव में सीपीआइ ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया तथा आफताब 29,116 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहे।

# जमशेदपुर पश्चिम से 24 अक्तूबर को परचा भरेंगे सरयू राय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर की जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट से सरयू राय इस बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वह 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। बारीडीह स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित विजया मिलन समारोह में उन्होंने इसकी घोषणा की।

इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह जमशेदपुर पूर्वी से ही चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन एनडीए के वरिष्ठ नेताओं का निर्णय उन्हें स्वीकार करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि संभावना यही है कि मुझे जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ना पड़े। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो 24 अक्टूबर को वे नामांकन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्हें पश्चिम में चुनाव लड़ना पड़ा, तो पूर्वी के कार्यकर्ताओं का भी पूरा सहयोग चाहिए।

सरयू राय ने सदस्यों के सामने अपने 5 साल के कार्यकाल का संक्षिप्त रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया।



कोरोना महामारी के बाद पिछले 3 साल में जितना काम उन्होंने किया, उतना काम तो बीते 30 वर्षों में भी नहीं हुआ। उनके ही कार्यकाल में टाटा ने सभी बस्तियों में पानी देना शुरू किया।

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट पर झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रघुवर दास को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पराजित कर बड़ा उलफेर करने वाले सरयू राय इस बार एनडीए का हिस्सा हैं।

# यूपी उपचुनाव: सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ेंगी चुनाव, हुआ सीटों का बंटवारा, कांग्रेस के हिस्से आईं 2 सीटें



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी की दस सीटों में होने वाले उपचुनावों में कांग्रेस और सपा मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सपा आठ सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस को दो सीटें मिलेंगी। फिलहाल चुनाव आयोग ने नौ सीटों के लिए चुनावी कार्यक्रम तय किया है। मिल्कीपुर की सीट पर पिटीशन होने की वजह से यहां के लिए चुनाव की तारीखें तय नहीं हुई हैं। बाकी सीटों पर 13 नवंबर को चुनाव होना है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि कांग्रेस को उपचुनाव में गाजियाबाद और खैर सीट दे दी गई है। खैर सीट अलीगढ़ जिले में आती है। इन दो सीटों के अलावा बाकी सीटें सपा लड़ने जा रही है। कुंदरकी सीट के अलावा पार्टी ने बाकी सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं।

### श्रीनगर में हुई थी चर्चा

सूत्रों के मुताबिक, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच इस मुद्दे पर श्रीनगर में बुधवार को चर्चा हुई थी। कांग्रेस पहले से ही यह दो सीटें मांग रही थी।

### सपा इन सीटों पर लड़ रही है चुनाव

सप 9 अक्तूबर को ही मिल्कीपुर के साथ करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां में प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अब प्रत्याशी उतारने के लिए कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद और खैर सीटें बची थीं। आज ही शाम को सपा ने मीरापुर में प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

### सुंबुल राणा को दिया टिकट

समाजवादी पार्टी ने मीरापुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सुंबुल राणा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं।

### मिल्कीपुर सीट पर नहीं हो सका फैसला

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर लंबित चुनाव याचिका को वापस लेने की अपील पर बृहस्पतिवार को फैसला नहीं हो सका। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के बाद सपा नेता अवधेश प्रसाद के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में याचिका दाखिल की गई थी। इसके लंबित होने के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की घोषणा नहीं की थी।

याचिकाकर्ता भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ ने याचिका वापस लेने की अपील की। इस पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने एक हफ्ते में अधिकृत गजट प्रकाशित करने का आदेश दिया। इसके 15 दिन बाद मामले की सुनवाई होगी। अदालत ने वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के सभी प्रत्याशियों को नोटिस भेजने का आदेश भी दिया।

भाजपा नेता के अधिवक्ता संदीप यादव ने बताया कि चुनाव याचिका वापस लेने की अपील पर सपा नेता अवधेश प्रसाद के वकील ने विरोध जताया। उनका कहना था कि मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस भेजी जानी चाहिए। चुनाव याचिका दाखिल करते समय सभी पक्षों को नोटिस भेजी गई थी। यदि किसी पक्ष को अपनी बात कहनी होती तो वह अदालत पहुंच सकता था। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेशानुसार अधिकृत गजट का प्रकाशन एक-दो दिन में कर दिया जाएगा।

वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर सीट पर सपा नेता अवधेश प्रसाद ने भाजपा नेता बाबा गोरखनाथ को 13 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। इन दोनों के अलावा कांग्रेस से ब्रजेश कुमार, बसपा से मीरा देवी, मौलिक अधिकार पार्टी से राधेश्याम और निर्दलीय प्रत्याशी शिवमूर्ति ने चुनाव लड़ा था। भाजपा नेता ने याचिका वापस लेने के बाद चुनाव आयोग से अन्य नौ सीटों के साथ मिल्कीपुर विधानसभा में चुनाव कराने के लिए अनुरोध करने की बात कही थी। अदालत में फैसले के बाद अन्य सीटों के साथ मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव की संभावना कम हो गई है।

### मिल्कीपुर में चुनाव लड़ने से भाग रही सपा: जेपीएस राठौर

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर (सुरक्षित) सीट पर 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल याचिका फैसला टलने के लिए भाजपा ने सपा को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि सपा इस सीट पर हार से डर रही है। इसलिए जानबूझ कर याचिका का विरोध किया है। इससे स्पष्ट है कि सपा चुनाव लड़ने से भाग रही है। उन्होंने कहा कि अगर सपा वास्तव में चुनाव कराना चाहती है तो उसे चुनाव आयोग में लिखित रूप से देना चाहिए और चुनाव कराने की मांग कर करनी चाहिए। मंत्री ने कहा सपा यह जान चुकी है कि उसे सभी सीटों पर मुंह की खानी पड़ेगी। इसलिए वह किसी न किसी बहाने चुनाव को टलवाना चाहती है। वहीं, याचिका दाखिल करने वाले गोरखनाथ का भी कहना है कि 2022 के चुनाव परिणाम को लेकर एक और याचिका दाखिल करने वाले शिवमूरत भी उनके साथ याचिका वापस लेने के लिए कोर्ट आए हुए थे, लेकिन सपा नहीं चाहती है कि मिल्कीपुर सीट पर चुनाव हो। इसलिए सपा ने याचिका के वापस होने संबंध अपील का विरोध किया है। बता दें कि 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में हारने वाले बाबा गोरखनाथ बाबा ने याचिका दाखिल कर रखा था। इस वजह से चुनाव आयोग ने सिर्फ 9 सीटों पर ही चुनाव कराने का कार्यक्रम जारी किया है। इसपर बाबा गोरखनाथ ने याचिका वापस लेने की याचिका दाखिल किया। इस पर बृहस्पतिवार को फैसला होना था, लेकिन सपा सांसद अवधेश प्रसाद के अधिवक्ता की ओर से आपत्ति दाखिल किए जाने से फैसला 15 दिन के लिए टाल दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिना बिल जमा किए कनेक्शन जोड़ने वाले 12 लोगों पर केस

**कुशीनगर , एजेंसी।** बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर बिजली निगम की तरफ से चलाए जा रहे अभियान के तहत काटे गए कनेक्शन को बिजली बिल जमा किए बिना ही जोड़ने के मामले में बुधवार को 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। बड़े बकायेदारों के 172 कनेक्शन काटे गए और 15.50 लाख रुपए की राजस्व वसूली हुई।

विद्युत वितरण खंड पडरौना के अधिशासी अभियंता संजय सागर के नेतृत्व में विजिलेंस और बिजली विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बंधु छपरा गांव में बकाया पर काटे कनेक्शन की पुनः जांच कराई गई जिसमें 12 उपभोक्ताओं द्वारा बिना विद्युत बिल भुगतान किए हुए अपनी लाइन जोड़ ली गई थी। संवाद

### मछली व्यापारी समेत दो की सड़क हादसे में मौत, व्यापार कर जा रहा था घर- रास्ते में हुआ हादसा

**गोरखपुर , एजेंसी।** खजनी और पिपराइच क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग सड़क हादसों में मछली व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। खजनी में हुए हादसे में के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर गाड़ी कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। जबकि, पिपराइच में घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस गाड़ी व चालक की तलाश कर रही है।

खजनी प्रतिनिधि के अनुसार, सरया तिवारी मोड़ पर सुबह 10 बजे बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें भरोहिया के डोहरिया वासुदेव निवासी अश्वनी त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खजनी थानेदार ने बताया कि केस दर्ज कर सीसी कैमरे की मदद से गाड़ी की तलाश की जा रही है।

पिपराइच प्रतिनिधि के अनुसार, छोटकी रेतवहिया निवासी जगेसर की बीआरडी मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान सुबह मौत हो गई। मंगलवार की रात तिनकोनिया रेंज स्थित चौकी टोला से वह साइकिल से अपने घर जा रहा था। भट्ठा चौराहे पर पिपराइच से पादरी बाजार की तरफ जा रही मैजिक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।

### दृष्टि बाधित विद्यालय: तीन शिक्षकों का हुआ स्थानांतरण, छात्र बैठ गए धरने पर-हंगामा; विरोध

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर राजकीय दृष्टि बाधित विद्यालय के तीन शिक्षकों का स्थानांतरण हो जाने के विरोध में डीएम कार्यालय पर छात्रों ने घेराव कर लिया। दृष्टि बाधित छात्र शिक्षकों के स्थानांतरण के निरस्त किए जाने की मांग कर रहे थे। मांगे नहीं सुनी जाने पर अचानक ये छात्र नाराज हो गए और हंगामा करने लगे। मुख्ये गेट पर शोर हंगामा करते हुए गेट की बाऊंड्री का शीसा तोड़ दिया।

इस दौरान मौके पर एसडीएम औप अन्य अधिकारी भी पहुंच गए। उन्होंने भी इन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन ये नहीं मानें। फिलहाल सभी धरने पर बैठे हैं।

### लकड़बग्घे के जबड़े से मासूम बेटे को छीनकर ले आई मां, खुद हो गई लहूलुहान, चीख पुकार सुन जुटे ग्रामीण

**मिर्जापुर , एजेंसी।** कहते हैं कि मां से बड़ा योद्धा कोई नहीं होता। अपने बच्चे के लिए मां अपनी जान पर खेल जाती है। मिर्जापुर के हलिया थाना क्षेत्र स्थित रामपुर पौड़ी गांव में भी कुछ ऐसी ही तस्वीर देखने को मिली। रात के दस बज रहे थे। इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था तभी एक हिंसक लकड़बग्घा चुपके से आता है और घर में सोते हुए तेरह वर्षीय बालक नवी मोहम्मद को चारपाई से घसीटते हुए घर से डेढ़ सौ मीटर दूर ले जाकर जाता है इस दौरान बालक लहूलुहान हो जाता है। बगल में लेटी मां जयमुन निशा की नींद अचानक खुलती है और वो लकड़बग्घे पर टूट पड़ती है हमलावर जानवर मां को भी घायल कर देता है। मौके पर चीख पुकार मच जाती है और ग्रामीण लकड़बग्घे को मार देते हैं। घायल मां अपने बच्चे को देख बिलख पड़ती है और दोनो को ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया जाता है। दूसरी ओर वन विभाग की टीम को भी सूचना दी गई और टीम आकर मृत वन्य जीव को लेकर गई।

## कच्छा पहने डेरे में घुसा युवक, महिला की उंगली को चबाया, वन गुर्जरों ने पीट-पीटकर मार डाला



**सहारनपुर।** बेहट में टोली गांव के पास अर्धनग्न हालत में मिले युवक की वन गुर्जरों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। आरोपियों ने बताया कि युवक अर्धनग्न हालत में उनके डेरे में बार-बार घुस रहा था, जिसके बाद उसकी पिटाई की गई थी। टोली गांव के पास बुधवार को एक युवक का अर्धनग्न शव सड़क पर पड़ा मिला था, जिसके सिर और पैर पर चोट के निशान थे। युवक की हत्या कर शव वहां फेंका गया था। पुलिस के अनुसार, थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र के गांव कोठड़ी बहलोलपुर निवासी फिरोज पुत्र जहूर व थाना मिर्जापुर क्षेत्र की शाकंभरी देवी के जंगल में रहने वाले मुस्तफा पुत्र मोहम्मद आलम पिछले काफी समय से कलसिया में डेरे बनाकर परिवार के साथ रह रहे हैं, जो वन गुर्जर हैं।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे उनके डेरे में युवक घुस गया, जो केवल निक्कर पहने हुए था। उसने एक महिला की उंगली मुंह में लेकर काट ली। इससे गुस्साए दोनों आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद उसे डेरे से कुछ ही दूर सड़क पर छोड़कर आ गए। कुछ देर बाद युवक फिर से उनके डेरे में घुस गया।

उन्होंने दोबारा उसकी पिटाई कर दी। सिर में गहरी चोट लगने के कारण अधिक खून बह गया। इससे आरोपी डर गए और टोली गांव के संपर्क मार्ग पर ले जाकर अधमरी हालत में फेंक दिया। इसमें युवक की मौत हो गई।

**आरोपियों ने खुद ही बता दिया, हमने ही पीटा था :** जिस जगह युवक का शव मिला था, उससे करीब 40-50 मीटर की दूरी पर हाईवे के इस तरफ वन गुर्जरों के डेरे हैं। पुलिस मृतक युवक के बारे में जानकारी करने डेरों पर गई थी। जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने खुद ही स्वीकार कर लिया कि उन्होंने पीट-पीटकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है।



## अतरौली सहकारी समिति पर डीएपी न मिलने पर किसानों ने किया हंगामा, तड़के सुबह चार बजे से लगी लाइन

**अलीगढ़ , एजेंसी।** महज एक एक बोरी डीएपी पाने के लिए अतरौली में महिलाओं को घर का कामकाज छोड़कर तड़के सुबह से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। एक बोरी डीएपी पाना उनके लिए किसी जंग को जीतने से कम साबित नहीं हो रहा।

18 अक्टूबर को डीएपी आने की सूचना पर अतरौली में क्षेत्रीय सहकारी समिति उत्तरी और दक्षिणी पर तड़के सुबह चार बजे से ही महिला और किसान लाइन लगाकर बैठ गए। अपराह्न 1 बजे तक भी डीएपी का वितरण शुरू नहीं हो सका। भूखे-प्यासे किसान और महिलाएं बेहद परेशान दिखे। महिलाओं को घरों पर बच्चों के खाने की चिंता थी, लेकिन बार-बार कहने के बाद भी डीएपी का वितरण शुरू नहीं किया गया। डीएपी वितरण शुरू न होने से किसानों ने सहकारी समितियों पर जमकर हंगामा किया और खुलेआम डीएपी की जमाखोरी करने के आरोप लगाए। सचिव हाकिम सिंह और हरिराज ने बताया कि ऊपर से ऑनलाइन लोड शो नहीं करने से वितरण नहीं हो पा रहा है। लोड आते ही वितरण शुरू होगा। दोपहर एक बजे के बाद वितरण शुरू हो सका, तब कहीं जाकर किसान और महिलाओं को राहत मिली।

## पुलिसिया गोली से लारेंस बिश्नोई गैंग का शूटर घायल... धरा गया; नादिरशाह हत्याकांड से जुड़े तार

**मथुरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में गुरुवार को लारेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग के शूटर से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। इससे वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई रिफाइनरी थाना पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से की।

एसपी नगर डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लारेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग का शूटर योगेश कुमार उर्फ राजू रेलवे स्टेशन के पास मौजूद है। बदमाश योगेश दिल्ली के बहुचर्चित नादिरशाह हत्याकांड का भी मुख्य आरोपी है। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई।

उधर इसकी तलाश में दिल्ली पुलिस भी मथुरा पहुंची थी। रिफाइनरी थाना पुलिस ने दिल्ली पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाश ने भागने की कोशिश की। चारो ओर पुलिस टीम को देखकर पुलिस पर फायरिंग झोंकी।

एसपी नगर ने बताया कि इस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान पैर में गोली लगने से वह घायल होकर वहीं गिर गया। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस इसे लेकर अस्पताल पहुंची। बताया कि बदमाश योगेश मूल रूप से बदायूं जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है।

बताया कि इसने लारेंस बिश्नोई गैंग में शामिल होकर यूपी के अलग-अलग स्थानों पर हत्या समेत कई गंभीर आपराधों को अंजाम दिया है। पुलिस से बचने के लिए यह ठिकाने बदलता रहता था। नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य शार्पशूटर भी है। दिल्ली पुलिस भी इसकी तलाश कर रही थी। इसके खिलाफ अलग-अलग जिलों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसे कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

## मौत का तांडव: सड़क पर बिखरी थीं मां-बेटियों की लाशें, देखने वालों के खड़े हो गए रोंगटे; चीखों से गूंजा क्षेत्र

**मथुरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में गुरुवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। लोग जान बचाने के लिए कूदकर भागे। इसी समय गाड़ी के नीचे आ गए। दो बालिकाओं सहित पांच की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। सभी लोग बिहार के गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र आने वाले हेट विद्या हीचापुर गांव के रहने वाले थे। हादसा कोसीकलां थाना क्षेत्र के शेरगढ़ रोड स्थित नगरिया सात विसा गांव के पास हुआ। यहां तड़के पहर बिहार के मजदूर ईंट भट्ठा पर काम करने के लिए हरियाणा के पलवल जिले के होडल जा रहे थे। बिहार से अलीगढ़ तक ट्रेन से आए थे। अलीगढ़ से मैक्स पिकअप में सवार होकर होडल जा रहे थे। सात विसा नगरिया गांव के पास पिकअप अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर होने के बाद बिजली का तार टूटकर गिर गया। जान बचाने के लिए पिकअप सवार लोग कूदकर भागने लगे। इसी समय चालक ने गाड़ी पीछे हटाई। करीब आठ-नौ लोग गाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में गौरी देवी (35) पत्नी सुकेंदर माझी, उसकी दो वर्ष की पुत्री कोमल, कुंती देवी (28) पत्नी प्रेम माझी, उसकी दो वर्षीय पुत्री प्रियंका और मोना पत्नी सूरजभान की मौके पर मौत हो गई है। इसके अलावा काजल (17) पुत्री रामबली, जीरा (19) पुत्री रामबली, माना (21) पुत्री सरजू, गगन कुमार (3) पुत्र जीतन सहित एक दर्जन लोग घायल हो गए। टना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां इनकी हालत नाजुक देखते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग गया। सूचना पर एसपी ग्रामीण त्रिगुण विषेन, सीओ आशीष शर्मा, प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

## गोरखपुर नगर निगम: फरवरी में बनी सड़क...रातों-रात ठेकेदार ने जेसीबी से उखाड़ी, मलबा भी हटवाया

**गोरखपुर, एजेंसी।** शहर के वार्ड नंबर 16 दिग्विजयनगर में इसी साल फरवरी में बनी सड़क को मंगलवार की रात ठेकेदार ने जेसीबी लगाकर उखाड़ दी। रातों-रात उसका मलबा भी हटवा दिया। लोगों ने सुबह सड़क देखकर पार्षद ऋषि मोहन वर्मा को सूचित किया। पार्षद ने निरीक्षण कर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल को इससे अवगत कराया।

दिग्विजयनगर में 24 दिसंबर 2022 को पार्षद ऋषि मोहन वर्मा ने विनोद शाह के मकान से बलवंत के मकान तक सीसी सड़क बनाने का प्रस्ताव दिया था। तब यह वार्ड संख्या 12 हुमांयूपुर था। फरवरी 2024 में 13 लाख रुपये से 120 मीटर लंबी सीसी सड़क बनाई गई। मंगलवार देर रात जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा कर सड़क तोड़ी जाने लगी।

सुबह स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर पार्षद ऋषि मोहन वर्मा पहुंचे तो जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली वाले आधा मलबा मौके पर छोड़ गाड़ी लेकर फरार हो गए। सड़क टूटने से लोगों में काफी नाराजगी है।

बुधवार को जांच के लिए अधिशासी अभियंता अमरनाथ, सहायक अभियंता शैलेष कुमार, अवर अभियंता विवेकानंद एवं अवनीश भारती मौके पर पहुंचे।

स्थानीय लोगों से बातचीत के बाद मुख्य अभियंता को अपनी रिपोर्ट सौंपने की बात कही।बुधवार को उन्होंने जांच की तो पता चला कि तोड़ी गई सड़क का वार्ड नंबर 74 संत झूलेलाल नगर के ट्रासंफॉर्मर से कुंज बिहारी (245 मीटर) के आवास तक त्वरित आर्थिक विकास योजना अंतर्गत सीसी सड़क एवं नाला का प्रस्ताव स्वीकृत करा निविदा करा दी गई थी।

निविदा हासिल करने वाले ठेकेदार ने बिना अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता के संज्ञान में लाए मंगलवार रात सड़क उखाड़ दी।



### स्ट्रीट लाइट किसी भी विभाग की हो, मरम्मत कराएगा नगर निगम; शिकायतों की मिली भरमार

वाराणसी , एजेंसी। शहर की स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत को लेकर आए दिन समस्या आ रही है। इसे देखते हुए तय किया गया कि शहर में किसी भी विभाग की ओर से स्ट्रीट लाइट लगाई गई हो, लेकिन वह खराब होगी तो उसकी मरम्मत नगर निगम कराएगा। पिछले दिनों ईईएसएल के अधिकारियों को बुलाया गया था। उनके साथ नगर निगम की समन्वय बैठक हुई। इसके लिए नगर निगम सदन ने भी आलोक विभाग को आदेशित किया है। पिछले दिनों जांच में पांच हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटें बंद पाई गईं थीं। इनमें वीडीए, पीडब्ल्यूडी, पंचायत, ग्राम्य विकास, विधायक निधि आदि मदों से स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी। इनमें से अधिकांश लाइटें जब बंद हुई तो लोगों ने नगर निगम में शिकायत की। नगर निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने अपने रिकॉर्ड से उस लाइट का मिलान किया। रिकॉर्ड न मिलने के बाद उन्होंने बंद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई। बाद में इसे लेकर काफी हो हल्ला मचा। फिर तय हुआ कि नगर निगम सीमा में लगने वाले स्ट्रीट लाइट की देखभाल की जिम्मेदारी नगर निगम उठाएगा। इसके लिए सभी विभागों से सामंजस्य बनाने के लिए मेयर अशोक कुमार तिवारी ने आलोक विभाग को निर्देशित किया था। अधिशासी अभियंता एके सक्सेना ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ट्रडो सरकार के निराधार आरोप

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही 'पर्सन ऑफ इंटरेस्ट' घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है। भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है। बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं।

## त्योहार पर हर बार हिंसा क्यों?

करीब साल भर पहले मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में भी ऐसे ही उपद्रव देखे गए। मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा जैसे आयोजन लोगों की आस्था से जुड़े विषय हैं। दूसरी आस्था के लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे दूसरे धर्मों के लोगों की आस्था का भी सम्मान करें। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भड़की हिंसा ने एक बार फिर कुछ सवाल गाढ़े कर दिए हैं। मूर्ति विसर्जन के लिए निकली शोभायात्रा पर पथराव और फिर उपद्रवी संघर्ष में गोली लगने से एक युवक की मौत के बाद वहां सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि उपद्रवी भीड़ पर काबू पा लिया और आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मगर इस घटना से पूरे प्रदेश और देश के दूसरे हिस्सों में जो सांप्रदायिक विद्वेष की जड़ें थोड़ी और गहरे धंस गई हैं, उसे उखाड़ना इतना आसान नहीं होगा। ऐसी हर घटना के बाद यह सवाल उठता है कि आखिर हमारा समाज धार्मिक रूप से इतना असहिष्णु कैसे और क्यों हो गया है। क्यों कुछ लोगों को हिंसा में आनंद मिलने लगा है। बहराइच की घटना न तो अकेली है और न नई। अब तो शायद ही कोई पर्व-त्योहार ऐसा गुजरता है, जो बिना हिंसा के संपन्न हो जाता हो। यह विचित्र संयोग है कि अक्सर शोभायात्राओं पर पथराव की घटना हो जाती है। उन सबकी प्रकृति लगभग एक होती है। पहले तेज ध्वनि में संगीत बजाने पर एतराज जताया जाता है, फिर पत्थर फेंका जाता है और संघर्ष होता है। इसमें कोई न कोई मारा जाता और कुछ घायल हो जाते हैं। फिर प्रशासन सख्ती दिखाता है। कायदे से धार्मिक आयोजनों, शोभायात्राओं के बारे में पुलिस को सूचित करना जरूरी होता है और आयोजन की रूपरेखा बतानी और उसके लिए अनुमति लेनी होती है। मगर कम ही आयोजक इस कायदे का पालन करते देखे जाते हैं। जो पालन करते भी हैं, वे अक्सर मनमानी करते पाए जाते हैं। हनुमान जयंती पर दिल्ली में निकली शोभायात्रा के दौरान या फिर हरियाणा के नूंह में कलशयात्रा के समय भड़की हिंसा के पीछे भी लगभग यही कारण बताए गए थे। करीब साल भर पहले मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुछ इलाकों में भी ऐसे ही उपद्रव देखे गए।

# संघ प्रमुख का विजयादशमी उद्बोधन 2024- निहितार्थ

**(प्रवीण गुगनानी)**

> *देश में उभरते कट्टरपन की चर्चा में बाबासाहेब अंबेडकर की यह बात उन्हीं के शब्दों में कही गई कि - 'यह तो अराजकता का व्याकरण है।' यही कट्टरपन देश में विभिन्न हिंदू उत्सवों की शोभायात्राओं पर पत्थर बरसाता है सामाजिक समरसता की घोर आवश्यकता पर बल देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि एक दूसरे के सामाजिक उत्सवों में सम्मिलित होने, सभी समाजों के महापुरुषों को राष्ट्रीय नायक मानने से, परस्पर आयोजनों-उत्सवों में सम्मिलित होने से, परस्पर मान्यताओं व श्रद्धा को अपना मानने से ही सामाजिक समरसता की स्थापना हो सकेगी।*

सामाजिक समरसता की घोर आवश्यकता पर बल देते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि एक दूसरे के सामाजिक उत्सवों में सम्मिलित होने, सभी समाजों के महापुरुषों को राष्ट्रीय नायक मानने से, परस्पर आयोजनों-उत्सवों में सम्मिलित होने से, परस्पर मान्यताओं व श्रद्धा को अपना मानने से ही सामाजिक समरसता की स्थापना हो सकेगी। आज भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का माप, ताप, व्याप, आलाप, अनुलाप इतना है कि संघ के विचार को विश्व के प्रमुख सत्ता केंद्र भी सुनना, समझना और मथना चाहते हैं। संघ क्या कह रहा है? उसकी योजना क्या है? उसका मंतव्य और गंतव्य क्या है? वर्ष भर में दो-तीन ही ऐसे अवसर होते हैं जिनसे यह समझने का प्रयास किया जा सकता है। इस दृष्टि से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर्वोच्च अधिकारी, सरसंघचालक जी का दशहरा उद्बोधन एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस वर्ष विजयदशमी उत्सव में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव जी भागवत के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कोपिल्लिल राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में थे। राष्ट्र में मातृशक्ति की चैतन्यता, जागरण, उत्थान, विमर्श की दृष्टि से संघ लगभग प्रतिवर्ष किसी महत्वपूर्ण नारी व्यक्तित्व को लेकर समाज जागरण करता है। विगत वर्ष इस दृष्टि से हमारी जनजातीय नायक वीरांगना दुर्गावती पर संघ ने अपने वर्ष भर के महिला विमर्श के कार्यक्रमों को केंद्रित किया था। यह वर्ष देश की एक आध्यात्मिक किंतु सर्वोत्कृष्ट शासनकर्ता, लोकमाता, पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई का तीन सौवां जन्म जयंती वर्ष है। देश भर में होने वाले अपने कार्यक्रमों को अहिल्या बाई पर केंद्रित करने की दृष्टि से सरसंघचालक जी ने कहा- देवी अहिल्याबाई एक कुशल राज्य प्रशासक, प्रजाहितदक्ष कर्तव्यपरायण शासक, धर्म संस्कृति व देश की अभिमानी, शीलसंपन्नता का उत्तम आदर्श तथा रण-नीति की उत्कृष्ट समझ रखने वाली राज्यकर्ता थीं। यह वर्ष भारत हेतु कुप्रथाओं, कुरीतियों से मुक्तिदाता दिलाने वाले आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जन्म जयन्ती वर्ष भी है। स्वामी दयानंद ने विदेशी आक्रमणों के कारण भारतीय समाज में आ गई सामाजिक व्याधियों का समुचित अध्ययन करके उनसे देश को मुक्ति दिलाने की दिशा में एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन चलाया था। विदेशी आक्रांताओं के वैचारिक आक्रमण, उनके द्वारा हमारी शिक्षा पद्धति को नष्ट करना, शिक्षण संस्थानों का विध्वंस करना, मतांतरण के माध्यम से समाज को भ्रष्ट करना, समाज में षड्यंत्रपूर्वक जातिगत विभेद उत्पन्न करना जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हिंदू समाज आ गई बुराइयों का उन्मूलन एक बड़ा व महत्वपूर्ण कार्य था; यह कार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने किया। संस्था चाहे कोई भी हो अपने आयोजनों में किसी अन्य संस्था के प्रसंगों को जोड़कर अपनी लाइन छोटी नहीं करना चाहती है। संघ इसके ठीक विपरीत है। संघ, हिंदू समाज के सभी गौरव बिंदुओं में स्वयं को विलीन कर देना चाहता है व इस अनुरूप ही आचरण भी करता है। संघ अपनी सौवीं जयंती में वर्ष भर, बंगाल की 'सत्संग' संस्था की सौवीं जयंती को समूचे देश में अपने कार्यक्रमों, दैनिक स्मरण, आयोजनों, बैठकों, कार्यशालाओं में मनायेगा। 'सत्संग' की स्थापना प्रसिद्ध बंगाली महापुरुष अनुकूल चन्द्र ठाकुर ने की थी। भारत के चारित्र्य मापदंडों को ऊँचा करने, साहित्यिक दृष्टि को विकसित करने, सांस्कृतिक अस्मिता को जीवित रखने, विदेशी आक्रांताओं के कारण समाज में आई ही बुराइयों से समाज को मुक्ति दिलाने में बंगाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कभी देश भर में 'भद्र बंगाल' माने जाने वाले बंगाल के वैचारिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनैतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक महापुरुषों का स्मरण करने से, समूचे देश के वैचारिक जागरण व पुनरुत्थान की दिशा हमें स्वमेव मिल जाती है। सरसंघचालक जी ने बंगाली नायक परमपुज्य श्री अनुकूल चन्द्र ठाकुर का स्मरण व कृतज्ञता ज्ञापन किया। भारत के वन्य समाज व नागर समाज में कभी कोई भेद-विभेद नहीं रहा है। दोनों ही समाजों ने एक दूसरे के पूरक भाव से परस्पर आवश्यकताओं की पूर्ति, परस्स्पर सम्मान, परस्पर मेल-जोल को बनाये रखते हुए देश के चहुँमुखी विकास में अपनी भूमिका निभाई है। आज देश में चारों ओर 'दलित विमर्श' के नाम पर या जनजातीय हितों के नाम पर विदेशी शक्तियाँ समाज विभाजन का वातावरण उत्पन्न कर रहीं हैं। इन विदेशी विचारों को उत्तर देने हेतु हमारे समक्ष सबसे बड़ा नाम जनजातीय नायक, भगवान बिरसा मुंडा का है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस सर्वोच्च मंच से भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष को भी वर्ष भर उत्सवपूर्वक मनाने व उनके विचार को अपने वैचारिक प्रतिमानों में और अधिक सुसज्जित रूप से स्वीकार्य करने हेतु समाज के समक्ष आग्रह रखा गया है। भगवान बिरसा मुंडा से भी बड़ा उनका विचार था, जिसे उलगुलान के रूप में उन्होंने हमारे देश को दिया था। आज की आधुनिक परिस्थितियों के अनुरूप ही भगवान बिरसा के 'उलगुलान' को राष्ट्रीय नीतियों में स्थापित करके हम उनके इस 150 वीं जन्म जयंती को मनायेंगे, ऐसा संकल्प भी संघ के इस मंच से उद्घोषित हुआ। मंच से भारत में होने वाली अवैध घुसपैठ व उसके कारण उत्पन्न जनसंख्या असंतुलन, अवैध घुसपैठियों के संदर्भ में भी चिंता व्यक्त की गई व एक सुदृढ़ 'नागरिकता नियम' की आवश्यकता का भान देश को कराया गया। तेज़ी से बदलते विमर्शों या नरेटिव्ज़ के वर्तमान विमर्श में अपने देशज विमर्श को 'डीप स्टेट', 'वोकिज्म' 'कल्चरल मार्क्सिस्ट' से बचाये रखने में आज की पीढ़ी की आवश्यकता की भी चर्चा की गई। व्यक्तव्य से यह तथ्य भी उभरा कि - समाज में जातिगत विघटन उत्पन्न करना, चिरंतन सामाजिक मूल्यों को ध्वस्त करना, श्रद्धा व आस्था को समाप्त करने वाले इन नये नरेटिव्ज़ को समाप्त करने में अपनी वैचारिक शक्ति को जागृत रहना होगा। देश के बालवृंद, किशोरों व युवा पीढ़ी को परोसे जा रहे 'वैचारिक एसिड्स' की चर्चा भी हुई। मोहनराव जी ने कहा कि हमारा राष्ट्र मातृवत् परदारेषु के सुदृढ़ आचरण वाला एक सांस्कृतिक राष्ट्र रहा है। संस्कृत के इस सूक्त 'मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत्, आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पंडितः'.का आशय है- जो व्यक्ति समाज में अपनी पत्नी को छोड़कर शेष नारी समाज को अपनी मां की तरह, दूसरे के धन को मिट्टी के समान, और सभी प्राणियों को अपने जैसा ही मूल्यवान समझता है, वही सच्चा पंडित यानी ज्ञानी है। नई पीढ़ी के प्रति बड़ी विस्तृत चिंता व्यक्त की गई।

# देश में तकनीकी क्रांति का नया दूत बनेगा परमरूद्र

**(निरंकार सिंह)**

भारतीय वैज्ञानिकों ने स्वदेशी तकनीक से परमरूद्र सहित तीन सुपर कंप्यूटरों को बनाया है। इनसे ब्रह्मांड की उत्पत्ति, ब्लैकहोल, खगोल विज्ञान और मौसम के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। भारत की तकनीकी प्रगति में यह मील का पत्थर है। इससे नई तकनीकों का विकास होगा और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इन सुपर कंप्यूटरों को देश को समर्पित किया है। परमरूद्र के अलावा अन्य दो सुपर कंप्यूटरों के नाम अरका और अरुणिका रखे गए हैं। विश्व स्तर पर चीन के पास सर्वाधिक सुपर कंप्यूटर हैं। इसके बाद अमेरिका, जापान, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, आयरलैंड और ब्रिटेन का स्थान है। इसको देखते हुए भारत सरकार ने मार्च 2015 में ही सात वर्षों की अवधि (वर्ष 2015-2022) के लिए 4,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 'राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन' की घोषणा की थी। इस मिशन के अंतर्गत 70 से अधिक उच्च प्रदर्शन वाले सुपर कंप्यूटरों के माध्यम से एक विशाल सुपर कंप्यूटिंग ग्रिड स्थापित कर देश भर के राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों और संस्थाओं को सशक्त बनाने की परिकल्पना की गई। इस परियोजना का उद्देश्य एक मजबूत भारतीय नेटवर्क स्थापित करना है, जो विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम होगा। परमरूद्र सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम की प्रोसेसिंग स्पीड एक पेटाफ्लॉप प्रति सेकंड है, यानी ये कंप्यूटर एक सेकंड में 1,000 खरब फ्लोटिंग-प्वॉइंट ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं। किसी एक मशीन के लिए यह बेहद तेज कंप्यूटिंग स्पीड है। एचपीसी (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम उन्नत कंप्यूटिंग प्रणाली हैं, जिनको जटिल और डेटा-गहन कार्यों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। इन प्रणालियों का उपयोग आमतौर पर जलवायु मॉडलिंग, आणविक जीव विज्ञान व जीनोमिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग, इंजीनियरिंग व सामग्री विज्ञान सिमुलेशन और रक्षा व एयरो स्पेस के क्षेत्र में किया जाता है। परमरूद्र एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग सिस्टम है, जिसे जटिल गणनाओं और सिमुलेशन को उल्लेखनीय गति से संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। ये सुपर कंप्यूटर भारत के राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन का परिणाम हैं, जो घरेलू स्तर पर उन्नत तकनीक को विकसित करने में हमारी निरंतर बढ़ती क्षमताओं को दर्शाते हैं। पुणे में स्थापित विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी) परमरूद्र का उपयोग फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) और अन्य खगोलीय घटनाओं के अध्ययन के लिए करेगा। जाहिर है, इससे ब्रह्मांड के बारे में हमारी समझ बढ़ेगी। दिल्ली स्थित अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र (आईयूएसी) में सुपर कंप्यूटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा। अरका और अरुणिका सूर्य पर आधारित हैं। 850 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए इन सिस्टमों की मिली-जुली प्रोसेसिंग क्षमता 21.3 पेटाफ्लॉप है। ये दोनों नोएडा स्थित नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट और पुणे के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रोपिकल मीटरोलॉजी में पहले से मौजूद सिस्टम प्रत्युष और मिहिर की जगह लेंगे। अरका और अरुणिका की मदद से हाई-रेजोल्यूशन वाले मॉडल तैयार किए जाएंगे, जो उष्ण कटिबंधीय चक्रवातों, भारी वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि, गर्म लहरों, सूखे व अन्य मौसम संबंधी अहम घटनाओं से संबंधित भविष्यवाणियों की सटीकता और लीड टाइम को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। इनकी मदद से भारत मौसम विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ा खिलाड़ी बनने को तैयार है। इन प्रणालियों का असर वैज्ञानिक अनुसंधानों के अलावा कई अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ेगा। इनमें कृषि, आपदा प्रबंधन और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने की विराट क्षमता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5526

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5525

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5526



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. विध्व का सबसे विषैला सर्प (पेनिन्सुलर टाइगर सर्प) इस देश में पाया जाता है (4)
4. स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से प्रत्येक (3)
6. एक साथ, अकस्मात, अचानक (5)
8. मुनाफा, फायदा, नफा (2)
10. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
12. क्षेत्र, रियासत (3)
13. राष्ट्रद्रोह करने वाला (2)
15. जो अभी बनकर तैया हुई हो (2)
16. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
17. फन, हुनर (2)
19. मक्के की एक इमारत जिसे मुस्लिम लोग खुदा का घर मानते है (2)
20. अत्यंत, मुख, प्रधान, उत्कृष्ठ (3)
21. मंडल, कोमल (4)
23. कोई आक्षेप वाक्य (2)
24. सम्मान, इज्जत, नापने की क्रिया (2)

**ऊपर से नीचे**
1. किसी केंद्रीय कम्प्यूटर से जुड़ा हुआ एवं उसके द्वारा नियंत्रित (5)
2. प्रयाजन हेतु प्रयुक्त संप्रदान कारक की विभक्ति (2)
3. तिब्बत ओर मध्य एशिया में होने वाला जंगली भैंसा (2)
4. किंतु, परंतु, लेकिन, पंख (2)
5. दिलीप कुमार और सायराबानों अभिनीत यह फिल्म हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में बनी थी (3)
7. आवागमन ग्रस्त, उलट-पलट कर होना (6)
9. सदव्यवहार करना, अच्छा बरतना (6)
11. तीखी बोली बोलने वाला (5)
14. नगमा, तराना, गाना (2)
18. फौज का दस्ता, दूरी पर (2)
19. पुराणानुसार विवाह होने के पूर्व कुमारी अवस्था में हुआ पुत्र (3)
20. मुकाम, रहने का स्थान (2)
22. एकत्र, संग्रह किया हुआ, इकट्ठा (2)

### वर्ग पहेली 5525 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | खु | ला | प | प |
| व | ज | न | क | श | | खा | द |
| प्र | | क | मी | | त | र | |
| धा | र | | न | ज | रा | ना | |
| न | बी | | गा | ज | ना | | ऑ |
| | | श | ह | | | टै | क्सी |
| स | त | र्क | | | ज | ल | ज |
| दा | य | रा | | शै | | र | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपके मन में प्रसन्नता रहेगी और आपको वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपके लिए दिन सम्मान से भरा होगा और कारोबार में तरक्की होने से मन काफी खुश रहेगा।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं और उसमें आपको लाभ होगा। आपको खुशी होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपकी सफलता को देखकर बाकी लोगों का मूड खराब हो सकता है। आपके लिए दिन परोपकार में बीतेगा और आपके जीवन में खुशहाली बढ़ेगी।

### कर्क
आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद रहेगी।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन सम्मान यश कीर्ति की वृद्धि होगी। आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको शाम के वक्त लोगों से लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। रात्रि में सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### मिथुन
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम के समय परिवार के साथ कहीं जाने के संयोग बन रहे हैं।

### कन्या
आज दिन काफी खर्च से भरा होगा। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा-पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

### तुला
आज भाग्य का साथ मिलेगा और परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त आनंद में बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सेहत के प्रति स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है। रात्रि में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

### वृश्चिक
आज हर कार्य में आशातीत सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात का समय प्रियजनों के दर्शन के साथ हास्य परिहास में बीतेगा और आपके कारोबार में तरक्की होगी। खानपान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें।

### मकर
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपका धन आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। ऑफिस में कर्मचारियों के साथ आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं और तनाव बढ़ सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

### कुंभ
आज भाग्य साथ देगा और आपका परिवारिक जीवन आनंद में बीतेगा। पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के वक्त कहीं घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और पिता या फिर ऑफिस में बॉस का साथ मिलने से आपको किसी बहुमूल्य वस्तु या फिर संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक वाहन के प्रयोग में सावधानी बरतें, वरना पैसा खर्च होगा और आपका काम बढ़ सकता है।

### मीन
आज दिन भाग्यशाली है। आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपका दिन भाग्यशाली रहेगा और आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर नुकसान करवा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**



# टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को दें दिशा

**अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने जा रहे हैं। टनल इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप महीने के लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों का टनल से तो वास्ता जरूर होता होगा। टनल ट्रांसपोटेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का हमेशा से एक अभिन्न अंग रहा है। इंजीनियर और एक्सपर्ट्स मिलकर टनल को तैयार करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग का ही एक पार्ट टनल इंजीनियरिंग है। यह जियोटेक्निकल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग का एक कॉम्बिनेशन होता है। बता दें कि टनल इंजीनियर को चट्टानों व मिट्टी की काफी अच्छी समझ होती है। आपको बता दें कि आप टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को एक दिशा दे सकते हैं। अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टनल इंजीनियर कैसे बनते रहें, इसके लिए कौन सा कोर्स करना चाहिए और इसमें जॉब की क्या संभावनाएं होती हैं।

## योग्यता

यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है, तो उसको सबसे पहले सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री प्राप्त करनी होगी। इसके बाद वह टनल कंस्ट्रक्शन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। वहीं सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक करने के बाद आप टनल बोरिंग की तकनीकों में जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालय टनल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन कोर्स ऑफर करते हैं। इसके अलावा बीटेक-एमटेक करने के बाद भी आप टनल इंजीनियर बनने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

भारत देश में एक टनल इंजीनियर की एवरेज सैलरी करीब 1,73,615 रुपए के महीने के आसपास होती है। हांलाकि नॉलेज, स्किन और एक्सपीरियंस के हिसाब से ग्रोथ मिलती रहती है। ऐसे में युवा इस फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।





# ई-मेल मार्केटिंग में बना सकते हैं शानदार कॅरियर

**आज के समय में कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।**

वर्तमान समय में ईमेल के जरिए हर कंपनी मार्केटिंग अभियानों को कस्टमर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपको बता दें कि ग्राहकों के लिए ई-मेल मार्केटर ऐसी कॉपी लिखते हैं। जो कस्टमर को कंपनी के साथ इंगेज कर सके। इसके लिए ईमेल मार्केटर हर ईमेलर के लिए स्ट्रैटली तैयार करते हैं। वह कंटेट से लेकर ग्राफिक्स तक तैयार करवाते हैं। इस काम के लिए कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं।
ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर घर बैठे काम सीख सकते हैं। इसके जरिए कंपनियां हफ्ते भर में होने वाली गतिविधियां न्यूजलेटर के जरिये ग्राहकों को हर हफ्ते भेजती रहती हैं। जिस कारण ईमेल मार्केटिंग आज एक बड़ी फील्ड के तौर पर उभरा है। ऐसे में अगर आप भी ईमेल मार्केटिंग करना जानते हैं, तो आप इस फील्ड में आसानी से लाखों का पैकेज उठा सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आप डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या होती है ई-मेल मार्केटिंग

आपको बता दें कि यह एक कमर्शियल मैसेज की तरह होता है, जिसके इस्तेमाल से कंपनी सीधे तौर पर कस्टमर को टारगेट करती है। इसकी मदद से कंपनी कस्टमर को अपने उत्पाद के बारे में जानकारी देने के साथ उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करती है। यही कारण है कि ई मेल मार्केटिंग का कन्वर्जन रेट बाकी मार्केटिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा होता है। वहीं कुछ टूल्स और सॉफ्टवेयर की मदद से आप इस काम को घर बैठे भी कर सकते हैं। ई-मेल मार्केटिंग में आप एक साथ सैकड़ों लोगों को कंपनी का मेल भेज सकते हैं।

## ई-मेल मार्केटिंग का लक्ष्य

- अपने बिजनेस वेबसाइट को प्रमोट करना
- नए ऑफर्स की जानकारी कस्टमर्स को देना
- अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक पहुंचाना
- अपने वेबसाइट का ट्रैफिक बढ़ाना

## कैसे करें ई-मेल मार्केटिंग

अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास ई-मेल अकाउंट होना चाहिए। वर्तमान समय में तमाम कंपनियां ई-मेल के जरिए अपने मार्केटिंग अभियान को चलाती हैं। इस फील्ड में जाने के लिए आपके पास ई-मेल लिस्ट, मार्केटिंग टूल्स सेटअप होने के साथ ई मेल टेम्प्लेट भी होना भी जरूरी है।

## ई-मेल मार्केटिंग कोर्स के लाभ

- ई-मेल मार्केटिंग के जरिए आप अपने बिजनेस या उत्पाद को प्रमोट कर सकते हैं।
- एक ही समय में आप कई लोगों को ई-मेल भेजने का काम कर सकते हैं।
- साथ ही आपके मेल को किसने देखा और किसने स्पैम किया, आप इसकी भी जानकारी ले सकते हैं।
- बता दें कि इसका कनवर्जन रेट काफी ज्यादा है।
- आप बेहद कम बजट के साथ यह मार्केटिंग कर सकते हैं।
- इसमें कस्टमर डायरेक्ट कंपनी से संवाद कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि इस फील्ड में कॅरियर बनाने वाले युवाओं को सालाना 6 लाख रुपए तक का पैकेज मिलता है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ही सैलरी में इंक्रिमेन्ट होता रहता है।



## कोर्स की खासियत

- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- 100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

## कॅरियर को मिलेगी नई दिशा

युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट, प्रोफेशनल और और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की गई है। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा कई ऐसे कोर्स हैं, जिनको करके युवा अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।




# कंटेंट मार्केटिंग के जरिए हर कंपनी बन रही बेस्ट युवाओं के लिए हैं कई अवसर

**कोई भी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए कंटेंट का सहारा लेती है। कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है।**

अगर आप भी हर रोज अपने मोबाइल में तमाम विभिन्न कंपनियों द्वारा भेजे गए दर्जनों मैसेज, नोटिफिकेशन्स और व्हाट्सअप मैसेज और ईमेल्स को देखते होंगे। यह कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक किसी भी कंपनी को तेजी से ग्रोथ पाने के लिए कंटेंट की जरूरत होती है। कंटेंट के जरिए ही बिजनेस लोगों के बीच पहचाना जाता है, जो धीरे-धीरे ब्रांड बन जाता है। यही कारण है कि साल 2026 तक कंटेंट मार्केटिंग का सेक्टर अपने वार्षिक रिवेन्यू को डबल करने जा रहा है। वहीं अगर साल 2023 के कंटेंट मार्केटिंग रिवेन्यू की बात की जाए, तो सिर्फ कंटेंट मार्केटिंग कंपनियों ने 66 बिलियन यूएस डॉलर गेन करने का काम किया है। ऐसे में अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और अपने के लिए एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

## कंटेंट मार्केटिंग में स्कोप

- वर्तमान समय में कंटेंट ही किंग है।
- हर फील्ड की कंपनियां अपने कस्टमर से कनेक्ट करने के लिए कंटेंट का सहारा लिया जाता है।
- साल 2019 से 80% कंपनियां कंटेंट के जरिए मार्केटिंग कर रही हैं।
- साल 2021 में 97% कंपनियां कंटेंट के माध्यम से मार्केटिंग करना शुरू कर चुकी हैं।
- वहीं 40% मार्केटर्स ने साल 2022 में कंटेंट मार्केटिंग का बजट बढ़ाया है।
- जो युवा इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती रहती है।
- बता दें कि कंटेंट मार्केटर की शुरूआती सैलरी 25,000 रुपए महीना होती है।

## कस्टमर को कैसे दें प्रोडक्ट की जानकारी

हर फील्ड में कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को कई तरीके से जानकारी दी जाती है। आप वीडियो, जीआईएफ, ब्लॉग पोस्ट, इंफोग्रॉफिक, ईमेल न्यूजलेटर के जरिए कस्टमर को प्रोडक्ट की जानकारी दे सकते हैं। वहीं कस्टमर को जागरुक करने का सबसे प्रभावी तरीका प्रोडक्ट के बारे में तैयार किया गया ऑडियो विजुअल फॉर्मेट है। जोकि सबसे ज्यादा प्रचलन में है।

## डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी

डिजिटल मार्केटिंग कोर्स बाकी संस्थानों की अपेक्षा कम कीमत में मिलता है। इस फील्ड में आपको 40 से अधिक टूल्स और मॉड्यूल्स के बारे में सिखाया जाता है। इसके अलावा आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, गूगल एड, ई-मेल मार्केटिंग, फेसबुक एड, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइन, एंटरप्रेन्योरशिप स्किल भी सिखाई जाती हैं। इसमें कैंडिडेट को स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही कैंडिडेट को 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है।

## जॉब

- पे पर क्लिक एक्सपर्ट्स
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एफिलिएट मार्केटिंग
- गूगल एड एक्सपर्ट्स
- ई-मेल मार्केटिंग

# मेधावी छात्रों को कोलगेट दे रहा बंपर स्कॉलरशिप




**कोलगेट सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।**

कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है।
आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।

## क्वालिफिकेशन

- इस स्कॉलरशिप का लाभ वर्तमान में बीडीएस पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में नामांकित छात्र ले सकते हैं।
- छात्रों को न्यूनतम 60% अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।
- आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट स्नातक बीडीएस संस्थान में नामांकित होना चाहिए।
- छात्र के परिवार की सालान वार्षिक आय 8 लाख से कम होनी चाहिए।
- यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स

- आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो
- आय प्रमाण (फॉर्म 16ए/सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/बीपीएल प्रमाण पत्र/वेतन पर्ची, आदि)
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक खाता विवरण (रद्द चेक/पासबुक कॉपी)
- प्रवेश का प्रमाण (कॉलेज आईडी कार्ड/बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आदि)
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड)
- विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

## स्कॉलरशिप का लाभ

इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत 11वीं के छात्रों को 2 साल तक 20,000 रुपए, ग्रेजुएशन व डिप्लोमा धारक छात्रों को तीन सालों तक 30,000 रुपए, अंडरग्रैजुएट/इंजिनियरिंग के स्टूडेंट्स को 4 सालों तक 30,000 रुपए, वोकेशनल कोर्स कर रहे छात्रों को 1 साल तक 20,000 रुपए और स्पोर्ट्सपर्सन को 3 सालों तक 75-75 हजार रुपये मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद में दर्दनाक हादसा, तेज धमाके से गिरी घर की छत; मलबे में दबकर तीन की मौत

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद के भांकरी गांव में धमाका होने से एक दुकान के ऊपर बने एक कमरे की छत उड़ गई। इस हादसे में कमरे में सो रहे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दादा-दादी और उनका पोता शामिल है। पुलिस ने शवों को बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। अभी धमाके की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। सिलेंडर फटने से धमाका होना बताया जा रहा है। मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। शुक्रवार तड़के करीब 2:30 बजे अचानक दुकान के ऊपर बने कमरे में तेज धमाका हुआ। धमाके से कमरे की छत उड़ गई। कमरे के अंदर सो रहे 53 वर्षीय सरजीत और 50 वर्षीय उनकी पत्नी बबीता और उनके पौते 13 वर्षीय नकुल की मौत हो गई। इस हादसे में एक पशु की मौत हुई है। धमाके की वजह से आस-पड़ोस के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पड़ोस के एक घर की दीवार में भी नुकसान की सूचना है। धमाके की सूचना मिलने के बाद आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइड्रा की मदद से मलबा हटाया और शवों को निकालकर बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। इस हादसे की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। अभी तक सिलेंडर की वजह से धमाका होने की बात सामने आ रही है। पुलिस की ओर से अभी धमाके की वजह की जानकारी नहीं दी गई है।

### मजदूर को झूठे केस में फंसाना पड़ा भारी, 4 लाख रुपये देना होगा मुआवजा

**मुंबई , एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने उस बिजनेसमैन पर जुर्माना लगाया है, जिसकी झूठी शिकायत के चलते एक मजदूर को 6 महीने जेल में काटने पड़े। अदालत ने कहा कि गलत पहचान के कारण व्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ। ऐसे में शिकायतकर्ता को उसकी स्वतंत्रता में कटौती और आय के नुकसान के लिए 4 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान करना होगा। फैसला सुनाते वक्त जज एसजी महरे की अगुवाई वाली पीठ ने भारत में जेलों की भीड़भाड़ और दयनीय स्थिति का भी जिक्र किया। इसे लेकर कहा गया, देश में भीड़भाड़ वाली जेलों में रहना बहुत दर्दनाक है। जेल और कैदियों की स्थिति दयनीय हो गई है। अत्यधिक भीड़ के चलते विचाराधीन कैदियों को अक्सर सोने की जगह नहीं मिलती और वे कई संक्रामक बीमारियों की चपेट में जाते हैं।
मजदूर की गिरफ्तारी साल 2023 में दर्ज एक मामले को लेकर हुई, जिसमें आरोप लगा कि उसने और 9 दूसरे लोगों ने गैरकानूनी सभा बनाई। इन्होंने शिकायतकर्ता पर तलवार, कुल्हाड़ी और अन्य हथियारों से हमला किया। आरोप यह भी था कि मजदूर ने उस पर देशी पिस्तौल से गोली चलाई थी। हालांकि, आरोपी लगातार इससे इनकार करता रहा। उसका कहना था कि घटना के समय वह महाराष्ट्र के अहमदनगर में था। उसके कॉल डेटा रिकॉर्ड से यह साबित हो सकता है। शिकायतकर्ता के बयान में कुछ विसंगतियां भी मिलीं। जैसे कि सीसीटीवी फुटेज में पहचाने गए व्यक्ति के पास बंदूक नहीं, बल्कि कुल्हाड़ी थी। हालांकि, मजदूर एक अन्य मामले में शामिल था जहां उसके पास से बंदूक बरामद हुई थी।

### मैं साधु नहीं; कैप्टन अजय यादव बोले- कांग्रेस में दो साल से चल रहा था अपमान

**गुरुग्राम , एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान कर चुके वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय यादव ने कहा है कि एक बार इस्तीफा स्वीकार हो जाए उसके बाद वह मीडिया के सामने आकर अपनी पूरी बात बताएंगे। अजय यादव ने कहा है कि दो साल से उन्हें कुछ नेता अपमानित कर रहे थे और उनके राजनीतिक करियर को भी खत्म करने की कोशिश की गई। कैप्टन ने कहा कि इस्तीफा स्वीकार हो जाने के बाद वह इन चीजों के बारे में विस्तार से अपनी बात बताएंगे। कैप्टन ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया के जरिए बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया है। कैप्टन ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, मैं इंतजार कर रहा हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लें।

## 5 करोड़ दो, वरना बाबा सिद्दीकी से भी बुरा हाल करेंगे

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर सलमान खान को धमकी

**मुंबई , एजेंसी।**
बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके आवास के पास आने वाले और सेल्फी लेने वाले लोगों पर भी पुलिस की पैनी निगाहें हैं। इस बीच मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सऐप पर धमकी भरे मैसेज मिले हैं, जिसमें सलमान खान से 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। नहीं देने पर बाबा सिद्दीकी से भी खराब मौत की बात कही गई है। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी है। मुंबई पुलिस के हवाले से कहा, मुंबई ट्रैफिक पुलिस के वॉट्सऐप नंबर पर एक धमकी भरा मैसेज आया है, जिसमें अभिनेता सलमान खान से 5 करोड़ रुपए की मांग की गई है। मुंबई पुलिस ने कहा कि मैसेज भेजने वाले ने दावा किया है, इसे हल्के में न लें, अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें 5 करोड़ रुपए देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो सलमान खान की हालत बाबा सिद्दीकी से भी खराब होगी। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आपको बता दें कि हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की





हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुक्खा उर्फ सुखबीर बलबीर सिंह को पनवेल टाउन पुलिस (नवी मुंबई) की एक टीम ने बुधवार को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि सुखबीर ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को खान को कथित तौर पर मारने की सुपारी दी थी। उन्होंने कहा कि सुखबीर पाकिस्तान में बैठे अपने कथित आका डोगर के संपर्क में था। अधिकारी ने कहा कि सिंह ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों के साथ सलमान खान को मारने की कथित साजिश को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से एके-47, एम16 और एके92 जैसे हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी सुखबीर सिंह से पूछताछ करेगी।

## सपा भी महाविकास अघाड़ी का हिस्सा, हमें चाहिए 12 सीटें; अखिलेश की पार्टी की महाराष्ट्र में बड़ी डिमांड

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप में देने में जुटी महाविकास अघाड़ी के सामने समाजवादी पार्टी ने बड़ी डिमांड रख दी है। सपा विधायक अबू आजमी द्वारा अखिलेश यादव से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति मांगने को लेकर एक ट्वीट किया गया है। उन्होंने कहा कि वे एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस को याद दिलाना चाहते हैं कि अब देर हो रही है और अब समय आ गया है कि वे सामूहिक रूप से घोषणा करें कि गठबंधन के दल किन सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।



इसके अलावा अबू आज़मी ने दावा किया कि उनका यह पोस्ट उन रिपोर्टों के बीच आया है कि कांग्रेस विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची घोषित करने वाली है। उन्होंने कहा, महा विकास अघाड़ी में बैठकें सिर्फ कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और समाजवादी पार्टी के बीच हो रही हैं। छोटी पार्टियों के साथ बैठकें लंबित हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया, मैंने सुना है कि कांग्रेस कुछ घोषणा करने वाली है। मैंने कहा कि उनके लिए यह जरूरी है कि वे हमें विश्वास में लें और हमें दी जाने वाली सीटों की संख्या के बारे में हमसे बात करें। इसलिए मैंने ट्वीट किया है। कोई नाराजगी नहीं है।

अबू आजमी ने कहा कि उनका यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब अखिलेश यादव और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी उमर अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए जम्मू-कश्मीर में थे। आजमी ने कहा कि उन्हें लगा कि उनके ट्वीट से सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा शुरू हो जाएगी क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में इंडिया गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। आजमी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव के लिए गठबंधन से 12 सीटों की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन सीटों की उन्होंने मांग की है उन पर कांग्रेस का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में अगर एमवीए की कोई भी पार्टी चाहे वह कांग्रेस हो, एनसीपी (सपा) हो या शिवसेना (यूबीटी), समाजवादी पार्टी से बात किए बिना या उन्हें विश्वास में लिए बिना विधानसभा उम्मीदवारों की सूची जारी करती है तो इसका मतलब है कि वे समाजवादी पार्टी को एमवीए का हिस्सा नहीं मानते हैं। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही चरण में चुनाव होंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

## उदयपुर में आदमखोर लेपर्ड को मारी गोली, इसी ने किया था 10 लोगों का शिकार

**उदयपुर एजेंसी।**
राजस्थान के उदयपुर में आदमखोर लेपर्ड को गोली मार दी गई है। अब तक वह 10 लोगों को मार चुका है। वन विभाग ने देखते ही गोली मारने के आदेश दिए है। हालांकि अधिकारियों ने आदमखोर की पुष्टि नहीं की है। शुक्रवार सुबह वन विभाग और पुलिस टीम ने एक लेपर्ड को गोली मार दी। लेपर्ड को शहर के नजदीक मदार इलाके में गोली मारी गई है।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस तहसील इलाके में तेंदुए ने बीते करीब 1 महीने से आतंक मचा रखा था।एएसपी गोपाल सिंह मेवाड़ा की अगुवाई में टीम ने लेपर्ड को गोली मारी। सीआई शैतान सिंह, अजय, गिर्राज और देवी सिंह की टीम ने शू आउट किया। अधिकारियों के अनुसार, आदमखोर तेंदुए के शिकारी दांत या तो घिस जाते हैं या टूट जाते है। मौके पर पहुंचकर इसकी जांच की जाएगी. मदार से तेंदुए के शव को जांच के लिए सेंटर में भी भेजा जाएगा, जहां उसकी डिटेल्ड जांच हो सकेगी।

तेंदुए के हमले में यहां 10 लोगों की जान जा चुकी थी, जिसके बाद वन विभाग ने आदमखोर को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी, जिसमें आज सुबह सफलता मिल गई। तेंदुए को गोली मारने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मदार के लिए रवाना हो गई।

मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम मारे गए तेंदुए की जांच करेगी। उसके बाद इसकी पुष्टि हो पाएगी कि जो तेंदुआ मारा गया है वो आदमखोर था या नहीं। इंसानों का शिकार करने वाले तेंदुए की पहचान कई तरह से की जाती है।

## 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां, 110 करोड़ की टैक्स चोरी; गुजरात के बाद गाजियाबाद में जीएसटी फ्रॉड

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुजरात में 200 से ज्यादा फर्जी कंपनियों ने फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' के जरिए सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया। अब गाजियाबाद में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। केंद्रीय माल एवं सेवाकर (सीजीएसटी) की टीम ने गुरुवार को फर्जी फर्म के जरिये 621 करोड़ रुपये के सामान की कागजी खरीद-फरोख्त कर 110 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वसूलने का खुलासा किया है।

मामले में सीजीएसटी टीम ने दो फर्जी फर्म संचालक और अवैध आईटीसी वसूली के मास्टरमाइंड गौरव तोमर के अलावा एक अन्य आरोपी छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सौ अधिक फर्जी फर्म बना रखी थीं। केंद्रीय माल एवं सेवाकर टीम ने फर्जी कंपनियों के पंजीकरण के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसके तहत टीम को फर्जी कंपनियों के पंजीकरण कराकर कागजी खरीद-फरोख्त और आईटीसी वसूली करने वालों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली।




आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि कर अपवंचन शाखा ने गाजियाबाद के चंदर नगर स्थित देविका टावर के पते पर पंजीकृत मैसर्स एएनवीएस ट्रेडर्स नामक फर्म की जांच कराई। जांच के दौरान 110 करोड़ रुपये के आईटीसी क्लेम की जानकारी विभाग को मिली है। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में सामान और सेवाओं का वास्तविक उत्पादन किए बिना फर्म ने 621 करोड़ रुपये के फर्जी बिल जारी किए। उन्होंने बताया कि 100 से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 110 करोड़ के आईटीसी का लाभ लिया गया। इन फर्म का संचालन छत्रपाल शर्मा कर रहा था। उसने पत्नी आशा देवी के नाम पर जीएसटी का पंजीकरण करा रखा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौरव तोमर फर्जी फर्मों के पंजीकरण और प्रबंधन का रैकेट चला रहा था। गौरव मामले में बोगस फर्म के माध्यम से आईटीसी वसूलने का मास्टरमाइंड है। जांच के दौरान सीजीएसटी की टीम में अपर आयुक्त आलोक सिंह, संयुक्त आयुक्त अरुण कुमार द्विवेदी और निहारिका लाखा शामिल रहे।

आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक ही जीएसटी नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाते और पेन कार्ड पर 100 से अधिक फर्जी फर्म पंजीकृत कराई गई थीं, जिनके माध्यम से इस पूरे रैकेट को चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मामले में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं, जिनकी जांच करने के बाद टैक्स चोरी की पूरी जानकारी मिल सकेगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सीजीएसटी टीम गौरव तोमर और छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार कर मेरठ ले गई है। वहां से दोनों को जेल भेजने की तैयारी है। इस पूरे मामले में सीजीएसटी ने करीब तीन माह तक कंपनियों के बोगस बिल और आईटीसी की जांच की थी, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सका है। हालांकि, जांच अब भी चल रही है।

## झालावाड़ में नेटबंदी , सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज में टकराव

**झालावाड़ , एजेंसी।**
राजस्थान के झालावाड़ जिले में सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। अब संभागीय आयुक्त डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने जिले की समस्त सीमा क्षेत्र में 17 अक्टूबर, 2024 को शाम 7 बजे से 18 अक्टूबर, 2024 के शाम 5 बजे तक लीज लाइन व ब्रॉडबैंड को छोड़कर टूजी, थ्रीजी, फोरजी डाटा, इंटरनेट सर्विस, बल्क एसएमएस और एमएमएस की सेवा बंद रखने का फैसला किया है।

संभागीय आयुक्त का कहना है कि झालावाड़ जिले में गुर्जर और राजपूत समाज के बीच आपसी टकराव की स्थिति से लोक आपात के विपरीत रूप से प्रभावित होने और लोक सुरक्षा भंग होने व जिले में कानून व्यवस्था बाधित होने की आशंका है। इसको लेकर नेटबंदी का फैसला लिया गया है।

बता दें गुर्जर समाज ने गत दिनों बड़ी संख्या में एकत्र होकर एक बड़ी रैली का आयोजन किया था। ऐसे में अब राजपूत समाज ने भी 18 अक्टूबर यानी कल एक बड़ी बाइक रैली निकालने का आह्वान किया है। राजपूत समाज के द्वारा रैली के आह्वान किए जाने के बाद जिला और पुलिस प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

एसडीएम अभिषेक चारण ने बताया कि फिलहाल झालावाड़ की समस्त सीमा क्षेत्र में धारा 163 (पूर्व धारा 144 ) लगी हुई है. ऐसे में कोई भी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में राजपूत समाज के साथ बैठक कर रैली को निरस्त करने की समझाइश की जा चुकी है। इसके बावजूद अगर किसी प्रकार से निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया जाता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम आयोजन व करणी सेना के पूर्व जिला अध्यक्ष समर प्रताप सिंह ने बताया कि सम्राट मिहिर भोज को लेकर जिले में कोई विवाद नहीं है। करणी सेवा और राजपूत समाज द्वारा झालावाड़ शहर में 18 अक्टूबर शुक्रवार को एक बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब 15 से 20 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## राजस्थान विधानसभा उप चुनावः नामांकन प्रक्रिया शुरू, 7 सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान

**जयपुर एजेंसी।**
राजस्थान की 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज से नामांकन दाखिल किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि उप चुनाव के लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर यानी आज से जारी हो गई है, उसके साथ ही उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, जो 25 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी इसके साथ 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।उपचुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित राजस्व जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता दौसा और डूंगरपुर के सम्पूर्ण जिलों में तथा अलवर, झुंझुनू, टोंक, नागौर और सलूम्बर के नवीन पुनर्गठित राजस्व जिलों में लागू रहेगी। राजस्थान विधानसभा में 7 रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव के लिए




मतदान 13 नवम्बर को होगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार राज्य में झुंझुनूं, रामगढ़ (अलवर), दौसा, देवली-उनियारा (टोंक), खीन्वसर (नागौर), सलूम्बर (उदयपुर) और चौरासी (डूंगरपुर) विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के दौरान 19,36,533 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसके लिए 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,862 मतदान केंद्र और 53 सहायक मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## अजय सिंह यादव का इस्तीफा कांग्रेस के लिए दोहरा झटका, अहीरवाल रेंज में बढ़ेगी चिंता

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद गुरुवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने खराब व्यवहार का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देते समय उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटने के बाद मेरे साथ खराब व्यवहार होने से पार्टी आलाकमान से मोहभंग हो गया है। आपको बता दें कि इस चुनाव में बीजेपी ओबीसी समाज का समर्थन पाने में सफल रही। अब कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष के इस्तीफे ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को तगड़ा झटका दिया है।

छह बार कांग्रेस विधायक रहे अजय सिंह यादव पार्टी के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उनके बेटे चिरंजीव राव रेवाड़ी में भाजपा के लक्ष्मण सिंह यादव से 28,000 से अधिक मतों से हार गए। आपको बता दें कि वह गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र से पार्टी टिकट के प्रबल दावेदार थे, लेकिन कांग्रेस ने बॉलीवुड अभिनेता से नेता बने राज बब्बर को मैदान में उतारा। वह भाजपा के राव इंद्रजीत से हार गए।

द ट्रिब्यून ने राजनीतिक पर्यवेक्षक अजय कुमार के हवाले से कहा, अगर अजय सिंह यादव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाता है तो यह कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका होगा, क्योंकि कांग्रेस इस क्षेत्र में अपना आधार मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रही है। एक दूसरे राजनीतिक विश्लेषक नरेश चौहान ने कहा, उनका पार्टी से इस्तीफा निश्चित



रूप से अहीरवाल में कांग्रेस की संभावनाओं को प्रभावित करेगा। यह आकलन करने की जरूरत है कि उन्हें इस्तीफा देने के लिए किस बात ने मजबूर किया। मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी को टैग करते हुए अजय सिंह यादव ने एक्स पर कहा, ''इस्तीफा देने का यह निर्णय वास्तव में कठिन था, क्योंकि मेरे परिवार का 70 वर्षों से जुड़ाव था। मेरे पिता दिवंगत राव अभय सिंह 1952 में विधायक बने और उसके बाद मैंने पारिवारिक परंपरा को जारी रखा, लेकिन सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटने के बाद मेरे साथ खराब व्यवहार होने से पार्टी आलाकमान से मेरा मोहभंग हो गया है।''

पिछले कुछ वर्षों में यादव कांग्रेस छोड़ने वाले तीसरे प्रमुख नेता हैं। अन्य दो नेताओं में कुलदीप बिश्नोई और किरण चौधरी शामिल हैं और ये दोनों अब भाजपा में हैं। अजय सिंह यादव ने हाल में कहा था कि जनादेश मिलने से पहले मुख्यमंत्री बनने को लेकर हरियाणा कांग्रेस में खींचतान एक बड़ी भूल थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को दक्षिणी हरियाणा, खासकर गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और फरीदाबाद में अपनी विफलता के लिए आत्मचिंतन करना चाहिए।

## जयपुर के मंदिर में चाकूबाजी, आरएसएस के 8 कार्यकर्ता बुरी तरह जख्मी; पकड़े गए हमलावर

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर के एक मंदिर में जागरण में गुरुवार रात चाकूबाजी में 8 लोग घायल हो गए। जागरण को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद झगड़ा होने पर चाकूबाजी हुई थी। करणी विहार थाना पुलिस ने चाकूबाजी में घायलों को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है। विरोध में गुस्साई भीड़ ने दिल्ली-अजमेर हाइवे को जाम कर दिया। पुलिस के मुताबिक, सभी घायल आरएसएस की जगदम्बा नगर हीरापुरा शाखा से जुड़े हुए है। घायल शंकर बागड़ा, मुरारीलाल, राम पारीक, लाखन सिंह जादौन, पुष्पेंद्र व दिनेश शर्मा एसएमएस अस्पताल में भर्ती है। बाकी चार घायल नजदीक के अस्पताल में भिजवाए गए हैं। घायलों ने बताया कि कार्यक्रम में खीर वितरण हो रही थी। तभी आरोपियों ने खीर को लात मारी ओर हमला कर दिया।

करणी विहार थाना क्षेत्र के रजनी विहार में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के तहत गुरुवार रात खीर वितरण के दौरान कुछ युवकों ने चाकूबाजी कर दी। चाकू के वार से दस लोग घायल हो गए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



महिला टी-20 वर्ल्डकप



# साउथ अफ्रीका फाइनल में

## बॉश और वोलवार्ड्ट ने टी-20 में रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बॉश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 की रात दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को 8 विकेट से हराकर उलटफेर किया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। साउथ अफ्रीका ने टी20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है।

दोनों टीमों के बीच महिला टी20 विश्व कप 2023 का फाइनल खेला गया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। साल 2009 से अब तक 7 टी20 विश्व कप हो चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया ने उनमें से 6 जीते हैं और एक में फाइनल में हारा है। अब रविवार 20 अक्टूबर 2024 को साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।साउथ अफ्रीका ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं बॉश की आठ चौके और एक छक्के वाली 48 गेंद की नाबाद पारी की मदद से 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर आस्ट्रेलियाई टीम का 8वीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 44 रन बनाये। कप्तान तहालिया मैक्ग्रा ने 27 रन का योगदान दिया। अंत में एलिस पैरी की 23 गेंद में 31 रन और फोबे लिचफील्ड की 9 गेंद में नाबाद 16 रन की पारी से ऑस्ट्रेलिया इस स्कोर तक पहुंचा। साउथ अफ्रीका ने अंत में अंतिम 4 ओवर में 40 रन लुटाये।

इंडिया-न्यूजीलैंड टेस्ट

## दिन की आखिरी बॉल पर आउट हुए कोहली

- दूसरी पारी में भारत का स्कोर 231/3, न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे




**बेंगलुरु, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में वापसी कर लिया है। शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। सरफराज खान 70 रन नाबाद लौटे। विराट कोहली दिन की आखिरी बॉल पर आउट हो गए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया। कोहली 70, रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 लिया। 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट किया। पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका।

### कोहली ने नंबर 3 पर इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए 15,000 रन, 9000 का आंकड़ा भी छूआ

विराट कोहली ने बेंगलुरु टेस्ट मैच की पहली पारी में डक पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में शानदार वापसी करते हुए 70 गेदों पर अर्धशतक लगाया और 70 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान कोहली ने कुछ बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किए। कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर खेलते हुए अपने 15000 रन पूरे कर लिए साथ ही टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 9000 रन का आंकड़ा भी छू लिया।

इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 15000 रन पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले वो दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ऐसा कमाल नंबर 3 पर खेलते हुए रिकी पोंटिंग और कुमार संगकारा ने किया था। यही नहीं कोहली नंबर 3 पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं जबकि पोंटिंग पहले और संगकारा दूसरे नंबर पर हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

22869 रन - रिकी पोंटिंग (540)
22011 रन -कुमार संगकारा (468)
15696 रन - केन विलियमसन (337)
15009 रन - विराट कोहली (316) (खबर लिखे जाने तक)
14555 रन - राहुल द्रविड़ (329)
11236 रन - जैक कैलिस (283)



सैफ चैंपियनशिपः

# आशालता देवी ने रचा इतिहास

**काठमांडू, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान को 5-2 से मात दी। इसके साथ ही भारत ने अंकतालिका में भी दो अहम अंक हासिल किए। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं।

पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं। भारतीय टीम को सैफ चैंपियनशिप में ग्रुप ए में पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया। भारत 23 अक्टूबर को बांग्लादेश का सामना करेगा।

## 35 साल के गेंदबाज ने तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में जड़ दिए इतने छक्के, रोहित भी पीछे

**मुल्तान, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया की टेंशन बढ़ती जा रही है. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पूरी




तरह से हावी हो चुकी है. 46 रन पर टीम इंडिया की पहली पारी को ढेर करने के बाद बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन कर दिखाया. वह 300 रन से ज्यादा की बढ़त भी हासिल करने में कामयाब रहे. इसमें 35 साल के एक गेंदबाज का भी योगदान रहा. इस गेंदबाज ने बल्ले से एक तेज तर्रार पारी खेली. इस पारी के दौरान वह वीरेंद्र सहवाग को एक खास लिस्ट में पछाड़ने में भी कामयाब रहा.

न्यूजीलैंड की टीम के अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी ने इस मुकाबले में बल्ले से भी कमाल कर दिखाया है. वह भारत के खिलाफ पहली बार टेस्ट में अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने 57 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा छुआ. ये उनके टेस्ट करियर का 7वां अर्धशतक है. टिम साउदी ने अर्धशतक तक पहुंचने के लिए अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के जड़े. इन तीन छक्कों के साथ टिम साउदी ने एक और बड़ा कारनामा किया और एक खास लिस्ट में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया.

**वीरेंद्र सहवाग से आगे निकले टिम साउदी**

टिम साउदी ने इन तीन छक्कों के साथ अपने टेस्ट करियर में 92 छक्के पूरे कर लिए. इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है.

## राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता में चयन के लिए ट्रायल 20 को

**अलवर, एजेंसी।** हॉकी राजस्थान की ओर से बाड़मेर में होने वाली 14वी राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता 2024 (पुरुष) के लिए रविवार 20 अक्टूबर को अलवर जिले की टीम के चयन के लिए राजर्षि कॉलेज के खेल मैदान में ट्रायल किया जाएगा। हॉकी अलवर के सचिव लोकेश मीना बताया कि ट्रायल के लिए प्रदीप सिंह नरूका (सीनियर) एवं चंद्रांश शर्मा संयोजक बनाया गया है। टीम के चयन के लिए द्धढ्ढ कोच मारग्रेट हिंदुस्तानी को सेलेक्टर बनाया गया हैं। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता के लिए पुरुष टीम के लिए ट्रायल आयोजित होगा।



उन्होंने बताया कि ट्रायल में जिले के समस्त सीनियर खिलाड़ी इस हॉकी ट्रायल में भाग ले सकेंगे। 20 अक्टूबर, 2024 को सुबह 9 बजे ट्रायल राज ऋषि कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र या पहचान पत्र के साथ एक फोटो लेकर आना अनिवार्य है। चयनित टीम बाड़मेर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। ट्रायल के बाद रविवार शाम को टीम की घोषणा की जाएगी।

## पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की




**मुल्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान ने मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 152 रनों की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह जीत पाकिस्तान के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिन्होंने दोबारा इस्तेमाल की गई पिच का पूरा फायदा उठाया और चौथे दिन लंच से पहले इंग्लैंड को 144 रनों पर आउट कर दिया। इस नतीजे के बाद अगले हफ्ते रावलपिंडी में रोमांचक सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा, जिसमें सीरीज 1-1 से बराबर होगी।

297 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ढेर कर दिया, जिन्होंने चौथे दिन सुबह गिरे आठ में से सात विकेट चटकाए, दूसरी पारी में 8-46 और मैच में कुल मिलाकर 11-147 के आंकड़े हासिल किए। मैच में नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। नोमान ने ऑफ स्पिनर साजिद खान के साथ मिलकर, जिन्होंने दोनों पारियों में नौ विकेट लिए, इंग्लैंड की स्पिन के सामने कमजोरियों को उजागर किया। दोनों ने मिलकर 20 विकेट आपस में बांटने का दुर्लभ कारनामा किया, ऐसा टेस्ट इतिहास में केवल सात बार हुआ है। पाकिस्तान की जीत का श्रेय उनके चयन और पिच की स्थिति को दिया गया। पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद, जहां इंग्लैंड ने रिकॉर्ड तोड़ 823-7 रन बनाकर पारी घोषित की, पाकिस्तान ने आमूलचूल परिवर्तन किए। उन्होंने पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को बाहर कर दिया, और दोबारा इस्तेमाल की गई मुल्तान की पिच पर स्पिन-बहुल आक्रमण का विकल्प चुना। इस कदम ने लाभ दिया क्योंकि नोमान और साजिद ने तीखे टर्न और अप्रत्याशित उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।

चौथे दिन की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया जब इंग्लैंड ने 36-2 से खेलना शुरू किया, उसे अभी भी एशिया में अपने अब तक के सर्वोच्च स्कोर का पीछा करने के लिए 261 रन और चाहिए थे। स्पिन का सामना करने के लिए इंग्लैंड का दृष्टिकोण आक्रामक लग रहा था, लेकिन यह पाकिस्तान के हाथों में चला गया। ओली पोप दिन की आठवीं गेंद पर आउट हो गए, उन्होंने साजिद को रिटर्न कैच दिया और उसके बाद से टीम का पतन तेजी से हुआ।

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में से एक जो रूट नोमन की गेंद पर स्वीप करने की कोशिश में एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जबकि हैरी ब्रूक एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। आमतौर पर भरोसेमंद माने जाने वाले जेमी स्मिथ ने मिड-ऑन पर आसान कैच थमा दिया और अचानक इंग्लैंड का स्कोर 87-6 हो गया, जिससे टीम मुश्किल में पड़ गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने कुछ समय तक प्रतिरोध किया, हर मौके पर स्वीप और रिवर्स स्वीप किया। उन्होंने ब्रायडन कार्स के साथ मिलकर 31 गेंदों पर 37 रन जोड़े, जिसमें कार्स ने साजिद की गेंद पर लगातार दो छक्के लगाने से पहले एलबीडब्ल्यू के फैसले को पलट दिया। हालांकि, स्टोक्स के आक्रामक इरादे की वजह से उनका पतन हुआ, क्योंकि उन्होंने नोमान पर हमला किया, इस प्रक्रिया में उनका बल्ला छूट गया और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने उन्हें स्टंप कर दिया।

पुछल्ले बल्लेबाजों ने जल्दी ही क्रीज छोड़ दी, कार्स की गेंद स्लिप में चली गई और जैक लीच की गेंद शॉर्ट लेग पर जा पहुंची। शोएब बशीर अगली ही गेंद पर सिली पॉइंट पर कैच आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की जीत पक्की हो गई और इंग्लैंड की पाकिस्तान में लगातार चार मैच जीतने की लय टूट गई। पाकिस्तान की सफलता केवल उनके स्पिनरों की वजह से नहीं थी, क्योंकि उन्होंने कामरान गुलाम के बेहतरीन डेब्यू शतक की बदौलत खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। बाबर आजम की जगह गुलाम ने पाकिस्तान की पहली पारी में अहम शतक बनाया और उन्हें 366 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने शुरुआत में अच्छी प्रतिक्रिया दी और एक समय 211-2 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थे, लेकिन नाटकीय पतन के कारण वे 291 रन पर आउट हो गए और पाकिस्तान को 75 रन की बढ़त मिल गई।

इंग्लैंड को फील्डिंग में चूके मौकों का भी मलाल होगा।

पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान, जब खेल अभी भी संतुलन में था, विकेटकीपर जेमी स्मिथ और जो रूट ने ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक ही ओवर में सलमान आगा का दो बार कैच छोड़ा। सलमान ने 63 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने लगभग अजेय लक्ष्य निर्धारित किया। कठिन परिस्थितियों और टॉस हारने के नुकसान के बावजूद, इंग्लैंड ने मैच में अपने पल बिताए।

# आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उत्तर सकते हैं केएल राहुल और ध्रुव ज़ुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बात की प्रबल संभावना है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और ध्रुव जुरेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी में शामिल होंगे। वर्तमान में, सभी टीमों के लिए मेगा नीलामी से पहले अपने रिटेंशन को पूरा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर है।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी रिटेंशन और आरटीएम विकल्प के संयोजन के माध्यम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। छह रिटेंशन या आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का संयोजन) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं। राहुल ने 2022 सीज़न से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 38 मैचों में 1410 रन बनाए हैं। इसके बावजूद, सूत्रों ने संकेत दिया है कि फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने के बजाय उनके मेगा नीलामी में शामिल होने की संभावना है। इस समाचार एजेंसी को सूत्रों ने बताया, इस बारे में काफी चर्चा हो रही है कि राहुल वाकई मेगा नीलामी में उतरना चाहते हैं, क्योंकि एलएसजी उन्हें रिटेन नहीं कर सकती है। रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों या रिटेंशन की कीमत के बारे में विभिन्न चर्चाओं के नतीजों के आधार पर, अगर राहुल नीलामी सूची में शामिल होते हैं, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

राहुल इससे पहले आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अगर वह मेगा नीलामी में उतरते हैं, तो यह देखकर







आश्चर्य नहीं होगा कि कई टीमें उन्हें अपने सेट-अप में शामिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, खासकर उनके कैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज होने और पूर्व नेतृत्व अनुभव के अनूठे संयोजन को देखते हुए। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि 2023 सीज़न से राजस्थान रॉयल्स के लिए 28 आईपीएल मैच खेलने वाले जुरेल, फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने से साफ इनकार करने के बाद मेगा नीलामी में शामिल होने वाले एक और कैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। इस साल भारत के लिए टेस्ट और टी20 में डेब्यू करने वाले जुरेल ने अपने फिनिशिंग स्किल्स के जरिए आईपीएल में नाम कमाया है। वे फ्रेंचाइजी के लिए उनके मैचों में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आए और अपने ठोस स्वभाव और काम के तरीके से क्रिकेट के माहौल में सभी को प्रभावित किया। यह भी पता चला है कि राजस्थान रॉयल्स के एक अनाम वरिष्ठ अधिकारी को बेंगलुरु में देखा गया, जहां भारतीय टीम वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेल रही है।

इससे पता चलता है कि फ्रेंचाइजी अभी भी जुरेल को रिटेन करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है। पिछली आईपीएल नीलामी में इशान किशन, कुमार कुशाग्र और रॉबिन मिंज जैसे विकेटकीपर बल्लेबाजों ने अपने बेहतरीन कौशल के कारण नीलामी में बड़ी रकम हासिल की है। राहुल और जुरेल अगर आगामी मेगा नीलामी में उतरते हैं तो वे काफी ध्यान आकर्षित करेंगे और संभावित रूप से ऊंची बोली भी लगेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गोह बस स्टैंड से एकोनी गांव निवासी बब्लू कुमार को तीस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कांड संख्या 309/24 के तहत की गई है। हालांकि, पुलिस को बताया गया है कि एक अन्य आरोपी भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। प्राथमिकी पुलिस सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के बयान पर दर्ज की गई है। पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ अपनी लड़ाई में एक और सफलता हासिल की है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

### औरंगाबाद के रामशंकर ने रचा सफलता का दोहरा इतिहास

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** भारत खंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में एमपीए गायन विषय में यूनिवर्सिटी टॉपर के रूप में प्रथम स्थान हासिल करने वाले औरंगाबाद के नबीनगर के सुरार के रामशंकर ने सफलता के सोपान में एक और नया अध्याय लिखा है। रामशंकर ने यूजीसी नेट, जेआरएफ, सहायक प्राध्यापक और पीएचडी नामांकन परीक्षा हिंदुस्तानी क्लासिकल विषय से 94 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता हासिल की है। गौरतलब है कि रामाशंकर के पिता राम प्रसाद सिंह सेवानिवृत शिक्षक और नबीनगर थर्मल पावर विस्थापित किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष भी हैं। रमाशंकर की माता शांति सिंह गृहणी हैं। रामशंकर ने भारत खंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की विभागाध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर डॉ. अमन गुप्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय के डॉ. भागीरथ और डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा के सानिध्य में संगीत की शिक्षा ली है। रामशंकर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बहनोई(संप्रति जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-स्थापना, औरंगाबाद) दयाशंकर सिंह, चाचा धनंजय कुमार सिंह, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के सचिव व बड़े भाई दीपक कुमार सिंह, चंदन कुमार सिंह और अपनी बहन पूजा सिंह को दिया है। उन्होंने सभी के प्रति अपना आभार जताया है।

### अनुश्रवण से ग्रामीण सड़कों के सेहत में होगा सुधार

**पटना (नि.सं.)।** ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सूबे की सड़कों के रखरखाव तथा गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों की कुशलता को बढ़ावा देने के लिए एक नई तकनीक एवं नीति को आरम्भ किए जाने पर विचार किया जा रहा है । इस नई तकनीक के माध्यम से सड़कों की नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाएगी। सड़कों की अच्छी गुणवत्ता के कारण चालक कम समय में अधिक दूरी कर पाएंगे। सड़कों पर आईआरसी ;इंडियन रोड कांग्रेसद्ध मानकों के अनुसार वाहन की गति भी बनी रहेगी। इससे न केवल ईंधन की खपत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। एआई आधारित नई तकनीक के माध्यम से सड़कों की नियमित देखरेख से निर्माण सामग्री की खपत कम होगीए जिससे नवीनीकरण लागत में प्रति वर्ष लगभग 800 करोड़ रुपये की बचत संभव होगी। इसके लिए मुख्यालय में एक कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया जाएगाए जो फील्ड इंजीनियरों द्वारा किए गए निरीक्षणों की निगरानी करेगा। यह कमांड सेंटर मानवीय हस्तक्षेप को कम करते हुए निरीक्षण की गुणवत्ता में सुधार करेगा। सड़कों और पुलों का निरीक्षण जीआईएस आधारित प्रणाली द्वारा किया जाएगाए जिसमें जूनियर इंजीनियर से लेकर मुख्य अभियंता तक सभी स्तरों के अधिकारियों की गतिविधियों को डैशबोर्ड पर देखा जा सकेगा।

### फिल्म कॉन्क्लेव में जुटे एक्टर-एक्ट्रेस, डॉयरेक्टर-प्रोड्यूसर

**पटना (नि.सं.)।** पटना के ताज होटल में होने वाला फिल्म कॉन्क्लेव बिहार में नई फिल्म नीति बनने के बाद पहला कॉन्क्लेव है। इस कॉन्क्लेव में एक्टर-एक्ट्रेस के साथ डॉयरेक्टर-प्रोड्यूसर शामिल हुए पटना के ताज होटल में शुक्रवार को फिल्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। बिहार में नई फिल्म नीति बनने के बाद यह पहला कॉन्क्लेव है। कॉन्क्लेव में एक्टर-एक्ट्रेस के साथ डॉयरेक्टर-प्रोड्यूसर भी शामिल हुए। सभी को बिहार की फिल्म नीति के बारे में जानकारी दी गई। कला संस्कृति मंत्री विजय सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सांसद और अभिनेता मनोज तिवारी ने चिट्ठी आई है गीत गाया। वहीं सुपरस्टार रवि किशन ने कहा कि इतने नेता लोग का बात सुने, लेकिन इतना अच्छा कभी नहीं लगा। मैं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा से बहुत प्रभावित हूं।

---

बस की आमने-सामने टक्कर, केबिन का शीशा टूटते ही 5 लोग सड़क पर गिरे, 12 व्यक्ति घायल

# डंपर ने दो महिलाओं को कुचला, मौत

निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)



शुक्रवार को तीन वाहनों की एक साथ टक्कर हो गई। इसमें 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। 12 लोग घायल हैं। डंपर को ओवरटेक करने में एक बस दूसरे बस से सामने से भिड़ गई। इसके बाद पीछे से आ रही डंपर ने बस में पीछे से टक्कर मारते हुए आगे आ गई। इसके कारण एक बस की केबिन में सवार कुछ लोग शीशा टूटते ही बाहर सड़क पर गिर गए। इस दौरान दो महिला डंपर के चक्के के नीचे आ गई। वहीं, हादसे के बाद एक बस का ड्राइवर गाड़ी में अंदर फंस गया था। स्टीयरिंग उसके सीने तक आ गई थी। वो हैंडल पकड़े अपने आप को बचाए रखा था। वहीं, हादसे के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने किसी तरह से उसे बाहर निकाला। घायल ड्राइवर को दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उदनगर गया पथ के दाउदनगर मंडल कारा के पास ये हादसा हुआ है। घटना के बाद दाऊदनगर थाना अध्यक्ष फहिम आजाद खान, एसआई आरती कुमारी मौके पर पहुंचे। बस में फंसे अन्य लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया है।

सदर अस्पताल में घायल लोगों में 2 सहोदर भाई हैं, जो अपने परिवार के साथ दाउदनगर से हमीद नगर जा रहे थे। उपहरा थाना क्षेत्र के अनूप सिंह के बेटे सूरज कुमार(25) और श्यामसुंदर कुमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ हमीद नगर जा रहे थे। वहीं, कोचिंग क्लास कर घर लौट रही दाउदनगर थाना क्षेत्र के रंगी बीघा गांव के कल्पना कुमारी(18) भी घायल है। यह बेहोशी अवस्था में है। इस घटना में गोह थाना क्षेत्र के अंकुरी गांव निवासी अनिल मिश्रा के बेटे रोशन मिश्रा(25) भी घायल हो गए हैं।

#### डंपर को ओवरटेक कर रही थी बस

घायल रोशन मिश्रा ने बताया कि बस से सवार होकर हमलोग दाउदनगर से अपने घर जा रहे थे। हमारे बस के आगे एक हाइवा थी। जिसे ओवरटेक करने के कारण सामने से आ रही बस में टक्कर हो गई। ड्राइवर केबिन में बैठे सभी 4 से 5 लोग सड़क पर शीशा टूटते ही आ गए। इसी बीच डंपर ने 2 लोगों पर चढ़ा दिया, जिससे दोनों महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कागजी प्रक्रिया में लगी हुई है।

#### एक बस में 50 से 60 लोग थे सवार

मृतिका की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के निर्मल साव की पत्नी उपराज देवी(45) और गोह थाना क्षेत्र के बहुरिया वर्मा निवासी शिवचरण गुप्ता की बेटी अंजनी कुमारी(18) के रूप में की गई है। वहीं, 12 घायल लोगों में 4 लोगों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। 5 लोगों का अरविंद अस्पताल में इलाज चल रहा था, जिसमें से ड्राइवर विजेंद्र कुमार को रेफर किया गया है। 2 लोगों ने निजी अस्पताल में इलाज करवा कर घर चले गए।

---

# पारा विधिक स्वयंसेवकों की बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों पर जोर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने प्राधिकार सभागार में पारा विधिक स्वयंसेवकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी और पारा विधिक स्वयंसेवकों की भूमिका पर चर्चा करना था। सचिव ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में उनकी भूमिका पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों की पहुंच गांव और पंचायतों तक है, जो इस कार्य में बेहद महत्वपूर्ण है। सचिव ने सभी से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में सक्रिय सहयोग करें और सुलहनीय वादों के निस्तारण में अपना योगदान दें। सुकुल राम ने आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में पारा विधिक स्वयंसेवकों को सक्रियता से सुलहनीय वादों को चिन्हित करने और उन्हें अदालत के माध्यम से निपटाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आपकी भूमिका इस प्रक्रिया में बेहद महत्वपूर्ण है, और आप अपने स्तर पर अधिक से अधिक मामलों का समाधान करने के लिए प्रयासरत रहें। बैठक में उपस्थित सभी पारा विधिक स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर पर पंचायतों और गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों का निस्तारण किया जा सके। सचिव ने आगे कहा कि यह वर्ष 2024 का चौथा और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत है। अगर आप पंचायत से लेकर ग्रामीण स्तर तक जागरूकता फैलाते हैं, तो इससे कई लोगों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। उन्होंने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि उनका प्रयास न केवल वादियों के लिए बल्कि स्वयं उनके लिए भी संतोष का अनुभव कराएगा।

इस बैठक के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि पारा विधिक स्वयंसेवकों की सक्रियता और समर्पण के बिना न्याय प्रणाली की पहुंच और प्रभावशीलता में कमी आ सकती है। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समाज में न्याय की भावना को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

---

# खाकी वर्दी पहन कर पुलिस का रौब दिखाने वाला युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

गोह थाना की पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो के आधार पर आरोपी सुदर्शन पासवान उर्फ भोला पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस की वर्दी पहनकर इलाके में रौब झाड़ने और लोगों को चूना लगाने का आरोप था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज थे, जिनमें छोटे-बड़े केस में पैसों की डील करना और चाकूबाजी का मामला भी शामिल है।

गोह थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस की वर्दी में एक युवक का फोटो बड़ी तेज़ी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। . दरअसल मामला गोह थाना से जुड़ा हुआ था । वायरल युवक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी सुदर्शन पासवान उर्फ़ भोला पासवान के रूप मे किया गया। आरोप है कि युवक पुलिस की वर्दी पहनकर इलाके में रौब झाड़ता हैं और लोगों को चूना लगाकर अपनी जीविका चलता हैं। मासूम लोग भी वर्दी के डर से कुछ कहे बिना चुपचाप से इसका कहना मान लेते हैं। इसपर पुलिस ने त्वरित करवाई की हैं।

### जमीन के लिए दो पक्ष आपस में भिड़े, दो गंभीर रूप से घायल

**अंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिला के अंबा थाना क्षेत्र के बलिया रघुनाथपुर में दो पक्षों के बीच गुरुवार रात जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 60 वर्षीय ईश्वरीय प्रजापति और 65 वर्षीय कृष्ण प्रजापति शामिल हैं। घटना को लेकर इश्वरी प्रजापति ने कहा कि मेरे घर के सामने जो जमीन है, उसे मेरे ही गोतिया ( भतीजा संतोष प्रजापति, गोपाल प्रजापति सहित अन्य) जमीन पर कब्जा करने के लिए झोपड़ी लगना चाहते हैं। जिसमें विरोध करने पर मुझे लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल किया है। घटना के बाद दोनों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल भर्ती करवाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भेजा गया। दोनों घायलों का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में चल रहा है। अंबा थाना की पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस मामले की जानकारी पर छानबीन में लग गई। अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया। घटना को लेकर आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

---

देव कार्तिक छठ मेला: जिला पदाधिकारी की तैयारी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

# छठ मेला से पूर्व चलेगा स्थायी-अस्थायी अतिक्रमण हटाओ अभियान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



शुक्रवार को जिला पदाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री द्वारा अगामी देव कार्तिक छठ मेला 2024 की तैयारी एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर समाहरणालय सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय एवं देव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए बताया कि इस बार छठ पूजा 5 से 8 नवंबर तक मनाया जाएगा। छठ मेला का उदघाटन के लिए अगले बैठक में निर्णय लिया जाएगा। छठ पर्व के अवसर पर देव में आने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए अवासान की समुचित व्यवस्था किया जाना है। आवासन स्थल राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के मैदान, सिंचाई कॉलोनी, चांदपुर मध्य विद्यालय, नरची गेट के पीछे दिवाकर नगर के पास इसके अतिरिक्त अन्य स्थलों को चिन्हित कर निर्माण कराया जाएगा। उक्त सभी अवासन स्थलों में छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के अवासन हेतु टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर, दरी आदि सामग्री की व्यवस्था हेतु विभिन्न एजेंसियां यथा बीआरबीसीएल नबीनगर, एनएसपीटीएस नबीनगर, श्री सीमेंट औरंगाबाद, पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद, भारतीय स्टेट औरंगाबाद, इंडियन बैंक औरंगाबाद, आइसीआइसीआइ बैंक औरंगाबाद, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया औरंगाबाद तथा अन्य संस्थाओं के द्वारा पूर्व की भांति इस बार भी चयन के लिए अनुरोध किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि देव को जोड़ने वाली सड्कें जिससे श्रद्धालुओं, व्रतियों सूर्यकुंड, रूद्र कुंड, सूर्य मंदिर आदि प्रमुख स्थानों पर पहुंचते हैं उनमें काफी संख्या में भीड़ रहती है। उन सभी सड़कों को मरम्मती मेला प्रारंभ होने से पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया। मेला परिसर के चिन्हित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्राप गेट स्थलों को चिन्हित कर ड्रॉप गेट बनाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि कहां-कहां बैरिकेडिंग एवं ड्राप गेट बनाना है इसकी सूची प्राप्त कर ड्रॉप गेट निर्माण करना सुनिश्चित करेंगे। मेला के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी के लिए विधि व्यवस्था प्रबंधन समिति का गठन किया गया है जिसमें अपर समाहर्ता औरंगाबाद, अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद को सौंपा गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया मेला क्षेत्र में व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही तालाब परिसर के आसपास मांस, मछली की दुकान एवं अवैध गुमटी न लगाई जाए। स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए उसे अविलंब हटावाना सुनिश्चित किया जाए।

आकस्मिकता से निपटने हेतु एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम को प्रतिनियुक्त करने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग से मेला प्रारंभ होने से पूर्व ही अनुरोध करने निर्देश दिए। इसके अलावा दोनों सूर्यकुंड तालाब के पास पर्याप्त मात्रा में लाइफ जैकेट, गोताखोर, जाल आदि की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत देव मेला प्रारंभ होने से पूर्व जेसीबी एवं कूड़ा उठानी हेतु सफाई कर्मी एवं वाहन की व्यवस्था करेंगे। साथ ही टूटे नालियों एवं ढक्कन का मरम्मती एवं फॉगिंग का कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। डस्टबिन, अस्थाई शौचालय की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया पूर्व की भांति इस बार भी नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की जाएगी जिसमें एक दंडाधिकारी एवं एक पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। नियंत्रण कक्ष में आवश्यकता अनुसार वॉलिंटियर्स एवं एनसीसी के वॉलिंटियर्स की प्रतिनियुक्त करने निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, भूमि सुधार उपसमाहर्ता श्वेतांक लाल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद, पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता आलोक कुमार, मेराज जमील एवं श्वेता प्रियदर्शी, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी देव, अंचलाधिकारी देव, मंदिर न्याय समिति के सदस्य एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### नली-गली की सफाई हेतु स्वच्छता समिति का होगा गठन

छठ पर्व के अवसर पर देव शहरी क्षेत्र की नालियों, गलियों की सफाई हेतु स्वच्छता समिति का गठन किया गया है। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि मेला प्रारंभ होने के पूर्व से ही मेला क्षेत्र के नालियों, गलियों, सड़कों की सफाई कर ली जाएगी। खासकर सूर्यकुंड के पास वाले क्षेत्र में हर दो-दो घंटे पर सफाई करने की व्यवस्था की जाएगी।

#### बंद पड़े चापाकलों को करवाए मरम्मत

कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को निर्देश दिया गया कि मेला अवधि के दौरान पेयजल की व्यवस्था हेतु बंद पड़े चपकालों की मरम्मती करवाना सुनिश्चित करेंगे एवं मेले के दौरान 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति अथवा आवश्यकता अनुसार टैंकर का भी व्यवस्था करेंगे। कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल औरंगाबाद को निर्देश दिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी मेला अवधि के दौरान अर्ध्य के समय को छोड़कर पूरे दिन निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे।

#### मेले में स्वास्थ्य शिविर लगाए

सिविल सर्जन औरंगाबाद को निर्देश दिया गया कि सूर्य मंदिर के समीप एवं अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अप्रिय घटना से निपटने के लिए एंबुलेंस एवं स्ट्रेचर का भी पर्याप्त व्यवस्था करेंगे। छठ मेला अवधि में सभी दिशाओं से आने वाली वाहनों की पार्किंग के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साथ मिलकर एक नजरी नक्शा तैयार करेंगे की किस- किस मार्ग से श्रद्धालु मेला में आएंगे। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के पार्किंग जोन कहां रहेगी, नक्शे में यह स्पष्ट अंकित करेंगे।

---

# छठ पूजा पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



छठ पूजा को लेकर औरंगाबाद के रफीगंज में पांच दिवसीय मेला का आयोजन होगा। आयोजन रफीगंज शहर के डाक बंगला मैदान में आजाद वीर संघ की ओर से किया जाता है। आजाद वीर संघ के उपाध्यक्ष अंकु चंद्रवंशी ने कहा कि इस वर्ष लगभग 35-40 फीट चौड़ा और 50 से 60 फीट लंबा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लागत लगभग 3 लाख से अधिक होगी। सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। डेहरी ऑन सोन के मूर्ति कारीगर लालू कुमार ने भगवान सूर्य की प्रतिमा और छठी मईया की प्रतिमा बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। वहीं, पंडाल निर्माण करने के लिए बंगाल के कारीगर आते हैं। आजाद वीर संघ के अध्यक्ष मंटू कुमार ने कहा कि आजाद वीर सिंह की ओर से लगातार (1989) 35 वर्षों से छठ पूजा के अवसर पर पांच दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 नवंबर की शाम से शुरू होकर 11 नवंबर तक होगा। आजाद वीर संघ के सदस्यों ने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए लाइटिंग और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बल के साथ-साथ कमेटी के सदस्य तैनात हैं। पंडाल से करीब 2 किलोमीटर दूर चारों दिशाओं में लाइटिंग की व्यवस्था की जाती है। यह व्यवस्था दक्षिण दिशा की ओर धावा नदी तक उत्तर दिशा की ओर गर्ल हाईस्कूल मोड तक और पश्चिम दिशा की ओर फैसरा पुल तक है। मनोरंजन की दृष्टिकोण से मेला में तरह-तरह के झूला और चरखा लगाया जाता है। आकर्षक प्रतिमा को देखने के लिए काफी दूर-दराज से करीब 1 दिन में 2-3 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

---

# बिच्छूदंश से महिला की हालत गंभीर, गया रेफर

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के एकोनी गांव निवासी कइल पासवान की पत्नी मनीषा देवी को बिच्छू के डंक के कारण गंभीर चोट लग गई। घटना तब हुई जब मनीषा देवी जलावन लाने गई थीं। परिजनों ने बताया कि मनीषा देवी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह लाया गया, जहां के डॉक्टरों ने बेहतर इलाज को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। फिलहाल घायल महिला बेहोश हैं, जिसके कारण परिजनों की चिंता बढ़ गई है और वे मनीषा देवी के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। घटना के बाद से गांव में चिंता का माहौल है।

---

# महथान बिगहा में पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास 2.44 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



मदनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत चेई नवादा के तहत ग्राम महथान बिगहा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मेन रोड के किनारे स्थित आम गैरमजरूआ जमीन पर विद्वान ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के बीच पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया। इस भवन का निर्माण 2 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा, और इसे पूरा करने की समय सीमा एक वर्ष निर्धारित की गई है।

सरकार भवन का निर्माण कार्य देव कंट्रक्शन के ठेकेदार उमा शंकर सिंह की देखरेख में किया जाएगा। इस अवसर पर चेई नवादा के पैक्स अध्यक्ष नागवंश सिंह, उप मुखिया उमेश सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी, और बाबूगड्डी गांव के निवासी मनोज सिंह, शुभम कुमार, राहुल कुमार, अभय सिंह, गोल्डेन कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

यह पंचायत सरकार भवन क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और इससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने में मदद मिलेगी। शिलान्यास समारोह के दौरान उपस्थित सभी व्यक्तियों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक शुभ संकेत माना।

---

# मध निषेध और उत्पाद विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित



निज संवाददाता | ओबरा(औरंगाबाद)

ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुर्खी इंटर स्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे के आसपास मध निषेध और उत्पाद विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के मध निषेध और निबंध मंत्री रत्नेश सादा रहे। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त अभेन्द्र मोहन सिंह, उत्पाद अधीक्षक औरंगाबाद अनिल कुमार आजाद, कुटुंबा के पूर्व विधायक ललन भुईयां, डीपीएम पवन गुप्ता शिक्षा विभाग के डीपीओ दयाशंकर सिंह सहित अन्य लोग मंच पर उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जीविका दीदी ने मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री को स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन औरंगाबाद अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने की। इस मौके पर जीविका के बीपीएम द्वारा बिहार सरकार के मंत्री को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टोला सेवक, विकास मित्र और जीविका दीदी बड़ी संख्या में जागरूकता कार्यक्रम में शामिल रहे। पटना से चल कर आए कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से शराब मुक्ति पर कला जत्था के टीम के माध्यम से उपस्थित लोगों को कलाकारों ने मंत्र मुग्ध किया।

---

पांच साल से डकैती कांड में फरार था अभियुक्त

# एक की हुई गिरफ्तारी, मोटरसाइकिल बरामद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद के सदर थाना क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटना घटी है, जहां पुलिस ने पांच साल पहले हुई बाइक लूट की घटना में शामिल एक को गिरफ्तार किया। ये गिरफ्तारी उस स्थान पर हुई, जहां पांच साल पहले यह अपनी पहली वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई एक बाइक भी बरामद की है, जो उस समय की लूट का मुख्य निशान है।

इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ)-1 संजय पांडेय ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह लूट का मामला 2019 का है। उस समय बाइक रॉबर्स के एक गिरोह ने मिलकर औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर मंजुराही गांव के पास एक बाइकर को पीटकर उसकी काले रंग की पल्सर बाइक (बीआर-24 जेड 8363) और लेनोवो मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्राथमिकी दर्ज की और गिरोह के पीछे जांच में जुट गई। हालांकि, लुटेरों ने लगातार अपने ठिकाने बदलने की वजह से पुलिस के लिए उन्हें पकड़ना मुश्किल कर दिया। लेकिन हाल ही में मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन्हें उसी स्थान के पास धर दबोचा, जहां से उन्होंने पहले लूट की थी। गिरफ्तार किए गए रॉबर्स में से एक का नाम मोनू सोनकर है, जो रोहतास जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र के खटीक मुहल्ले का निवासी है। इनके निशानदेही पर पुलिस ने कैमूर जिले के कुचिला थाना क्षेत्र से उसी बाइक को बरामद किया, जिसे लुटेरों ने पांच साल पहले लूटा था।

पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो इन लूटेरों की गिरफ्तारी और अन्य फरार अभियुक्तों को पकड़ने के लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि टीम की कार्रवाई जारी है और जल्द ही बाकी लुटेरों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस मामले में पुलिस अब गिरफ्तार अभियुक्त की आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और अन्य थानों से संपर्क कर रही है ताकि उनकी पूरी सच्चाई सामने आ सके।

इस घटना ने साबित किया है कि पुलिस की मेहनत और तकनीकी विश्लेषण से अपराधियों को पकड़ना संभव है, चाहे वह कितने ही समय बाद क्यों न हो।

---

# मुख्यमंत्री ने पटना में भूमिगत सब-वे का किया निरीक्षण

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री राजधानी पटना में बन रहे भूमिगत सब-वे का निरीक्षण करने शुक्रवार को अचानक से पटना जक्शन के पास पहुंच गए। करीब 69 करोड़ की लागत से बन रहे सब-वे का काम वर्ष 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। पटना स्टेशन के पास बनने वाले यह सब-वे दो खंडों में होगा। रेलवे स्टेशन से मल्टी लेवल पार्किंग तक 340 मीटर का हिस्सा भूमिगत यानी अंडरग्राउंड होगा। यह जमीन से करीब साढ़े पांच मीटर नीचे होगा। जबकि सबवे का दूसरा हिस्सा 100 मीटर का होगा। जो मल्टीलेवल पार्किंग से जीपीओ के पास तक जाएगा। यह हिस्सा जमीन से ऊपर या समतल होगा। सब-वे में दो लेन होंगे जिसमें एक पैदल चलने के लिए होगा जबकि दूसरे में ट्रैवलेटर मशीन लगी होगी। जिसमें एस्कलेटर के साथ ट्रैवलेटर दोनों की सुविधा होगी। इसकी सहायता से यात्री एक जगह खड़े होकर सब-वे का सफर पूरा कर सकेंगे।